

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,बुधवार 6 मई 2026 ■ ज्येष्ट कृष्ण पक्ष-5 ■ वर्ष -42 ■ अंक-038 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 7 मई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## फर्जी जाति प्रमाणपत्र से नौकरी करने वाले पेंशन, ग्रेच्युटी के हकदार नहीं

**बिलासपुर,6 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

फर्जी जाति प्रमाण पत्र के सहारे नौकरी करने वाले रिटायर्ड डिप्टी डायरेक्टर ने पेंशन,ग्रेज्युटी व सेवानिवृति लाभ के लिए हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने राज्य सरकार के फैसले को सही ठहराते हुए याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने साफ कहा है, झूठ और फर्जीवाड़ा के आधार पर फर्जी जाति प्रमाण पत्र सहारे नौकरी करने वालों की जाति प्रमाण फर्जी पाए जाते हैं तो संबंधित कर्मचारी पेंशन सहित अन्य लाभ का हकदार नहीं होगा। छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है, पेंशन संपत्ति का अधिकार है, लेकिन खैरात नहीं है। यह अधिकार केवल उन्हीं पर लागू होता है जिनकी नियुक्ति वैध हो।

रायपुर के कृष्णापुरी, अमलीडीह निवासी पीएल. नायक की नियुक्ति सहायक संचालक के पद पर बंजारा जाति के आधार पर अनुसूचित जाति कोटे से हुई थी। 30 जून 2021 को जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से डिप्टी डायरेक्टर के पद से रिटायर हुए। विभाग ने उनकी पेंशन, ग्रेच्युटी, जीपीएफ और अन्य लाभ रोक दिया है। जिला स्तरीय जाति सत्यापन समिति और बाद में हाई पावर कॉस्ट स्क्रूटनी कमेटी ने नायक के जाति प्रमाण पत्र की जांच की। विजिलेंस सेल की रिपोर्ट और राजस्व रिकॉड्‌र्स के आधार पर कमेटी ने 23 दिसंबर 2022 को पाया, छत्तीसगढ़ में बंजारा जाति अनुसूचित जाति की श्रेणी में नहीं आती, बल्कि इसे अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में अधिसूचित किया गया है। कमेटी ने नायक का जाति प्रमाण पत्र रद्द कर दिया। उच्च स्तरीय जाति छानबीन समिति के फैसले को चुनौती देते हुए नायक ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता ने कोर्ट



को बताया, उसने ना तो धोखाधड़ी की है और ना ही किसी तथ्य को छिपाया है। लंबे समय तक सेवा दी है, इसलिए सेवानिवृत्ति के बाद उनकी पेंशन व अन्य लाभों को रोकना गलत है। राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए महाधिवक्ता कार्यालय के विधि अधिकारी ने कहा, चूंकि नियुक्ति का आधार ही गलत था, इसलिए वे किसी भी लाभ के पात्र नहीं हैं। हाई कोर्ट ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद अपने फैसले में कहा है, जाति प्रमाण पत्र की वैधता की जांच किसी भी समय की जा सकती है, भले ही कर्मचारी रिटायर हो गया हो। याचिकाकर्ता ने जितने समय तक काम किया, उस अवधि के दौरान प्राप्त वेतन की वसूली नहीं की जाएगी। चूंकि नियुक्ति का आधार अवैध था, इसलिए भविष्य में कोई भी पेंशन संबंधी लाभ नहीं दिया जा सकता।

राज्य सरकार ने विधानसभा में जानकारी दी थी, छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण से अब तक, जांच समिति के समक्ष जाति प्रमाण पत्र फर्जी होने के 758 प्रकरण आए हैं। जांच के बाद 26 के प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए हैं। मंत्रालय, संचालनालय, खेल विभाग, स्वास्थ्य और राजस्व विभाग जैसे प्रमुख विभागों का डेटा भी पेश किया जा चुक है। छत्तीसगढ़ के सामान्य प्रशासन विभाग ने उन 267 अधिकारियों और कर्मचारियों की आधिकारिक सूची जारी की है, जिनकी जाति, छानबीन जांच समिति द्वारा अमान्य कर दी गई थी।

## डीपीआई को 28 दिनों में आदेश का पालन करने हाईकोर्ट का निर्देश

**बिलासपुर,6 मई।** शिक्षिका द्वारा दायर अवमानना याचिका पर जस्टिस एके प्रसाद के सिंगल बेंच में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट संचालक लोक शिक्षण संचालनालय डीपीआई को याचिकाकर्ता शिक्षिका की याचिका पर सुनवाई के बाद पूर्व में दिए गए आदेश का चार सप्ताह के भीतर परिपालन करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने डीपीआई को यह भी हिदायत दी है, तय समयावधि में आदेश का परिपालन ना किए जाने पर, उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी।शिक्षक एलबी नंदिनी घृतलहरे छत्तीसगढ़ रायपुर जिले के आरंग ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला छतौना में पदस्थ हैं। उनकी पहली नियुक्ति 12 जुलाई 2008 को जनपद पंचायत गुरूर, जिला बालोद में हुई थी। वर्ष 2011 में उनके खिलाफ एक शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई, जिसके चलते 5 फरवरी 2013 को उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। वर्ष 2022 में ट्रायल कोर्ट ने उन्हें आपराधिक प्रकरण से दोषमुक्त कर दिया। दोषमुक्त होने के बाद नंदिनी घृतलहरे ने स्कूल शिक्षा विभाग को आवेदन देकर सेवा में बहाली की मांग की। विभाग ने उन्हें बहाल करते हुए प्राथमिक शाला छतौना में पदस्थ कर दिया और यह भी आदेश दिया, बर्खास्तगी से लेकर पुनः कार्यभार ग्रहण करने तक की अवधि को सेवा अवधि माना जाएगा। शिक्षा विभाग ने उनकी सेवा का संविलियन 25 नवंबर 2024 से किया। बर्खास्तगी अवधि को संविलियन गणना में शामिल नहीं किया।स्कूल शिक्षा विभाग के इस निर्णय को चुनोती देते हुए शिक्षिका नंदनी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दायर की। याचिकाकर्ता ने 1 जुलाई 2018 से शिक्षा विभाग में संविलियन की मांग करते हुए, इस संबंध में शिक्षा विभाग को आदेश देने की मांग हाई कोर्ट से की। याचिका की सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने स्कूल शिक्षा विभाग को याचिकाकर्ता के प्रकरण में निर्णय लेने और दो महीने के बाद इस संबंध में आदेश पारित करने का निर्देश दिया था।

## ममता बनर्जी की हार से बांग्लादेश खुश

**ढाका,6 मई।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने इतिहास रचते हुए ऐतिहासिक जीत हासिल की है। कुल 294 सीटों में से बीजेपी ने 207 सीट पर जीत हासिल की है। आजादी के 75 साल बाद बंगाल में पहली बार बीजेपी सत्ता में आई है। इस जीत से सिर्फ बीजेपी और उसके चाहने वाले ही नहीं बल्कि बंगाल में भाजपा की जीत पर भारत का पड़ोसी देश बांग्लादेश भी गदगद है। बंगाल में ममता बनर्जी की हार से खुश बांग्लादेश ने कहा कि भाजपा की जीत से भारत के साथ हमारे रिश्ते और अधिक मजूबत होंगे। बांग्लादेश की सत्तारूढ़ पार्टी बीएनपी पार्टी नेता जीजुल बारी हेलाल ने बंगाल चुनाव नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए टीएमसी की हार और बीजेपी की ऐतिहासिक जीत का स्वागत किया। हेलाल ने उम्मीद जताई कि सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में बीजेपी सरकार से भारत-बांग्लादेश संबंध मजबूत होंगे। खासकर तीस्ता जल समझौते का रास्ता साफ होगा। उन्होंने शांति और संबंधों की मजबूती पर जोर दिया। बीएनपी के सूचना सचिव अजीजुल बारी हेलाल ने ममता बनर्जी सरकार पर तीस्ता जल बंटवारे समझौते में देरी करने का आरोप लगाया और कहा कि वह इसमें सबसे बड़ी रुकावट थी। उन्होंने दावा किया कि यह समझौता बांग्लादेश सरकार और मोदी सरकार दोनों ही चाहते थे। हेलाल ने बांग्लादेश में सत्ता बदलने पर उम्मीद जताई कि भारत और बांग्लादेश के रिश्ते और अधिक बेहतर होंगे।

### ममता बनर्जी का व्यवहार "एक छोटी बच्ची जैसा: तथागत रॉय

**अगरतला,6 मई।** त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल तथागत रॉय ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के चुनाव हारने के बाद इस्तीफा न देने की जिद पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने ममता के व्यवहार को "एक छोटी बच्ची जैसा" और उनकी मानसिक स्थिति को अस्थिर बताते हुए कहा कि उन्हें नियमों के अनुसार पद छोड़ना ही पड़ेगा। पूर्व राज्यपाल तथागत रॉय ने कहा, 'मुझे लगता है कि ममता बनर्जी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है. ममता बनर्जी चुनाव हार चुकी हैं, और उन्हें पद छोड़ना ही पड़ेगा.' त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल तथागत रॉय ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के अड़ियल रवैये को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने बंगाल में भाजपा के लंबे संघर्ष को याद किया और कहा कि उम्मीद जताई की नई सरकार राज्य को ऊपर लेकर जाएगी. पूर्व राज्यपाल तथागत रॉय ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में हिंसा-मुक्त चुनाव, भारतीय निर्वाचन आयोग पर टीएमसी के आरोप और हार के बाद ममता बनर्जी के बयानों समेत कई विषयों पर अपने जवाब दिए.

### 16 साल की प्रेमिका और 20 साल के प्रेमी ने ट्रेन के सामने कूदकर दी जान

बालोद,6 मई। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में दिल दहला देने वाली घटना घटी. कभी जिंदगीभर साथ निभाने का सपना देखने वाले प्रेमी जोड़े ने अचानक खौफनाक कदम उठा लिया. चोरहापड़ाव रेल्वे स्टेशन के पास ट्रेन के सामने एकसाथ कूदकर प्रेमी और प्रेमिका ने आत्महत्या कर ली. दोनों के शव बुधवार सुबह रेलवे ट्रेक पर क्षत-विक्षत हालत में बरामद हुए हैं. जानकारी के मुताबिक, चोरहापड़ाव रेलवे स्टेशन के पास ट्रेक पर आज सुबह दो शव मिले हैं. घटना से लोगों में सनसनी फैल गई है.

## सीएम साय ने पेयजल समस्या की खबरों पर लिया संज्ञान

**कलेक्टर को फोन कर दिए समाधान के निर्देश**

**रायपुर,6 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरगुजा जिले के मैनपाट क्षेत्र की चेराजोबला बस्ती में पेयजल समस्या से संबंधित समाचार पर त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं. मुख्यमंत्री ने आज सुबह नाला और ढोढ़ी के दूषित जल की मीडिया रिपोर्ट्स को गंभीरता से लिया और सरगुजा कलेक्टर अजीत वसंत को फोन कर प्रभावित बस्ती में शीघ्र पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा. मुख्यमंत्री साय ने कहा कि दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चेराजोबला बस्ती में पेयजल संकट की स्थिति का तत्काल स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार हैंडपंप खनन, वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था और दीर्घकालिक समाधान



की दिशा में प्राथमिकता के साथ कार्रवाई की जाए. मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है. मुख्यमंत्री साय ने यह भी कहा कि विशेष पिछड़ी जनजातियों के निवास वाले क्षेत्रों में पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं की नियमित समीक्षा की जाए. उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका वास्तविक लाभ जमीन पर सुनिश्चित करना है.

## बुलडोजर से टीएमसी का ऑफिस तोड़ा, आसनसोल में दफ्तर फूंका

**दो की मौत, चुनाव आयोग ने कार्रवाई के दिए निर्देश**

**कोलकाता,6 मई।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव नतीजों को बाद बंगाल में हिंसा की आग भड़क उठी है। चुनाव नतीजों के बाद पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता समेत कई जगहों पर हिंसा हो रही है। लोगों ने कोलकाता में टीएमसी दफ्तर को बुलडोजर से तोड़ दिया। लोगों का आरोप है कि टीएमकी का ऑफिस अवैध कब्जा कर बनाया गया है। वहीं आसनसोल में टीएमसी का दफ्तर फूंक दिया। हिंसा में 2 लोगों की मौत हो गई है। कई जगह बीजेपी और टीएमसी कार्यकर्ता एक दूसरे पर हमले कर रहे हैं। इससे स्थिति बिगड़ गई है। बंगाल हिंसा पर चुनाव आयोग ने नाराजगी जताई है। चुनाव आयोग ने अधिकारियों को दंगाईयों के खिलाफ कार्रवाई करने का सख्त आदेश दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने अपने निर्देश में कहा कि पश्चिम बंगाल में हिंसा भड़काने और तोड़फोड़ करने वालों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। साथ ही उन्होंने प्रभावित इलाकों में गश्त लगाए जाने का निर्देश दिया है। आसनसोल उत्तर विधानसभा क्षेत्र के कोर्ट मोड़ पर तृणमूल कांग्रेस पार्टी के एक दफ्तर में देर रात आग लगाई जाने के बाद इलाके में तनाव जारी है। यह दफ्तर तृणमूल कांग्रेस की वार्ड नंबर 53 की पार्षद मौसमी बोस का था। आग तेज़ी से फैली कि दफ्तर जलकर राख हो गया और पास की एक दुकान को भी नुकसान पहुंचा है। मंगलवार रात कोलकाता में बुलडोजरों के साथ आए लोगों ने ऐतिहासिक हॉग मार्केट इलाके के पास तृणमूल कांग्रेस के दफ़्तर को ढहा दिया। इस घटना से दुकानदारों में दहशत फैल गई और उन्हें अपनी दुकानें अचानक बंद करनी पड़ीं। टीएमसी का न्यू मार्केट में यूनियन दफ़्तर लोगों का मुख्य निशाना था और उसे पूरी तरह से ढहा दिया। न्यू मार्केट इलाके में हिंसा और बुलडोजर एक्शन को लेकर टीएमसी सांसद महुआ मोइत्र ने सोशल मीडिया पर गुस्सा जाहिर किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, "कोलकाता का ऐतिहासिक न्यू मार्केट। बंगाली परिवर्तन का आनंद ले रहे हैं। टीएमसी के सीनियर लीडर डेरेक ओ'ब्रायन ने आरोप लगाया कि यह तोड़फोड़ सरकारी निगरानी में की गई। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मध्य कोलकाता में न्यू मार्केट के पास पुलिस की अनुमति से जीत के जश्न के हिस्से के तौर पर मीट की दुकानों को गिराने के लिए एक बुलडोजर लाया गया। सीएपीएफ के जवान आस-पास खड़े थे। उन्होंने आगे कहा, "यही है बीजेपी. दुनिया इन तस्वीरों को देखे।



रायपुर। कोटा से गुढ़ियारी जाने वाले मार्ग स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम में यह सांड पैसा निकालने नहीं गया है। बारिश बचने वह अंदर प्रवेश कर गया। इससे पैसा निकालने वाले लोग डर से बाहर ही खड़े रहे।

## पाइप गोदाम में लगी आग

**बलौदाबाजार,6 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मंडी रोड स्थित पाइप गोदाम में भी आज भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची है और स्थानीय लोगों के साथ आग बुझाने में



जुट गई है। यह घटना भाटापारा शहर थाना क्षेत्र की है। दरअसल, भाटापारा शहर थाना क्षेत्र में मंडी रोड पर अनिल साहू का पाइप का गोदाम है, जहां प्लास्टिक पाइप सहित बोरवेल का सामान रखा था। बुधवार को अचानक उस गोदाम में आग लग गई, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। पूरे इलाके में काला धुआं छा गया है। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आग बुझाने का काम किया जा रहा है। आग किस वजह से लगी है अभी इसका खुलासा नहीं हुआ है। फिलहाल आग पर काबू पाया जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

### चलती कार में लगी आग

**जगदलपुर,6 मई।** दंतेवाड़ा में एक चलती कार में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना गायत्री मंदिर के सामने की बताई जा रही है, जहां देखते ही देखते कार धू-धू कर जलने लगी। कार में आग लगते ही चालक ने सूझ-बूझ दिखाते हुए तुरंत गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचा ली। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

**व्यवस्थित प्रशिक्षण की शुरुआत करके तैयार किए जा सकते हैं जुझारू खिलाड़ी**

## खेल अकादमी है पदकवीर खिलाड़ियों का जन्म स्थान

जसवंत क्लॉडियस, वरिष्ठ स्वतंत्र खेल पत्रकार, टी वी कमेंटेटर. रायपुर.

खेलने के उत्सुक बच्चों किशोरों, युवाओं को अगर सही दिशा नहीं मिली तो फिर एक प्रतिष्ठित खिलाड़ी बनने से पहले ही वे गुमनामी में खो जाते हैं। जीवन के किसी भी क्षेत्र में विशेषज्ञ बनने के लिए सही मार्गदर्शन की जरूरत होती है। अगर आप चिकित्सक बनना चाहते हैं तो आपको किसी चिकित्सा महाविद्यालय में अध्ययन करना होगा। इसी तरह पत्रकार, शिक्षक, वकील आदि बनना चाहते हैं तो संबंधित विषय के विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त करनी होगी। ठीक इसी तरह खिलाड़ी बनने के लिए खेल अकादमी में रहकर उस खेल से जुड़ी समस्त नियम,तकनीकी, शब्दावली से वाकिफ होना पड़ता है।

छत्तीसगढ के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा हाल ही में राज्य में स्थापित विभिन्न खेल अकादमी के लिए हमारे प्रदेश के साथ ही पूरे देश से आये विभिन्न राज्यों के उदयीमान प्रतिभागियों को चयनित किया गया। भले ही हमारे प्रदेश में खेल अकादमी का गठन छत्तीसगढ़ राज्य के 1 नवंबर 2000 को निर्माण के बाद विलंब से हुआ लेकिन फिर भी व्यक्तिगत रूप से कई अनुभवी खिलाड़ियों ने कम खर्च, कम सुविधा में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण देकर अपने अपने खेलों में उभरते खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया।उनमें छत्तीसगढ़ में बास्केटबाल के महान खिलाड़ी और कोच स्व. राजेश पटेल का नाम सबसे प्रथम है। उनकी अगुवाई में नवनिर्मित छत्तीसगढ़ राज्य के बास्केटबाल खिलाड़ियों ने अलग अलग आयु वर्ग में 60 से अधिक स्वर्ण, रजत , कांस्य पदक राष्ट्रीय स्पर्धाओं में प्राप्त किया। इसके अलावा फुटबाल के लिए इस प्रदेश के सबसे समर्पित प्रशिक्षक मुश्ताक अली प्रधान ने अपने पारिवारिक जीवन को सपरे स्कूल रायपुर परिसर के एक कमरे में समेटते हुते आज करीब 40 से अधिक वर्षों से बच्चों को प्रशिक्षित कर रहे हैं। इसके अलावा बैडमिंटन में संजय मिश्रा, श्रीमति कविता आसना ,टेबल टेनिस में विनय बैसवाड़े हाकी में मृणाल चौबे, टेनिस में सेंटियागो, भाइयों,क्रिकेट में राजेश चौहान, भारोत्तोलन में रायपुर के सारंग परिवार, राजनांदगांव के स्वर्गीय पुरुषोत्तम आजमानी, अजय लोहार, शक्तित्तोलन में कृष्णा साहू, निशानेबाजी में सांसद नवीन जिंदल, हैंडबाल में बशीर खान, एथलेटिक्स में रफीक खान , वॉलीबॉल में अकरम खान जैसी महान विभूतियों ने इस प्रदेश में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर तैयार करने में कोई कमी नहीं की। व्यक्तिगत रूप से विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण देने वालों का नाम भले ही जानकारी के अभाव में पूरा ना हो परंतु इस प्रदेश की माटी में न तो खेलने वालों, न ही खेल सीखाने वालों की कोई कमी रही। कुछ कमी रही तो अकादमी के लिए व्यवस्थित अधोसंरचना और सुविधा की। इस कमी को अब छत्तीसगढ़ के वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में, खेल मंत्री अरुण साव के नेतृत्व , खेल सचिव यशवंत कुमार के लगन और संचालक श्रीमती तनुजा सलाम के सूझबूझ से पूरा करने का प्रयास जारी है। इस दिशा में पिछले दिनों हमारे राज्य में संचालित तीरंदाजी, भरोत्तोलन, फुटबाल, हाकी, एथलेटिक्स की अकादमी के लिए खिलाड़ी चुने जा रहे हैं। इसमें चयनितों को शैक्षणिक व्यय, आवास, खेल सामग्री, भोजन आदि निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। खेल अकादमी की स्थापना करना कोई साधारण बात नहीं है। उसमें संबंधित खेल के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानक के अनुसार मैदान,एरीना, कोर्ट, रिंग, मैट होना चाहिए। इसमें अभ्यास और मैच रात दिन खेले जा सके ऐसी सुविधा हो, अत्याधुनिक प्रशिक्षण उपकरण, आधुनिक जिम, आइस बाथ, स्टीम बाथ,फिजियोथेरेपी, चेंजिंग रूम लड़के एवं लड़कियों का अलग अलग तथा एक तरणताल होना चाहिए। साथ ही साथ उसी परिसर में आहार विशेषज्ञ, चिकित्सा कक्ष, लाकर रूम और आधुनिक, स्नानगृह आदि जरूरी है। इसके अलावा एक वीडियो, विश्लेषण कक्ष आवश्यक है। टीम तैयार करने के लिए प्रमाणित कोच, चिकित्सा सुविधा, दवाइयां, मनोवैज्ञानिक याने मेंटल कोच होना चाहिए। अकादमी में एक खेल लाइब्रेरी जरूरी है। अकादमी के सभी खिलाड़ी इलेक्ट्रानिक मीडिया के द्वारा खेल की तकनीक को जान सके। प्रिंट मीडिया में ऐसे साहित्य हो जिसमें पूर्व विश्व विजेता खिलाड़ियों के सफलता की जानकारी हो। अकादमी परिसर में प्रतिबंधित दवा के परिणाम व दुष्परिणाम की जानकारी देने वाले वीडियो और साहित्य अत्यंत आवश्यक है . डाइनिंग हाल में मिनी थियटर भी होना चाहिए जिसके द्वारा खिलाड़ी अपना मनोरंजन कर सके। लड़के व लड़कियों का परिसर पूरी तरह अलग अलग होना चाहिये। खिलाड़ियों का आवास कक्ष साफ सुथरा, बिस्तर आरामदायक और हवादार तथा मच्छर विहिन होना चाहिए। अतः स्पष्ट है कि अकादमी में खिलाड़ी भर्ती कर लेना बड़ी बात नहीं परंतु उसमें से विश्व मंच पर भारत का तिरंगा लहराने वाले खिलाड़ी पैदा करना एक चुनौती है।

## खुलेआम सांसद की फटकार से नाराज निरीक्षक चला गया माइक छोड़कर

**कांकेर,6 मई।** सांसद भोजराज नाग का गुस्सा एक बार फिर चर्चा में है. गुस्से का शिकार बने मत्स्य विभाग के निरीक्षक ने किसानों के सामने जलील किए जाने पर बिना कोई जवाब दिए माइक छोड़कर निकल लिए, लेकिन इससे सांसद का पारा और चढ़ गया. अब जनप्रतिनिधि और सरकारी कर्मचारी के बीच का तकरार आगे चलकर क्या रुख लेता है, इस पर लोगों की निगाहें टिकी हुई है.दरअसल, कांकेर जिले के ग्राम दसपुर में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम के दौरान सांसद भोजराज नाग किसानों से बातचीत कर रहे थे, और उन्होंने सरकारी योजनाओं के लाभ को लेकर जानकारी ली. इस दौरान उन्होंने मत्स्य विभाग के निरीक्षक से पूछा कि क्या किसानों को विभागीय योजनाओं का लाभ मिल रहा है. निरीक्षक इस सवाल का स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए, जिस पर सांसद नाराज़ हो गए. सांसद ने मंच से ही माइक के माध्यम से निरीक्षक को फटकार लगाते हुए कहा कि "किसानों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है.

# चुनाव में जीत मतलब जनता का विश्वास पीएम मोदी के साथ:भाजपा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,6 मई।** असम, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में आए चुनाव परिणाम ने देश की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत का संकेत दिया है। इन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की उल्लेखनीय सफलता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देश की जनता का विश्वास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर सुदृढ़ होता जा रहा है। उपरोक्त बाते बोड़ला जनपद



अध्यक्ष श्रीमती बालका रामकिंकर वर्मा , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी , पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी , पांडातराई नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता सोनी ,भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र धृतलहरे , बोड़ला जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास जिला पंचायत सदस्य राजेश्वरी धृतलहरे ने कहा कि उनकी दूरदर्शी नीतियां, निर्णायक नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रहित में लिए गए साहसिक निर्णयों ने उन्हें देश के हर वर्ग के बीच लोकप्रिय बनाया है। इस ऐतिहासिक विजय का श्रेय केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अद्वितीय संगठन क्षमता, सटीक रणनीति और बूथ स्तर तक मजबूत पकड़ को भी जाता है। उनके कुशल मार्गदर्शन में पार्टी ने जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत की और हर वर्ग तक अपनी पहुंच बनाई वहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में संगठन ने नई ऊर्जा और दिशा प्राप्त की है, जिसका प्रतिफल इन चुनावी परिणामों में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। कार्यकर्ताओं के प्रयासों ने भी इस विजय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। निरंतर परिश्रम और समर्पण ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया । भय और भ्रष्टाचार का अंत जनता ने किया है । नए युग की शुरुवात जीत ने की है पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी ने कही ।

## जनगणना-2027 के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**जगदलपुर, 6 मई ।** जनगणना निदेशालय छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्री आकाश छिकारा के द्वारा जिले में जनगणना कार्यों की सघन निगरानी और इस दौरान उत्पन्न होने वाली शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला स्तर से लेकर जमीनी स्तर तक विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। उक्त कंट्रोल रूम हेतु पृथक-पृथक प्रभारी अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं।

## समाचार संक्षेप



### पश्चिम बंगाल में विजय के बाद प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा का सेलूद में शानदार स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,6 मई।** पश्चिम बंगाल की पावन धरा में चार माह रहकर जन-जन तक संगठन एवं सरकार के संदेश को पहुंचाकर तृणमूल कांग्रेस के आतंक और भय को ध्वस्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा का पश्चिम बंगाल चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद प्रथम पाटन आगमन पर उनका फटका, फूलमाला से भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया । भाजपा के सभी ऊर्जावान पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सेलूद बजरंग चौक सेलुद में भव्य स्वागत किया गया द्य प्रदेश मंत्री के स्वागत में प्रमुख रूप से खेमलाल साहू पूर्व मण्डल अध्यक्ष, दिव्या कलिहारी, खेमिन साहू पूर्व सरपंच, सोनू राजपूत, दिलीप साहू, छत्रपाल सिंह राजपूत, भोजराम यादव, रमेश देवांगन, रामाधार यादव, दयालु राम यादव, चित्रसेन कलिहारी, टीकाराम देवांगन, मुक्तू राम साहू, राजू देवांगन, भुनेश्वर साहू सरपंच पतोरा, हरप्रसाद आडिल, केशव बन्छोर, महेश्वर बन्छोर, सोनसाय देवांगन, राजू लाल साहू के साथ साथ आसपास के ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

### डिजिटल परिवर्तन के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई,6 मई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के भिलाई मैनेजमेंट डेवलपमेंट सेंटर (बीएमडीसी) में समर्थ - सेल में उभरती प्रौद्योगिकियों एवं डिजिटल परिवर्तन के प्रति जागरूकता कार्यक्रम कार्यशाला का आयोजन दिनांक 05 मई 2026 को किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों में डिजिटल क्षमताओं का विकास करना तथा उभरती प्रौद्योगिकियों के प्रति उनकी समझ को सुदृढ़ करना हैकार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में महाप्रबंधक (मानव संसाधन-ज्ञानार्जन एवं विकास) श्री सौरभ वार्ष्णेय ने स्वागत संबोधन देते हुए संगठनात्मक दक्षता में डिजिटल परिवर्तन की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को पाठ्यक्रम मॉड्यूल के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने तथा व्यावहारिक डिजिटल जागरूकता विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला के दौरान सहायक महाप्रबंधक (आरएसएम) श्री आर. के. पटेल एवं वरिष्ठ प्रबंधक (बीआरएम) श्री शिव कुमार संकाय सदस्य के रूप में प्रतिभागियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। उनके स्पष्ट एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण से प्रतिभागियों को विषयवस्तु को बेहतर ढंग से समझने तथा अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त करने में सहायता मिल रही है, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ पाठ्यक्रम पूर्ण कर सकें।इस कार्यशाला में कुल 26 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। यह कार्यक्रम 31 मई 2026 तक मॉड्यूल की समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। प्रतिभागी इस मंच का उपयोग अपनी शंकाओं के समाधान, पाठ्यक्रम की गहन समझ तथा अधिगम को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने के लिए करेंगे।उद्घाटन सत्र का संचालन सुश्री पारुल वर्मा द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम का समन्वय श्री विकास सरीन द्वारा किया गया।यह पहल सेल द्वारा अपने कार्यबल में डिजिटल दक्षताओं को सुदृढ़ करने तथा सतत अधिगम की संस्कृति को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### निगम भिलाई के जोन-1 जुनवानी में आयोजित सुशासन दिवस में वैशाली नगर विधायक ने की शिरकत

**भिलाईनगर।** सुशासन तिहार के अवसर पर नगर पालिक निगम भिलाई के अंतर्गत जोन-1 जुनवानी में एक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर कार्यक्रम में वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक रिकेश सेन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। शिविर समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता लाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सुशासन का अर्थ है शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरलता से पहुँचना। विधायक ने क्षेत्र के विकास कार्यों और जनसमस्याओं के संबंध में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को कहा। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, निगम के अधिकारी और भारी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। विधायक ने उपस्थित नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी माँगें सुनीं और क्षेत्र की बेहतरी के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

### सही दवा-शुद्ध आहार अभियान प्रदेश में जारी

**दुर्ग, 6 मई ।** राज्य शासन द्वारा 11 मई 2026 तक सही दवा-शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम के अंतर्गत 15 दिवसीय सघन जांच अभियान संचालित किये जाने हेतु प्रत्येक जिले में कार्यरत खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है।औषधि शाखा द्वारा जांच अभियान के तृतीय चरण में स्वापक एवं मनः प्रभावी औषधियों की जांच के तहत् नव्वा दिवस आज 05 मई 2026 को जिले में स्थित फटकर औषधि विक्रेताओं को चिन्हाकित कर ऋय-विक्रय संबंधित दस्तावेजों की जांच करना शामिल है इसके तहत् जिले में संचालित कुल 06 फुटकर औषधि विक्रेता मेसर्स जलाराम मेडिकोज, शंकर नगर, दुर्ग, मेसर्स जलाराम मेडिकल, मोतिपारा, दुर्ग, मेसर्स अमित मेडिकल, रेल्वे स्टेशन रोड, मेसर्स श्री राम मेडिकल उतई, मेसर्स महिमा मेडिकल, उतई, मेसर्स मेडप्लस फार्मेसी, सुपेला, भिलाई का जांच/निरीक्षण किया गया एवं ऋय-विक्रय दस्तावेजों का परीक्षण कर मिलान किया गया तथा स्वापक एवं मनःप्रभावी औषधियों का सुक्षमता से निरीक्षण किया गया। उपरोक्त फर्मों में से 03 फर्मों में अनियमितता पाए जाने के कारण, कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए अग्रिम कार्यवाही की जाएगी एवं समस्त फर्मों को औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियम 1945 का कड़ाई से पालन करते हुए फर्म संचालन के निर्देश दिये गए एवं भविष्य में भी इस तरह की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### खेतों में फसल अवशेष जलाने पर रोक लगाने कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

**दुर्ग, 6 मई ।** जिला प्रशासन और कृषि विभाग ने खेतों में फसल अवशेष (पैरा/भूसा) जलाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में जारी इस आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के नियमों का उल्लंघन करने वाले किसानों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कृषि अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि फसल अवशेष जलाने से न केवल वायु प्रदूषण फैलता है, बल्कि मिट्टी की ऊपरी 15 सेमी परत में मौजूद लाभदायक सूक्ष्मजीवी भी नष्ट हो जाते हैं।जिससे भूमि की उपजाऊ क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। आंकड़ों के अनुसार, 1 टन धान के अवशेष जलाने से लगभग 5.5 किलो नाइट्रोजन, 2.3 किलो फास्फोरस और 25 किलो पोटेशियम जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व जलकर नष्ट हो जाते हैं।

## एक नजर

### अवैध रुप से शराब बिक्री,एक गिरफ्तार



**भिलाई, 6 मई (तछसं.)।** भिलाई सुपेला थाने पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे एक आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है आरोपी के कब्जे से विभिन्न ब्रांड की कुल 8.150 बल्क लीटर शराब बरामद की गईए जिसकी कीमत लगभग 2690 रुपये बताई जा रही है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि सुपेला स्थित आकाश गंगा मार्केटए जीण्ईण् रोड के पास एक व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध शराब बिक्री के लिए रखे हुए है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदेही व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम बृजेश कुमार जयसवाल 38 वर्ष निवासी जलेबी चौकए केम्प.01 थाना छावनी, जिला दुर्ग बताया। उसके पास से विभिन्न ब्रांड की बियर बरामद हुई सुपेला थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफआबकारी एक्ट की धारा 34.2 में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया ।

### क्रिकेट सट्टा,तीन गिरफ्तार

**भिलाई, 6 मई (तछसं.)।** भिलाई खाली दुकान के भीतर बैठकर गुजरात टाइटन ग्रुप विरुद्ध पंजाब के बीच खेले जा रहे क्रिकेट मैच को देखते हुए लोगों से मोबाइल फोन से बात कर मैच हार जीत में पैसों का दांव लगा रहे तीन आरोपियों को दुर्ग सिटी कोतवाली थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 4, 6, 7 एवं धारा 112 (2) के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि हर्ष राजपूत के घर के खाली दुकान परेतीन चौक में तीन व्यक्ति मोबाइल के माध्यम से आईपीएल क्रिकेट 20-20 गुजरात टाइटन ग्रुप विरुद्ध पंजाब के बीच खेले जा रहे मैच को देखते हुए हार जीत का दांव लगा रहे है। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ा आरोपी हर्ष राजपूत पिता सतीश राजपूत (24 साल) निवासी वार्ड नंबर × गया नगर, शुभम चंदेल ( 22 साल ) निवासी वार्ड नंबर ×× शिवपारा तुलसी चौक एवं मोहम्मद इरफान उर्फ राजा ×8 वर्ष पिता मोहम्मद इकबाल वार्ड नंबर 8 तकिया पारा ने अपना अपराध स्वीकार किया। आरोपियों ने बताया कि वे लोग हार जीत में पैसों का दांव लगाकर मोबाइल फोन में जलवा 247 एप के माध्यम से ऑनलाइन लोगों से सट्टा खिला रहे थे एवं रुपये पैसों का दांव लगा रहे थे वे लोगों के नाम से पैसे का अंक कॉपी में लिख रहे थे। आरोपियों के पास से नौ नग विभिन्न कंपनी का मोबाइल जिसकी कीमत 70,000 रुपए है एवं नकदी रकम 28,800, एक स्कूटी, कापी, कैलकुलेटर, अंक लिखी सट्टा पट्टी कुल जुमला 1,19,200 रुपए को जब्त किया गया है ।

### धोखाधड़ी मामले में 4 गिरफ्तार



**भिलाई, 6 मई (तछसं.)।** जिले में फर्जी सिम कार्ड के जरिए चल रहे संगठित धोखाधड़ी के नेटवर्क का पुलिस ने खुलासा किया है। थाना नेवई क्षेत्र में हुई इस कार्रवाई में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो कमीशन के आधार पर सिम कार्ड बेचकर अवैध आर्थिक लेन-देन को अंजाम दे रहे थे नेवई पुलिस ने बताया कि रिसाली बस्ती निवासी आयुष ताम्रकार (19 साल ) ने थाना नेवई में शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि उसके एक परिचित ने उसे विश्वास में लेकर उसके नाम से सिम कार्ड जारी कराया और बाद में उसे वापस नहीं किया। जांच के दौरान जो सामने आया, उसने पुलिस को भी चौंका दिया। आरोपी टी. भार्गव राव ने आयुष को मोबाइल दुकान ले जाकर उसके नाम पर सिम निकलवाया और उसे अपने पास रख लिया। इसके बाद उसी सिम को क्रमवार अन्य लोगों को ज्यादा कीमत पर बेचा गया। इस तरह एक पूरी चेन तैयार कर सिम कार्ड का इस्तेमाल अवैध लेन-देन के लिए किया जा रहा था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में टी. भार्गव राव (20 साल ), ज्ञानेश मंडावी (19 साल ), हर्षित साहू (21 साल ) और दीपक प्रजापति (20 साल ) शामिल हैं। इनके कब्जे से घटना में उपयोग किए गए 3 मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं इस मामले में एक अन्य आरोपी फैजान कुरैशी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

# पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गंगोत्री से गंगासागर तक देश भगवामय:भावना बोहरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,6 मई।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के परिणाम आये जिसमें तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जित दर्ज की, इसमें विशेषकर पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की जीत ऐतिहासिक रही। 15 वर्षों तक तृणमूल कांग्रेस के किला को ढहा कर भाजपा ने यहाँ एक बड़ी जित दर्ज की है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, गृह मंत्री श्री अमित शाह जी और राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन जी ने इन चुनावों में खुद मोर्चा संभाला था और पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी खूब मेहनत



की जिसके परिणाम स्वरुप बंगाल में भाजपा ने एकतरफा जीत हासिल की है।

पंडरिया विधानसभा की विधायक भावना बोहरा ने पश्चिम बंगाल,असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे जनता के अटूट विश्वास, मजबूत नेतृत्व और विकास की राजनीति की निर्णायक जीत बताया है। उन्होंने कहा कि गंगोत्री से गंगासागर तक भाजपा की यह जीत पूरे देश में एक सकारात्मक संदेश दे रही है कि अब जनता केवल काम, पारदर्शिता और राष्ट्रहित के साथ है। भावना बोहरा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश ने बीते वर्षों में अभूतपूर्व विकास, सुशासन और वैश्विक स्तर पर नई पहचान हासिल की है। यही विश्वास अब राज्यों के चुनावों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। पश्चिम बंगाल की जनता ने भाजपा को समर्थन देकर यह सिद्ध कर दिया है कि वे अब भय, हिंसा और भ्रष्टाचार की राजनीति से मुक्ति चाहती है। असम और पुडुचेरी में भी भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। इन तीनों राज्यों में भाजपा को मिली इस प्रचंड बहुमत और जनविश्वास के लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन जी, सभी विजयी प्रत्याशी और देवतुल्य कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई देती हूँ और भाजपा के प्रति विश्वास व्यक्त करने के लिए मैं सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करती हूँ।

# विधायक देवेन्द्र यादव ने वार्ड-48 में किया विकास कार्यों का भूमिपूजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई,6 मई।** भिलाई नगर के वार्ड 48 में विकास कार्यों को नई गति मिली है। क्षेत्र के विधायक देवेन्द्र यादव ने विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों का विधिवत मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि पंप हाउस क्षेत्र में चेन लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी, जिससे इलाके की सुंदरता के साथ-साथ सुरक्षा भी बढ़ेगी। इसके अलावा अन्य आवश्यक बुनियादी कार्य भी जल्द शुरू किए जाएंगे, जिनसे नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा।जनता की मांग को प्राथमिकता देते हुए मंदिर प्रांगण के सौंदर्यकरण का भी निर्णय लिया गया है। इससे धार्मिक स्थल और अधिक आकर्षक व सुविधाजनक बनेगा, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर वातावरण मिल सकेगा। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए इन विकास कार्यों को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बताया। वार्ड 48 में इन योजनाओं के लागू होने से निश्चित ही क्षेत्र की तस्वीर बदलने की उम्मीद जताई जा रही है। वार्ड पार्षद शुभम झा जी , ब्लाक अध्यक्ष गुड्डू खान जी, जिला उपाध्यक्ष डी. कामराजु ,बादल डे जी ,Gunanand jha जी, मोहम्मद फिरोज गौस जी, अयूब मंसूरी जी, अयूब खान जी, प्रशांत सिंह जी, विक्रम सिंह चीमा जी, ओंकार लहरे जी, पवन कोसले जी, नवीन अग्रवाल जी, मैनुद्दीन खान जी, ज्ञानेश्वर शर्मा जी, एम. लोकनाथ राव जी आदि वार्ड के वरिष्ठ जन , वरिष्ठ कॉंग्रेस जन बड़ी मात्रा में महिलाएं एवं आमजन उपस्थित थे.

## भीषण गर्मी और लू से बचाव के लिए शारदा पारा के कुष्ठ एवं भैरव बस्ती में स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम आयोजित

**भिलाई नगर, 6 मई।** नगर निगम भिलाई के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जोन-3, मदर टेरेसा नगर (वार्ड क्रमांक 35) के अंतर्गत आने वाले शारदा पारा की कुष्ठ बस्ती एवं भैरव बस्ती में जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। वर्तमान में बढ़ रही भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक शिक्षा प्रदान की गई।क्षेत्र के निवासियों को लू के लक्षणों, जैसे–अत्यधिक प्यास लगना, सिरदर्द, चक्कर आना और कमजोरी–के बारे में विस्तार से बताया गया। लोगों को सलाह दी गई कि वे दोपहर के समय अनावश्यक बाहर न निकलें, सूती और हल्के रंग के कपड़े पहनें, और शरीर में पानी की कमी न होने दें द्य ओ.आर.एस. घोल और घरेलू पेय पदार्थों के महत्व को समझाया गया। जागरूकता के उद्देश्य से विशेष रूप से तैयार किए गए, साथ ही पाम्पलेट्स का वितरण किया गया, जिसमें क्या करें और क्या न करें की सचित्र जानकारी दी गई है। बस्तियों के निवासियों ने उत्साहपूर्वक इस सत्र में भाग लिया और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों का पालन करने का संकल्प लिया। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भीषण गर्मी के इस मौसम में समाज के अंतिम छोर पर रहने वाले व्यक्ति तक बचाव की जानकारी पहुँचे और किसी भी प्रकार की जनहानि को रोका जा सके।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह में शामिल हुए स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव

**दुर्ग, 6 मई।** दुर्ग जिला मुख्यालय के सिविल लाइन स्थित विवेकानंद भवन में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम में प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री श्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए। इस अवसर पर गायत्री परिवार के आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रो'चार के साथ संपन्न हो रहे विवाह संस्कार की उन्होंने सराहना की तथा सभी नवविवाहित जोड़ों से मिलकर उन्हें सुखमय वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में 19 जोड़े एक ही मंडप में दाम्पत्य सूत्र में बंधे। आर्थिक रूप से कमजोर एवं गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवारों ने इस योजना का लाभ उठाया। सामाजिक एवं धार्मिक परंपराओं के अनुरूप उल्लासपूर्ण वातावरण में यह वैवाहिक आयोजन संपन्न हुआ।

इस अवसर पर केबिनेट मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि शासन की यह महत्वाकांक्षी योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह को सम्मानजनक एवं गरिमापूर्ण तरीके से संपन्न कराने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। उन्होंने नवदम्पत्तियों को शुभाशीष देते हुए उनके उ÷वल भविष्य एवं सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही शासन की ओर से प्रदत्त आवश्यक सामग्री एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वधुओं के नाम ×5 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई, जिससे उनके नए जीवन की मजबूत शुरुआत सुनिश्चित हो सके।

मंत्री श्री यादव ने आगे कहा कि इस प्रकार के सामूहिक विवाह कार्यक्रम समाज में समानता, सहयोग और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। इससे सामाजिक कुरीतियों में कमी आती है और जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक बोझ से राहत मिलती है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, आयोजकों एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को सफल आयोजन के लिए बधाई दिये।कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नवविवाहित जोड़ों को आवश्यक उपहार सामग्री प्रदान की गई। इसमें हाथ घड़ी सेट, दुल्हन के लिए पायल, बिछिया एवं श्रृंगार सामग्री शामिल रही। साथ ही दुल्हनों के बैंक खातों में ×5 हजार रुपये की राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से हस्तांतरित की गई, जिससे उनके वैवाहिक जीवन सम्मानजनक शुरुआत सुनिश्चित हो सके।

कार्यक्रम में सभापति श्याम शर्मा, पार्षद कांशीराम कोसरे, कमल देवांगन, मनीष कोठारी, सरस निर्मलकर, साजन जोसफ, अनिकेत यादव एवं श्रीमती सुमन वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पाटन को मिली करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात

**दुर्ग, 6 मई ।** जिले के नगर पंचायत पाटन में सुशासन तिहार-2026 अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव शामिल हुए। उन्होंने यहां पर क्षेत्र के विकास को नई गति देने 09 करोड़ 95 लाख रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसमें 508.40 लाख रूपये की लागत के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और 487.46 लाख रूपये की लागत के निर्माण कार्यों का लोकार्पण शामिल है। इस गरिमामय कार्यक्रम के माध्यम से पाटन की अधोसंरचना को नई मजबूती प्रदान की गई। इस ऐतिहासिक अवसर में सांसद श्री विजय बघेल उपस्थित रहे। इस दौरान नगर पंचायत पाटन के जनप्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव को गजमाला पहनाकर स्वागत किया।

विकास कार्यो के लोकार्पण के पहले उपमुख्यमंत्री श्री साव ने विकसित कृषि संकल्प अभियान की प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो 20 मई तक गांव-गांव में जाकर कृषि संबंधित नई तकनीक एवं सरकारी की योजनाओं की जानकारी देगा और किसानों के साथ सीधा संवाद करेगा। उन्होंने शिविर का निरीक्षण किया और अधिकारियों को शिकायत एवं मांगों संबंधी आवेदनों का तत्परतापूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिये।समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि एक ही दिन में इतने बड़े पैमाने पर विकास कार्यो का लोकार्पण पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने पिछले वर्षों की तुलना करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने कम समय में अधिक कार्य किए हैं। बीते दो वर्षों में नगर पंचायत पाटन को विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग 23 करोड़ 87 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई है, जिससे शहर के विकास को नई गति मिली है। सड़कों, स्वच्छता, आवास और मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना, किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, महतारी वंदन योजना के तहत 27 महीनों की राशि के भुगतान के साथ अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को साझा किया। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि राज्य सरकार तेज गति से योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है। सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है और गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याएं सुनकर समाधान कर रही है।उपमुख्यमंत्री श्री साव ने स्वच्छता पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में सात निकायों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार मिला था, जिसमें पाटन को भी सम्मानित किया गया था और बिल्हा विकासखंड पहले नम्बर था। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश स्वच्छ और सुंदर बने इसके लिए राज्य सरकार योजनाबद्ध कार्य कर रही है। राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम कर रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने शहर को साफ-सुथरा और सुंदर बनाए रखने में सक्रिय सहयोग दें, क्योंकि बाहरी लोग सबसे पहले शहर की स्वच्छता और व्यवस्था को ही देखते हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सभी गांव और शहर में प्रधानमंत्री आवास बन रहे हैं। दो सालों में 26 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुई है। सर्वाधिक आवास छत्तीसगढ़ में बन रहे हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत पाटन अध्यक्ष ने विभिन्न विकास कार्यों के लिए राशि की मांग करने पर उन्हें आश्वासन दिया।

कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री साव ने 487.46 लाख रुपये की कुल लागत से तैयार हो चुके जनहितकारी कार्यों का लोकार्पण कर उन्हें जनता को समर्पित किया। इसमें वार्ड क्रमांक 01 स्थित इंदिरानगर स्कूल में 70 लाख रुपये की लागत से बने अतिरिक्त कक्षों का उद्घाटन शामिल रहा। साथ ही वार्ड क्रमांक 03 में 240.16 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित व्यावसायिक परिसर सह सामुदायिक भवन और वार्ड क्रमांक 12 में महामाया मंदिर के समीप 177.30 लाख रुपये की लागत से तैयार सामुदायिक भवन का भी भव्य लोकार्पण किया गया। इसके अतिरिक्त भविष्य की जरूरतों को देखते हुए उपमुख्यमंत्री श्री साव ने पाटन के विभिन्न वार्डों में 508.40 लाख रुपये की स्वीकृत राशि के नए कार्यों का भूमिपूजन किया। इसके अंतर्गत 195.89 लाख रुपये की लागत के विभिन्न 44 निर्माण एवं विकास कार्यों की आधारशिला रखी गई। शहर के जल निकायों के संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए इनके सौदर्यीकरण व विकास हेतु वार्ड 01 के दुबे डबरी के लिए 50.47 लाख, वार्ड 07 के सरगबुंदिया तालाब के लिए 42.50 लाख, वार्ड 08 के बुद्धु तालाब के लिए 81.16 लाख और वार्ड 12 के महामाया तालाब के लिए 97.53 लाख रूपये के कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इसके अतिरिक्त, वार्ड 05 में मुक्तिधाम निर्माण हेतु 22.87 लाख व डोम शेड कार्य हेतु 10 लाख तथा वार्ड 02 में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 7.98 लाख के कार्यों की भी नींव रखी गई। इस अवसर पर नगर पंचायत पाटन अध्यक्ष श्री योगेश निक्की भाले, उपाध्यक्ष श्रीमती निशा योगेश सोनी, सभापति लो.नि.वि. श्री केवलचंद देवांगन, सांसद प्रतिनिधि श्री सागर पाठक, पीआईसी सदस्य श्री जितेन्द्र कुमार निर्मलकर, श्रीमती नेहा बाबा वर्मा, पार्षदगण श्री चन्द्रप्रकाश देवांगन, श्री पुरूषोत्तम कश्यप, श्रीमती अनिता सरजू साहू, उप अभियंता श्री प्रवीण कुमार साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री हेमंत कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## पीजी कॉलेज जगदलपुर में गुरुवार को 269 परीक्षार्थी देंगे पीईटी

**जगदलपुर, 6 मई ।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम) द्वारा आयोजित की जाने वाली पीईटी प्रवेश परीक्षा के लिए जगदलपुर के शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय को केंद्र बनाया गया है, जहाँ कुल 269 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। आगामी गुरुवार 14 मई को होने वाली इस परीक्षा में इन 269 विद्यार्थियों के भविष्य का फैसला सुबह 10 बजे से दोपहर 01.15 बजे के सत्र में होगा। धरमपुरा स्थित इस केंद्र पर परीक्षार्थियों की इस संख्या को देखते हुए प्रशासन द्वारा बैठक व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, ताकि सभी छात्र बिना किसी असुविधा के अपनी परीक्षा संपन्न कर सकें।परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को समय का विशेष ध्यान रखना होगा, क्योंकि निर्धारित संख्या में पहुँच रहे इन परीक्षार्थियों की मेटल डिटेक्टर से गहन जाँच की जाएगी, जिसके लिए उन्हें परीक्षा शुरू होने से ढाई घंटे पहले केंद्र पर उपस्थित होना होगा। प्रवेश के दौरान वीक्षकों द्वारा इंटरनेट से प्राप्त मूल प्रवेश पत्र और पहचान पत्र का मिलान किया जाएगा। यदि किसी परीक्षार्थी के प्रवेश पत्र में फोटो संबंधी कोई त्रुटि है, तो उसे अनिवार्य रूप से अपनी दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो साथ रखनी होगी। सभी परीक्षार्थियों के लिए सख्त ड्रेस कोड और नियमों का पालन अनिवार्य किया गया है। परीक्षार्थी केवल हल्के रंग के हाफ टी-शर्ट और चप्पल पहनकर ही परीक्षा हॉल में बैठ सकेंगे।

## एक नजर

### पंजीकृत निर्माण श्रमिक के प्रथम 2 बच्चों को शिक्षा सहायता के लिए आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार 6 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिक के प्रथम 2 बच्चे हेतु मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजनांतर्गत प्रोत्साहन राशि हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। योजना अंतर्गत कक्षा 10 वीं से स्नातकोत्तर एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रम में 75 प्रतिशत एवं 75 प्रतिशत से अधिक अंत लाने पर राशि 5000 से 12500 तक वार्षिक प्रोत्साहन राशि एवं छत्तीसगढ़ माध्यमिक षिक्षा मण्डल बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची के प्रथम 10 में आने पर राशि रू 1,00,000 प्रोत्साहन राशि तथा दो पहिया वाहन क्रय किए जाने हेतु राशि रू 1,00,000 का अनुदान विभाग द्वारा दिए जाने का प्रावधान है। ऐसे पंजीकृत श्रमिक जिनके बच्चें इस वित्तीय वर्ष में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम 10 में आए है वे प्रत्येक जनपद पंचायतों में स्थित श्रम संसाधन केन्द्रों, विभाग के वेबसाईट shramevjay-ate.cg.gov.in, श्रमेव जयते ऐप या श्रम कार्यालय के कक्ष क्रमांक 117 कलेक्टर परिसर तथा च्वॉईस सेन्टर के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार 6 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राकृतिक आपदा से मृत परिवार के निकट परिजन के लिए 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजन लालतीन पति तिरिथ राम, निवासी ग्राम पलारी तहसील पलारी क़ी तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### कर्मचारियों से बदतमीजी व मारपीट करने वालों पर होगी एफआईआर

**बलौदाबाजार 6 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार व मारपीट करने वालों पर अब सीधे एफआईआर क़ी कार्यवाही होगी।जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा इस सम्बन्ध में परिपत्र जारी किया गया है। परिपत्र में कहा गया है कि जनगणना अधिनियम, 1948 के धारा 5 के अनुसार जो भी अधिकारी एवं कार्मिक जनगणना कार्य में संलग्न है, वे सभी भारतीय दण्ड संहिता (1860 का 45) के अर्थ में लोक सेवक समझे जाएंगे। जनगणना कार्य में संलग्न कार्मिक के साथ मारपीट व दुर्व्यवहार निंदनीय है।जनगणना अधिनियम, 1948 के धारा 11 के अनुसार, जो भी ऐसे कर्तव्य का पालन करने में प्रतिबंधित या बाधित करेगा, वह कानूनी प्रावधानों के अनुसार दंडनीय होगा। शासकीय कार्य में बाधा डालने एवं जनगणना अधिनियम, 1948 के धारा 11 के तहत एफआईआर दर्ज कराएं।

### वार्ड नं. 4,5 व 6 के लिए चिखली स्कूल में समाधान शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव 6 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आम जनता से सीधा संवाद स्थापित करने तथा उनकी समस्याओ का समाधान कर उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ देने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सुशासन तिहार मनाने का निर्णय लिया गया। वार्ड स्तर पर जनसमस्या निवारण शिविर के तहत निगम सीमाक्षेत्रांतर्गत 4 मई से 10 जून 2026 तक प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक 51 वार्डो के लिए शिविर आयोजित किया जा रहा है।

### फोर्स ट्रेवेलर एन रेंज लॉन्च

**रायपुर 6 मई।** फोर्स मोटर्स ने 5 मई 2026 को अपनी नईट्रेवेलर एन रेंज लॉन्च की, जिसमें एम्बुलेंस, स्कूल बस और डिलीवरी वैन जैसे कई सेगमेंट शामिल हैं।कंपनी के अनुसार, इस नई रेंज में आराम, सुविधा, विश्वसनीयता और प्रदर्शन में बड़े सुधार किए गए हैं, साथ ही कुल स्वामित्व लागत को कम करने और रखरखाव को आसान बनाने पर भी खास ध्यान दिया गया है। मैनेजिंग डायरेक्टर Prasan Firodia ने बताया कि यह नई रेंज ग्राहकों, ड्राइवरों और यात्रियों के फीडबैक के आधार पर विकसित की गई है, जिससे बेहतर उपयोगिता और अनुभव सुनिश्चित होता है। कंपनी आने वाले समय में पुरानी Traveller मॉडल को चरणबद्ध तरीके से हटाकर पूरी तरह Traveller N रेंज पर शिफ्ट करने की योजना बना रही है।

# क्रशर प्लांटों से उड़ने वाली धूल ग्रामीणों के लिए साबित हो रही धीमा जहर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 6 मई।** धरसींवा विधानसभा के तिल्दा ब्लाक के ग्राम मुरा में संचालित क्रेशर प्लांट और पत्थर खदानों की गतिविधियां अब आसपास के गांवों और रिहायशी इलाकों के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही हैं। क्रशिंग एवं खदान पाटने के दौरान उड़ने वाली धूल ने पर्यावरण के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य और खेती-किसानी पर भी गहरा असर डालना शुरू कर दिया है। हालात यह हैं कि कई इलाकों में दिनभर उड़ने वाली महीन धूल लोगों के लिए किसी धीमे जहर से कम नहीं रह गई है।



ग्रामीणों का कहना है कि पत्थरों की क्रशिंग व पटिंग में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के नियमों-कानूनों की अनदेखी की जा रही है व इस दौरान के निकलने वाली धूल हवा के साथ गांवों, घरों, खेतों और सड़कों तक फैल जाती है। इससे वातावरण लगातार प्रदूषित हो रहा है और लोगों को सांस लेने में परेशानी, खांसी, एलर्जी, आंखों में जलन और त्वचा संबंधी बीमारियों जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय तक इस धूल के संपर्क में रहने से फेफड़ों से जुड़ी गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है।

**कवर सिस्टम और ग्रीन बेल्ट की नहीं है व्यवस्था :** स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई क्रेशर प्लांटों में प्रदूषण नियंत्रण के लिए जरूरी उपायों का सही तरीके से पालन नहीं किया जा रहा है। नियमों के अनुसार धूल को नियंत्रित करने के लिए नियमित पानी का छिड़काव, कवर सिस्टम और ग्रीन बेल्ट जैसी व्यवस्थाएं होना जरूरी है, लेकिन अधिकांश जगहों पर यह केवल कागजों तक सीमित नजर आती हैं। नतीजतन, धूल का गुबार दिनभर हवा में तैरता रहता है और आसपास के गांवों को अपनी चपेट में ले लेता है।

क्रेशर प्लांटों से उड़ने वाली धूल का असर खेती पर भी साफ दिखाई देने लगा है। खेतों और फसलों पर धूल की परत जमने से पौधों की वृद्धि प्रभावित होती है और उत्पादन में कमी आती है। किसानों का कहना है कि कई बार फसलें समय से पहले खराब हो जाती हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है।

इसके अलावा धूल से सड़कों पर भी दृश्यता कम हो जाती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि भारी वाहनों की लगातार आवाजाही और क्रशिंग से उड़ने वाली धूल के कारण क्षेत्र में रहना मुश्किल होता जा रहा है।

ग्रामीणों ने प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से मांग की है कि क्षेत्र में संचालित क्रेशर प्लांटों और खदानों की सख्ती से जांच कराई जाए और जो भी संचालक पर्यावरणीय नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या पर नियंत्रण नहीं किया गया तो आने वाले समय में यह पर्यावरण और जनस्वास्थ्य के लिए और बड़ा संकट बन सकता है।

# भीमा मारकंडे की बैसाखी से आत्मनिर्भरता तक की प्रेरक यात्रा मिसाल है लोगों के लिए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 6 मई।** कहते हैं कि अगर मन में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो, तो शारीरिक बाधाएं केवल एक पड़ाव मात्र रह जाती हैं, मंजिल नहीं। राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव ब्लॉक के ग्राम हरदी के रहने वाले भीमा मारकंडे की कहानी आज संघर्ष कर रहे हजारों युवाओं के लिए एक मिशाल बन गई है।

#### जब वक्त ने ली कठिन परीक्षा

भीमा की जिंदगी तब बदल गई जब हैदराबाद में निर्माण कार्य (मजदूरी) के दौरान वे ऊंचाई से गिर गए। कमर में आई गंभीर चोट ने उनके चलने-फिरने की शक्ति छीन ली। 80 प्रतिशत दिव्यांगता के साथ 9 वर्ष और 4 वर्ष दो छोटी बेटियों की जिम्मेदारी उठाना पहाड़ तोडऩे जैसा था। बैसाखी ही उनका एकमात्र सहारा थी, लेकिन मंजिल अभी दूर थी।

#### उम्मीद की नई किरण -समाज कल्याण विभाग की पहल

भीमा ने हार मानने के बजाय स्वावलंबन का रास्ता चुना। उन्होंने समाज कल्याण विभाग के माध्यम से बैटरी चलित मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल के लिए आवेदन किया। राजनांदगांव के मोतीपुर में 4 मई 2026 को आयोजित सुशासन तिहार मे मिला यह आधुनिक उपकरण उनके लिए केवल एक वाहन नहीं, बल्कि उनकी




आजादी साबित हुआ।

#### अब बाधाएं नहीं रोकेंगी रास्ता

समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदान की गई बैटरी चलित ट्राइसाइकिल और बैसाखी से भीमा के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव का रास्ता मजबूत होगा। भीमा अब रोजगार की तलाश में दूर-दराज के क्षेत्रों तक बिना किसी मदद के जा सकेंगे। दूसरों पर निर्भरता खत्म होने से भीमा अब समाज की मुख्यधारा में एक सक्रिय नागरिक की भूमिका निभा सकेगा। अपनी बेटियों के भविष्य को संवारने के लिए अब वे शारीरिक बाधाओं को पीछे छोड़ चुके हैं। भीमा शासन द्वारा दिए गए मदद की प्रशंसा करते हुए कहते है कि राज्य के संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय अपने आमजनों की समस्याओं का निराकरण सुशासन तिहार के माध्यम से कर रहे है। मैं मुख्यमंत्री का दिल से धन्यवाद करता हूँ।

भीमा की कहानी के साथ-साथ जिले के अन्य दिव्यांगों के लिए भी अच्छी खबर

समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक सुश्री वैशाली मरड़वार ने बताया कि जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग की विशेष योजना के तहत नवाचार करते हुए 40 से 79 प्रतिशत तक के दिव्यांगता वाले व्यक्ति भी मोटराइज्ड साइकिल के पात्र होंगे। इसके लिए ऑलिम्को के सीएसआर मद से जिले के 109 पात्र दिव्यांगों को यह सुविधा प्रदान की जाएगी। भीमा मारकंडे के हस्ताक्षर आज उनके अटूट संकल्प की गवाही देते हैं। उनकी कहानी हमें सिखाती है कि सरकारी योजनाओं का सही लाभ और मन का दृढ़ निश्चय मिलकर किसी भी अंधेरी राह को रोशन कर सकता है। भीमा अब रुकने वाले नहीं हैं, वे उड़ान भरने के लिए तैयार हैं।

### पश्चिम बंगाल ,असम व पुड्डुचेरी में भाजपा की जीत का कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**डोंगरगढ़ 6 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विगत दिनों हुए विधानसभा चुनाव के बाद सोमवार को हुई मतगणना में पश्चिम बंगाल , असम व पोडीचेरी में भाजपा की ऐतिहासिक जीत होने की खुशी में भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में स्थानीय गोल बाजार में कार्यक्राताओ ने पटाखे फोड़ झलमुरी वितरण किया । इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह बन्नोआना ,सुनील जैन ,प्रदीप बाग, प्रकाश चौरडिया, कुलवंत कक्कड़, अमित जैन, तुलसी मिस्त्रा, मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी यादव ,युवा मोर्चा अध्यक्ष आकाश सिंह राजपूत, नगर पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, मंडल महामंत्री विनय बंसल, भागवत नामदेव, जिला मंत्री अलका जयस सहारे ,सांसद प्रतिनिधि तरुण हत्थेल, पार्षद डीके राव, शारदा यादव, हरीश मोटघरे ,रतन कोसे, रेखा राजेश राघौते, ,नागेंद्र सिंह परिहार ,दीपक ठाकुर ,राजेश कंडरा, कैलाश सोनवानी, वत्सला श्रीवास्तव ,नमिता चौबे ,हिमांशु सेन, शुभम अग्रवाल ,अनीता इंदुलकर, दीपक ठाकुर, ललित शर्मा, शुभम, लोकेश इंदुलकर, सहित बड़ी संख्या भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पानी से सब्जी सड़ने पर सिंचाई विभाग ने कहा-यह उसकी गलती से नहीं हुआ है




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 6 मई।** क्षेत्र में सोढूंर डैम से सूखे तालाबों को भरने के लिए छोड़े गए पानी को लेकर उत्पन्न विवाद पर सिंचाई विभाग ने अपना पक्ष स्पष्ट करते हुए कहा है कि पूरी प्रक्रिया पूर्व नियोजित और जनहित में की गई थी, लेकिन कुछ लोगों की लापरवाही और अवैध हस्तक्षेप के कारण स्थिति बिगड़ी है। विभाग के अनुसार, गर्मी के मौसम में जल संकट को देखते हुए तालाबों का जलस्तर बढ़ाने के उद्देश्य से पानी छोड़ा गया था। इसके लिए संबंधित ग्राम पंचायतों को पहले ही सूचित कर नालियों के माध्यम से व्यवस्थित रूप से पानी पहुंचाने में सहयोग करने के निर्देश दिए गए थे। हालांकि, विभाग का आरोप है कि कुछ किसानों ने नियमों की अनदेखी करते हुए नहर के बंड को काटकर रात के समय चोरी-छिपे अपने खेतों की ओर पानी मोड़ लिया। इस अवैध हस्तक्षेप के चलते पानी का प्रवाह अनियंत्रित हो गया और वह आसपास की सब्जी बाड़ियों में फैल गया, जिससे नुकसान की स्थिति बनी। सिंचाई विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि विभागीय कर्मचारी दिनभर नहरों की निगरानी करते हैं, लेकिन रात्रिकालीन समय में कुछ लोगों द्वारा जानबूझकर छेड़छाड़ की जाती है, जिससे पूरी व्यवस्था प्रभावित होती है। मुआवजे की मांग को लेकर भी विभाग ने सवाल उठाए हैं। विभागीय सूत्रों का कहना है कि जिन फसलों के नुकसान का दावा किया जा रहा है, उनकी वास्तविक स्थिति की जांच जरूरी है। प्रारंभिक जानकारी में यह सामने आया है कि मामले में पहले से खराब पड़े कद्दू कुम्हड़ा को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किया जा रहा है, जिससे सरकारी राशि प्राप्त की जा सके। विभाग ने साफ कहा है कि झूठे दावे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। ताकि भविष्य में इस तरह की अवैध गतिविधियों और अनावश्यक विवादों पर रोक लगाई जा सके। सिंचाई विभाग ने अपील की है कि किसान नियमों का पालन करें और सामूहिक हित को ध्यान में रखते हुए जल संसाधनों का उपयोग करें, ताकि सभी को समान रूप से लाभ मिल सके

# जिले की 4 स्वास्थ्य संस्थाएं हुई एनक्यूएएस प्रमाणित



■ अब तक जिले में कुल 54 एनक्यूएएस प्रमाणित संस्थाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 6 मई।** जिले में स्वास्थ्य संस्थाओं द्वारा दी जा रही सुविधाओं पर राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकन में एक बार पुनः प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है । इस बार आयुष्मान आरोग्य मंदिर मोहरा 94.16 मोहभट्ठा 92.61सकलोर 95.36 प्रतिशत के साथ एनक्यूएएस प्रमाणित हुआ जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दतान को 88.59 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं । इसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को 12 सेवाओं तथा पीएचसी को 6 विभागों हेतु प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी ने बताया कि एनक्यूएएस निरीक्षण में सेवा प्रावधान, मरीजों के अधिकार, बुनियादी ढांचा, नैदानिक सेवाएं और संक्रमण नियंत्रण जैसे प्रमुख क्षेत्रों का मूल्यांकन किया जाता है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को बेहतर और भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले केंद्रों को प्रमाण पत्र और प्रोत्साहन मिलता है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ती है। जिले में अब तक कुल 54 संस्थाएं इस प्रमाण पत्र को प्राप्त कर चुकी हैं। इसमें जिला अस्पताल और सिमगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित 17 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 35 आयुष्मान आरोग्य मंदिर सम्मिलित हैं। 6 संस्थाओं के परिणाम अभी आने बाकी हैं। ।

# ग्रामीण शिविर में 34 ग्राम पंचायतें एवं 3 शहरी शिविर में 23 वार्ड होंगे शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,6 मई।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित रूप से सेवाओं क़ी उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार 6 मई को ग्रामीण क्षेत्रों में 2 स्थान पर एवं 3 नगरीय क्षेत्र में समाधान शिविर का आयोजन होग़ा।शिविर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होग़ा । विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत मोहतरा में शिविर आयोजित होग़ा जिसमें ग्राम पंचायत मुड़ियाडीह ,मोहतरा बेमेतरा,रसेड़ी, रसेड़ा,ढाबाडीह, झोंका,खजुरी, लटुआ,सोनाडीह,बिटकुली, धनगांव,चरौटी,परसाभदेर(च ) मेढ, देवरी एवं भाठागांव के ग्रामीण शामिल होंगे। इसीतर विकासखंड सिमगा के ग्राम पंचायत नवागांव शिविर में कामता, औरेठी,लांजा, बिनैका, केसदा, रिंगनी ,झिरिया, डोंगरिया, पौसरी, कचलोन, मसुवाडीह, बछैरा,बैकोनी,हरिनभट्ठा,खंडुवा नवागांव एवं दुलदुला शामिल है।नगरीय निकाय अंतर्गत नगर पालिका बलौदाबाजार में नगर पालिका कार्यालय,नगर भवन भाटापारा,नगर पंचायत लवन के गुरू घासीदास भवन में शिविर आयोजित होग़ा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को शिविर क़ी बेहतर तैयारी करने और विभागीय जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। शिविर स्थल पर आवेदन पंजीयन केन्द्र होग़ा।शिविर में जल संचयन की शपथ ली जाएगी।

### सांकरा बैरियर में 37.8 किलो गांजा के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार



■ एक माह में तीसरी बड़ी कार्रवाई से गांजा तस्करी में लिप्त लोगों में हड़कंप,

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 6 मई।** जिले में नशे के खिलाफ चल रही सख्त मुहिम के तहत सिहावा पुलिस ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। साकरा वनोपज जांच नाका पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक महिंद्रा टीयूवी से 37 किलो 800 ग्राम गांजा बरामद किया है। मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर वाहन भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक चारपहिया वाहन में गांजा तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही नाके पर सघन चेकिंग शुरू की गई। इसी दौरान संदिग्ध टीयूवी को रोककर तलाशी लेने पर भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे ओडिशा के भवानीपटना से गांजा लेकर आ रहे थे। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों को गिरफ्तार कर लिया। अब आरोपियों से पूछताछ कर पूरे तस्करी नेटवर्क की कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। बताया जा रहा है कि हाल के दिनों में यह सिहावा पुलिस की तीसरी बड़ी कार्रवाई है, जिससे गांजा तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है लोगों का कहना है कि इस तरह की लगातार कार्रवाई से क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगेगा।

# प्रधानमंत्री स्व निधि योजनांतर्गत ऋण के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 6 मई।** भारत सरकार द्वारा क्रियान्वित एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित प्रधानमंत्री स्व निधि योजना स्ट्रीट वेंडर्स को निजी व्यवसाय के लिए व्यक्तिगत ऋण देकर उन्हें आत्म निभर बनाने का कार्य किया जा रहा है। योजना का क्रियान्वयन नगर निगम राजनांदगांव क्षेंत्रांतर्गत निवासरत छोटे व्यवसायियों से भी पीएम स्व निधि के वेबसाईड में ऑनलाईन आवेदन लिया जा रहा है। प्रधानमंत्री स्व निधि योजना का लाभ लेने निगम सीमाक्षेत्र के शहरी पथ विक्रेता एवं छोटे दुकानदारो द्वारा विभिन्न बैको में ऋण लेने ऑनलाईन आवेदन किया गया है। पात्र व्यवसायियो को बैको द्वारा प्रकरणो पर स्वीकृति प्रदान करते हुए लोगो को ऋण का वितरण कर लाभान्वित किया जा चुका है। योजनांतर्गत बैको के माध्यम से तीन स्तर में प्रथम ऋण राशि 15 हजार रूपये, प्रथम ऋण अदायगी करने पर द्वितीय ऋण रूपये 25 हजार एवं द्वितीय ऋण अदायगी करने पर तृतीय ऋण राशि 50 हजार रूपये का ऋण देने का प्रावधान है। योजनांतर्गत ऋण पर हितग्राही द्वारा नियमित रूप से ऋण अदायगी करने पर बैक द्वारा ली जाने वाली ब्याज राशि में 7 प्रतिशत की राशि अनुदान के रूप में दिये जाने का प्रावधान किया गया है। योजनांतर्गत ऋण प्रकरणो में प्रथम ऋण राशि 15 हजार रूपये के लिए 1950 लोगो को, द्वितीय ऋण रूपये 25 हजार के लिए 592 लोगो को एवं तृतीय ऋण राशि 50 हजार रूपये के लिए 127 लोगो को ऋण प्रदान किया गया है, इस तरह कुल 2669 पथ विक्रेताओ एवं छोटे दुकानदारो को विभिन्न बैंको के माध्यम से ऋण की अदायगी की जा चुकी है।

जनप्रतिनिधि प्रशासन व मीडिया बने मूकबधिर

# बरतोरी बहेसर के स्पंज आयरन प्लांट की चिमनियों 24 घंटे फैल रहा काला जहर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 6 मई।** छत्तीसगढ़ के जिला रायपुर के क्षेत्र विकासखंड तिल्दा नेवरा के समीपस्थ औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत संचालित बहुत से स्टील प्लाट संचालित हो रही है। जहां क्षेत्रीय व लोकल को छोड कर, बाहरी व दुसरे राज्यों के लोगो को रोजगार तो दे रही है। पर उसके साथ फ्री में काला जहर भी खुलेआम दिन रात परोश रही है। इसका फायदा अंचल के लोगो को बडी सौगात इन संयंत्रों से मील रही है। मसलनः दमा, श्वास की बिमारी, टी वी, चर्म रोग, केंसर, श्वास लेने मे दिक्कत, दुषित अन्न, बेरोजगारी, कृषि युक्त भूमी अब बंजर व लोहा उगा रही है।गौरतलब हो कि बडी व



हैरीनी की बात यह है कि क्षेत्र के पर्यावरण संरक्षण अधिकारी, कर्मचारियों, प्रशासन के साथ बडे नामी गिरामी, सरपंच, पंच, जनपद, जिला पंचायत सदस्य, विधायक, आदि ।सब मुंह में पान दबाये हुए हैं। किसी को कुछ मतलब नहीं है। इस चुप्पी का कारण आम जनता व मजदूर, मजबूर , असहाय, लोगो को पता भी है। लेकिन इनके समस्या व जरूरतों का जिम्मेदार रहे लोग ही शायद निजि स्वार्थ के कारण अयसा करने के लिए मजबूर हो।आपको बता दें कि यदि यही हाल रहा। तो पुरा यह संपन्न कुशल निरोगी क्षेत्र में प्रदूषण की चपेट में है इस समाचार के माध्यम से क्षेत्र मे शासन प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए। इस पर त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया जाना है।

### जोहार छ.ग.पार्टी एवं छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना की मासिक बैठक आयोजित

**तिल्दा नेवरा 6 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी एवं छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना तिल्दा नेवरा ब्लॉक कि मासिक बैठक सम्पन्न कि गई जिसमें गंभीर विषयों पर गहन चर्चा कि गई , तिल्दा नेवरा क्षेत्र में आम जनता कि समस्याओं में मुख्यतःमहिलाओं बच्चों के साथ बढ़ते यौन शोषण अनाचार,प्रदूषण , सड़क दुर्घटना, अस्पतालो कि लुट , सिलेंडर कि कमी , कारखानों में सुरक्षा कि कमी से बढ़ते दुर्घटना, थाने में सुरक्षा बलों कि कमी , ट्रैफिक पुलिस कि कमी , सरकारी जमीन कि बंदर बाट पर विशेष चर्चा कि गई ,और संबंधित विभागों को संज्ञान में लेकर उचित दिशा निर्देश कि रूप रेखा तैयार किया गया ,बैठक में जिला अध्यक्ष जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी योगेश साहू कि अध्यक्षता में कि गई , बैठक में प्रदीप साहू ,राकेश साहू,अविनाश साहू, साजन निषाद,पूर्णिमा साहू ,रोशनी साहू हेमपुष्पा देवांगन आदि प्रमुख सेनानी एवं पदाधिकारी बैठक में सम्मिलित थे

# हादसों का एक कारण हादसे से सबक न लेना भी है

हादसा फैक्ट्री में हो, सड़क पर हो, पानी में हो ,मेले में हो, कहीं भी हो उसके अनेक कारण होते हैं लेकिन एक कारण जरूर लापरवाही होती है। जरा की किसी एक या अधिक लोगों की लापरवाही के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं और लोगों की जान जाती रहती है,परिवार,समाज व देश को जनहानि होती रहती है।ऐसा भी नहीं है कि कोई हादसा पहली बार होता इसलिए कहा जाए कि पहली बार हुआ इसलिए लोग सावधान नहीं थे और सावधान न होने के कारण मारे गए। हर तरह के हादसे होते हैं,कई हादसे तो रोज होते हैं, कई हादसे,कई हादसे हर सप्ताह होते हैं,कई हादसे हर महीने होते हैं,कई हादसे तो हर साल होते हैं लेकिन उससे मनुष्य,उसका परिवार, समाज,संस्थाएं और सरकार कोई सबक नहीं लेती है। हादसे से अगर सबक लिया जाता तो एक हादसे के बाद दूसरा हादसा नहीं होता। दूसरा,तीसरा आजादी के पचास सालों में कई,सैकड़ों,हजारों हादसे हो चुके हैं, आगे भी होंगे तो इसीलिए होंगे कि इससे हम कोई सबक नहीं लेते हैं। राज्य के वेदांता की फैक्ट्री में बायलर फटने से २५ श्रमिकों की मौत हुई है।इससे पहले हुए बड़े हादसों को याद करें तो २००९ में बालकों कोरबा में २४० मीटर ऊंची चिमनी गिरने से ४० मजदूरों की मौत हुई थी,२००६ में बलौदाबाजार में स्थित एक इस्पात प्लांट में डस्ट सेटलिंग चेंबर में हुए विस्फोट के कारण७ मजदूरों की मौत हो गई थी।२०२५ में रायपुर के सिलतरा स्थित गोदावरी स्टील प्लांट में छत गिरने से ६ मजदूरों की मौत हो गई थी।२०२४ में सरगुजा के एलुमिनियम प्लांट में कोयले से भरा कन्वेयर गिर जाने से ४ मजदूरों की मौत हो गई थी।उद्योंगो को मजदूरों की सुरक्षा के सभी प्रबंधन किए जाने चाहिए लेकिन किए नहीं जाते हैं,इससे मजदूरों की जान जाती है।श्रम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक छत्तीसगढ़ में ३३.२९ लाख से अधिक पंजीकृत श्रमिक हैं, बीते तीन सालों में हुए औद्योगिक हादसों में ३२१ श्रमिकों की मौत हो चुकी है।राज्य में हर तीसरे दिन एक श्रमिक की मौत किसी लापरवाही की वजह होती है।हर हादसे के बाद औद्योगिक स्वास्थ्य सुरक्षा विभाग सभी नियमों का पालन करने का निर्देश देता है लेकिन औद्योगिक संस्थानों की नियमित मानिटरिंग न होने से नियमों का पालन होता नहीं है और परिणाम मजदूरों की मौत होती है। हाल ही में कांकेर जिले में सरेंडर कर चुके नक्सलियों की सूचना पर जंगल मे डंप विस्फोटक सामान को ढूंढकर उसे नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी तरह के प्रयास में नारायणपुर जिले की सीमा में शनिवार को अदनार में पांच बोरियों में १५-५ किलो पटाखा बारुद मिला और उसे नष्ट किया जाना था,लेकिन नष्ट करने से पहले विस्फोट हो जाने से चार लोगों मौके पर ही मौत हो गई।ऐसा नहीं है कि पहली बार ऐसा किया जा रहा था, इससे पहले नक्सलियों द्वारा लगाए गए बारुंदी सुरंग व विस्फोटक साम्रमी तलाश कर उसे कई बार नष्ट किया जा चुका है। इस बार भी ऐसा किया जाना था लेकिन विस्फोट हो गया और विस्फोट के विषय में यह कहा जा रहा है कि तापमान अधिक होने और केमिकल रियेक्शन होने के कारण विस्फोट हो गया। सही में हुआ क्या है, इसका पता तो जांच से चलेगा लेकिन यह तो साफ है कि हमेशा की तरह सुरक्षा के तमाम उपायों पर अमल नहीं किया गया। कहीं तो चूक हुई है।ऐसे मामलों में जरा सी चूक भारी पड़ती है और विस्फोटक को नष्ट करने वाले ही मारे जाते हैं। एक ही तरह की घटना दोबारा होती है तो उससे साफ हो जाता है कि पहले हुई घटना से कोई सबक नहीं लिया गया है। बस्तर के पहले कुछ महीनों पहले जम्मू कश्मीर के नौगाम पुलिस थाने में इसी तरह दूसरी जगह से लाकर थाने के मैदान में रखे २६० किलो विसफोटक में विस्फोट हुआ। तब मौके पर ९लोग मारे गए थे और ३२ लोग घायल हुए थे। तब भी यही कहा गया कि विस्फोटकों का सैंपल लेते वक्त अचानक कैमिकल रियेक्शन होने की वजह से विस्फोट हुआ था।किसी भी तरह का विस्फोटक पदार्थ हो, वह ठोस हो या तरल हो उसे नष्ट करने वालों को तो पता रहता है कि इनको रखते वक्त, कहीं से लाते वक्त क्या क्या सावधानी रखनी होती है। इसके बाद भी एक हादसे के बाद दूसरा हादसा होता है तो साफ है कि जो सावधानी विस्फोटकों को हैंडल करते वक्त बरती जानी चाहिए नही बरती जा रही है। एक हादसे के महीनों बाद वैसा ही दूसरा हादसा हो रहा है। हादसा कहीं भी तो उससे नुकसान तो परिवार,समाज,प्रदेश व देश को ही होता है। इसे रोकना सामूहिक जिम्मेदारी है।सभी सावधान रहेंगे तो ऐसे हादसों से बचा जा सकता है कोई एक भी असावधान हुआ तो ऐसे हादसे आगे भी होते रहेंगे। बस्तर में तो अभी नक्सलवाद समाप्त हुआ है। सरेंडर किए नक्सलियों से सूचना मिल रही है कि नक्सलियों ने कहां पर विस्फोटक छिपा कर रखा है, कहां कहां पर बारूदी सुरंगे बिछाई गई हैं। कहां हथियार छिपा कर रखे गए हैं। यह सिलसिला अभी महीनों चल सकता है।जब तक सभी हथियार,विस्फोटक सामग्री तलाश कर नष्ट नहीं कर दी जाती है, विस्फोट में आम लोगों को मारे जाने का अंदेशा बना रहेगा। सरकार की पूरी कोशिश है कि बस्तर में जहां कहीं भी बारूदी सुरंगे बिछाई गई है, उसे तलाश कर नष्ट कर दिया जाए ताकि नक्सलियों के अंत बाद भी बस्तर में कोई मारा न जाए। आने वाले दिनों में बस्तर में बारूद व विस्फोटक सामग्री मिलेगी इसलिए इस बार हुए हादसे से सबक लेने की जरूरत है ताकि फिर ऐसी घटना न हो और जवान हादसे में न मारे जाएं।

**7 मई टैगोर जयंती**

# टैगोर का शिक्षा दर्शन: भारतीय आत्मा और पाश्चात्य दृष्टि का अद्भुत समन्वय

**सुनील कुमार महला**



गुरूदेव रवींद्रनाथ टैगोर का जन्म 7 मई 1861 को बंगाल के एक अत्यंत प्रतिष्ठित और समृद्ध परिवार में महर्षि देवेंद्रनाथ टैगोर के घर हुआ था। बचपन से ही असाधारण और बेहद संवेदनशील प्रतिभा के धनी टैगोर ने मात्र 8 वर्ष की आयु में अपनी पहली कविता लिख दी थी और बहुत कम लोग जानते होंगे कि शुरुआत में वे 'भानुसिंह' उपनाम से लिखते थे। उन्हें चारदीवारी वाली पारंपरिक स्कूली शिक्षा बिल्कुल पसंद नहीं थी, इसलिए उनकी अधिकांश शिक्षा घर पर ही स्वाध्याय और निजी शिक्षकों के माध्यम से हुई। इसी स्वाध्याय के बल पर उन्होंने संस्कृत, भारतीय दर्शन और नक्षत्र-विज्ञान का गहन अध्ययन किया। वर्ष 1877 में कानून की पढ़ाई के लिए उन्हें इंग्लैंड भेजा गया, परंतु वहां के शैक्षणिक माहौल से संतुष्ट न होने के कारण, वे बिना कोई डिग्री लिए भारत लौट आए। टैगोर एक ऐसे बहुमुखी रचनाकार थे, जिन्होंने कविता, संगीत, नाटक, कहानी और चित्रकला-हर क्षेत्र पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने 2000 से अधिक गीतों की शानदार व दमदार रचना की, जिन्हें आज 'रवींद्र संगीत' के नाम से जाना जाता है, जो बंगाली संस्कृति का एक अनिवार्य हिस्सा हैं। पाठक जानते होंगे कि उनकी कालजयी साहित्यिक कृति 'गीतांजलि' (गीतों का उपहार) मूल रूप से बंगाली में लिखी गई थी तथा यह 14 अगस्त 1910 को प्रकाशित हुई थी। जब टैगोर ने स्वयं इसका अंग्रेजी अनुवाद किया, तब महान आयरिश कवि डब्ल्यू. बी. यीट्स(अंग्रेज़ी साहित्यकार) इसके अनुवाद से अत्यंत प्रभावित हुए और उन्होंने इस पुस्तक की ऐतिहासिक प्रस्तावना लिखी। इसी कृति के लिए टैगोर को वर्ष 1913 में साहित्य के क्षेत्र में विश्व का सर्वोच्च 'नोबेल पुरस्कार' प्राप्त हुआ और वे यह सम्मान पाने वाले पहले गैर-यूरोपीय बने। इसी वर्ष कलकत्ता विश्वविद्यालय ने उन्हें 'डी-लिट्' की उपाधि से भी सम्मानित किया। वर्ष 1915 में ब्रिटिश सरकार ने उन्हें 'नाइटहुड' (सर) की मानद उपाधि दी, जिसे उन्होंने 13 अप्रैल 1919 को हुए जलियांवाला बाग हत्याकांड के विरोध में अत्यंत क्षोभ के साथ वापस लौटा दिया।

टैगोर दुनिया के एकमात्र ऐसे कवि हैं जिनकी रचनाएं दो देशों का राष्ट्रगान बनीं-भारत का 'जन-गण-मन' और बांग्लादेश का 'आमार सोनार बांग्ला'। इसके अलावा, श्रीलंका के राष्ट्रगान 'श्रीलंका माथा' के रचयिता आनंद समराकून भी शांतिनिकेतन में टैगोर के ही शिष्य थे, जिन्होंने गुरुदेव की संगीत शैली से प्रेरित होकर इसकी रचना की थी। यहां पाठकों को यह भी बताता चलूं कि भारत के राष्ट्रगान को लेकर कुछ समय यह विवाद भी उठा कि यह ब्रिटिश राजा की प्रशंसा में लिखा गया है, परंतु बाद में यह पूर्णतः स्पष्ट हो गया कि यह मूल रूप से भारत की अंतरात्मा और उसके गौरव को समर्पित है।

बहरहाल, यहां पाठकों को यह भी जानकारी देता चलूं कि रवींद्रनाथ टैगोर और महात्मा गांधी के बीच का आत्मीय संबंध भी ऐतिहासिक है। बहुत कम लोग जानते होंगे कि मोहनदास करमचंद गांधी को सबसे पहले 'महात्मा' की उपाधि टैगोर ने ही दी थी, जबकि गांधीजी ने उन्हें आदरपूर्वक 'गुरुदेव' कहकर पुकारा था। पाठक शायद यह बात नहीं जानते होंगे कि टैगोर ने अपनी पत्नी और बच्चों की असामयिक मृत्यु के गहरे आघात को झेला, जिसने उनके लेखन में संवेदनशीलता और आध्यात्मिक गहराई को और अधिक बढ़ा दिया। उन्होंने महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन के साथ विज्ञान और दर्शन के गूढ़ विषयों पर प्रसिद्ध संवाद किए। अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में, 60 वर्ष की आयु में उन्होंने चित्रकला की शुरुआत की। उपलब्ध जानकारी के अनुसार वे 'रेड-ग्रीन कलर ब्लाइंडनेस' (लाल और हरे रंग को ठीक से न पहचान पाने की शारीरिक सीमा) से ग्रसित थे, लेकिन इस बाधा को पार करते हुए उन्होंने लगभग 3,000 पेंटिंग्स बनाईं। रंगों की इस सीमा के कारण ही उन्होंने चमकीले रंगों के बजाय डार्क शेड्स और म्यूट टोन का उपयोग किया, जिसने उनकी कला को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान दिलाई। सामाजिक मोर्चे पर, वे अंधविश्वासों के घोर विरोधी थे और उन्होंने बंगाल के पुनर्जागरण में अग्रणी भूमिका निभाते हुए बाल विवाह, छुआछूत और सती प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों का कड़ा विरोध किया। अपनी कहानियों 'काबुलीवाला' और 'चोखेर बाली', जो बहुत पठनीय व प्रसिद्ध रहीं हैं, के जरिए उन्होंने महिलाओं के अधिकारों और मानवीय संवेदनाओं को स्वर दिया। इतना ही नहीं, यह भी जानकारी मिलती है कि वर्ष 1905 के बंगाल विभाजन के समय उन्होंने हिंदू-मुस्लिम भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए 'राखी' को एकता के एक बड़े सांस्कृतिक प्रतीक के रूप में स्थापित किया। बहुत कम लोग यह बात जानते होंगे कि स्वतंत्रता के बाद, वर्ष 1948 में भारत सरकार ने उनके सम्मान में एक स्मारक डाक टिकट जारी किया, जिससे वे भारतीय डाक टिकट पर स्थान पाने वाले पहले गैर-राजनीतिक व्यक्तित्व बने। इसके अतिरिक्त, टैगोर का यह मानना था कि 'मानवता' राष्ट्रवाद से कहीं ऊपर है और वे अंध राष्ट्रवाद के कड़े आलोचक थे। इसी वैश्विक दृष्टिकोण और विश्वबंधुत्व की भावना के साथ उन्होंने यूरोप, अमेरिका, चीन और जापान जैसे देशों की यात्राएं कीं। वे बंगाल के प्रसिद्ध सूफी संत और बाउल गायक लालन फकीर के मानवतावादी व सांप्रदायिक सौहार्द के संदेशों से गहरे प्रभावित थे, जिसकी झलक उनके आध्यात्मिक चिंतन में मिलती है। उनका शिक्षा दर्शन प्रकृति की गोद में, चारदीवारी से मुक्त सहज विकास पर आधारित था। इसी उद्देश्य से उन्होंने 22 सितंबर 1921 को 'विश्वभारती' नामक शैक्षिक संस्थान (शांतिनिकेतन) की स्थापना की, जिसके विकास के लिए उन्होंने लगातार 20 वर्षों तक अथक प्रयास किया और नोबेल पुरस्कार से मिली पूरी राशि इसमें लगा दी। वे पश्चिम के विज्ञान, तकनीक व तर्कशीलता को पूर्व के अध्यात्म, शांति व मानवीय मूल्यों के साथ जोड़ना चाहते थे। इसी तालमेल को दर्शाने के लिए उन्होंने विश्वभारती का ध्येय वाक्य 'यत्र विश्वं भवत्येकनीडम्' (जहाँ पूरा विश्व एक घोंसला बन जाता है) रखा था। वास्तव में, उनका शिक्षा दर्शन बाल-केंद्रित था और वे चाहते थे कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा केवल उनकी मातृभाषा में ही हो। उन्होंने सीखने के लिए 'लर्निंग बाइ डूइंग' (करके सीखना) और 'भ्रमण विधि' को सर्वश्रेष्ठ माना। उनके पाठ्यक्रम में केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि खेलकूद, बागवानी, ड्राइंग, गायन, नृत्य, प्रयोगशाला कार्य और छात्र-स्वशासन जैसी गतिविधियां शामिल थीं। सच तो यह है कि रवीन्द्रनाथ टैगोर का शिक्षा दर्शन अत्यंत व्यापक, मानवतावादी और प्रकृति-केन्द्रित था। वे मानते थे कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसका उद्देश्य व्यक्ति के समग्र विकास (शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक) को सुनिश्चित करना है। टैगोर ने शिक्षा को स्वतंत्रता, रचनात्मकता और आनंद से जोड़ते हुए कहा कि बच्चों को खुले वातावरण-प्रकृति के बीच-सीखने का अवसर मिलना चाहिए, जिससे उनकी कल्पनाशक्ति और जिज्ञासा विकसित हो सके।उन्होंने शिक्षा में कला, संगीत, साहित्य और नाटक को महत्वपूर्ण स्थान दिया, ताकि विद्यार्थी केवल ज्ञान ही नहीं बल्कि संवेदनशील और सृजनशील इंसान बन सकें। टैगोर का मानना था कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार पाना नहीं, बल्कि मानवता, नैतिकता और विश्व बंधुत्व की भावना विकसित करना है। इसी विचार को साकार करने के लिए, जैसा कि ऊपर इस आलेख में पहले भी चर्चा कर चुका हूं कि, उन्होंने विश्व-भारती विश्वविद्यालय की स्थापना की, जहाँ भारतीय और पाश्चात्य शिक्षा का समन्वय किया गया। वास्तव में,वे बच्चों के नैतिक, शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास के लिए हस्तकला (क्राफ्ट) के प्रशिक्षण को भी जरूरी मानते थे। शिक्षक के संदर्भ में उनका विचार था कि 'मनुष्य केवल मनुष्य से ही सीख सकता है', इसलिए शिक्षक को हमेशा पूर्वाग्रह-मुक्त, स्नेही, ज्ञानी और समर्पित होना चाहिए, जो बालक को अपने निजी अनुभवों से स्वयं सीखने का वातावरण दे। 75 वर्ष की आयु पार करने के बाद भी वे निरंतर लिखते रहे और उनकी अंतिम कविताएं भी उतनी ही गहन थीं, जितना की शुरूआती दौर में। आधुनिक भारत में शैक्षिक और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के सबसे महान पैगंबर, समाज सुधारक और दार्शनिक रवींद्रनाथ टैगोर का निधन 7 अगस्त 1941 को उनके पैतृक आवास 'जोड़ासांको ठाकुरबाड़ी' में हुआ था, जो कोलकाता में स्थित है, यही उनका जन्मस्थान भी था।

**विश्लेषण**

# ऑपरेशन सिंदूर दुनिया के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण

**लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र प्रताप पांडे (सेवानिवृत्त)**



बदलते राजनैतिक-सैन्य लक्ष्यों के बीच युद्ध लड़ने के अमेरिका, इजराइल और रूस के प्रयोगों ने यह दर्शाया है कि 21वीं सदी के युद्ध और संघर्ष अक्सर लंबे एवं अस्पष्ट अभियानों में बदल रह गए हैं। इनके नतीजे संबंधित क्षेत्र के लिए विनाशकारी बन गए हैं और अखिरकार पहल करने वाले को ही इनका फायदा नहीं मिल पाया है।तालिबान, इराक, यूक्रेन, गाजा और अब ईरान का संघर्ष यह बतलाता है कि सैन्य कार्रवाई का उद्देश्य अनिश्चित काल तक दबाव बनाए रखना नहीं होता है।इसका उद्देश्य निर्णायक रणनीतिक नतीजेहासिल करना और फिर ज्यादाताकतवर सैन्य शक्ति द्वारा तय की गई अनुकूल शर्तों पर पीछे हट जाना होता है।

ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत द्वारा व्यक्त की गई प्रतिक्रिया ने दुनिया की सैन्य शक्तियों, खासकर संयुक्त राज्य अमेरिका के सामने अपनाए जाने लायक एक ठोस विकल्प पेश किया है। संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति ने अनगिनत बार युद्धविराम का झूठा श्रेय लिया है।लेकिन वही राष्ट्रपति ईरान को सैन्य एवं आर्थिक रूप से तबाह कर देने के बावजूद युद्धविराम का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाए हैं। ऑपरेशन सिंदूर सुनियोजित बल प्रयोग का एक ऐसा उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसमें उद्देश्यों को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया और उन उद्देश्यों को हासिल कर लेने के बाद अनुशासित संयम भी बरता गया।

ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान के स्थापित सुरक्षा प्रतिष्ठान द्वारा की गई उकसावे की एक क्रूर हरकत के बाद शुरू किया गया था। इस हरकत के तहत दिए गए निर्देशों अनुसार काम करने वाले आतंकवादियों ने धर्म के आधार पर केवल पुरुषों की उनके परिवार के सदस्यों, पत्नियों, बच्चों और माता-पिता के सामने बेरहमी से हत्याएं कीं। इस घटना के बाद न तो भावावेश में आकर तनाव बढ़ाया गया और न ही अंधाधुंध प्रतिशोध लिया गया। बल्कि एक सुनियोजित तरीके से जवाब दिया गया। हर कदम सोच-समझकर, लेकिन तेजी से उठाया गया। ये कदमदंडात्मक और विध्वंसात्मक, दोनों ही थे। इन कदमों को अलग-अलग ठिकानों को तबाह करने के उद्देश्य से तैयार किया गया था। यह क्षमता और इरादे, दोनों का संकेत था।फिर भी, तनाव घटाने के लिए भी एक अलग से गुंजाइश रखी गई थी। यह किसी कमजोरी का नहीं, बल्कि नियंत्रण का सबूत था। यह भावना नहीं, बल्कि वह निष्ठुरता थी जो न्यायसंगत युद्ध के अधिकार (जस एड बेलम) और क्षमताओं में विश्वास एवं भरोसे की वजह से आती है।

भारत की रणनीति की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता राजनैतिक-सैन्य उद्देश्योंको लेकर स्पष्टता थी। इसका लक्ष्य सीमा-पार आतंकवाद के लिए जिम्मेदार बुनियादी ढांचे एवं तत्वों पर तत्काल और ठोस प्रहार करना तथा प्रतिरोध को फिर से स्थापित करना था। यह सब परमाणु सुरक्षा कवच और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के दायरे में रहते हुए किया गया। अहम परिसंपत्तियों को तेजी से नष्ट करके और पाकिस्तान के सैन्य नेतृत्व को मनोवैज्ञानिक आघात पहुंचाकर इन लक्ष्यों को हासिल करने के बाद, भारत ने संघर्ष को रोक दिया।

कुल 88 घंटों के भीतर, भारतीय सशस्त्र बलों ने इस मिशन के उद्देश्यों को पूरा करके राजनीतिक प्रतिष्ठान को सौंप दिया। राजनीतिक प्रतिष्ठान ने सशस्त्र बलों को साफ और सुस्पष्ट निर्देश दिए थे। पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठानने युद्धविराम की गुहार लगाई। उन्हें यह गलतफहमी थी कि वेकोई नतीजा भुगते बिना उकसावे की हरकत बेलगाम जारी रख सकतेहैं। लेकिन उन्हें घुटने टेककर कदमों में गिरना पड़ा।उनके राजनेता लाइव मीडिया के सामने डरे हुए दिखाई दिए और सैन्य कमांडर छिप गए।

यह बेहद नाजुकक्षण था। इसने एक संरचनात्मक हकीकत को उजागर किया। भले ही पाकिस्तान की रणनीति लंबे समय से "हजारों घावों से लथपथ करके भारत को धीरे-धीरे कमजोर करने" की नीति पर केन्द्रित रही है, लेकिन उसमेंसीधे उसकी सत्ता के मूल केन्द्रों को निशाना बनाने वाले संक्षिप्त, तेज और उच्च तीव्रता वाले हमलों का सामना करने की क्षमता नहीं है। भारत के प्रति उसकी निरंतर शत्रुता केवल वैचारिक ही नहीं, बल्कि संस्थागत भी है। पाकिस्तान की सेना का राज्य पर प्रभुत्व संघर्ष की इसी रणनीति पर टिका हुआ है।

भारत का रणनीतिक समुदाय यह अच्छी तरह समझता है कि पाकिस्तान से उसकी रणनीतिक दिशा में मौलिक बदलाव की अपेक्षा करना अव्यावहारिक है, क्योंकि शत्रुता आकस्मिक नहीं बल्कि अस्तित्वगत है। इसलिएभारतीय प्रतिक्रिया ने पाकिस्तान के मसले को "हल" करने का प्रयास ही नहीं किया, बल्कि तत्काल दंड लगाकर और अंतहीन तनाव के चक्र में फंसे बिना प्रतिरोध को बहाल किया। यह अंतर महत्वपूर्ण है। चूंकि पाकिस्तान की सेना का राज्य पर प्रभुत्व अस्तित्वगत खतरे और धार्मिक पहचान पर आधारित संघर्ष के प्रतिमान के जरिए कायम है, इसलिए रणनीतिक परिपक्वता वैचारिक आधारों को बदलने में नहींबल्कि विश्वसनीय, सीमित और दोहराए जाने योग्य कार्रवाइयों के जरिए उसके व्यवहार को आकार देने में थी।वैचारिक आधारों को बदलना अक्सर एक असंभव कार्य होता है।

अमेरिकी योजनाकारों के लिए, यह कदम हालिया सैन्य अभियानों से बिल्कुल अलग स्थिति पेश करता है। संयुक्त राज्य अमेरिका ने बार-बार अपनी जबरदस्त सैन्य श्रेष्ठता का प्रदर्शन किया है, लेकिन सामरिक प्रभुत्व को स्पष्ट रणनीतिक नतीजों में बदलनेके लिए उसे काफी जूझना पड़ा है। यदि अभियानों को नियंत्रित न किया जाए, तो उनका दायरा हमेशा बढ़ता जाता है और उद्देश्य अस्पष्ट हो जाते हैं। यही नहीं, वे अपने शुरुआती लक्ष्यों से कहीं दूर आगे जाकर फैल जाते हैं।इसके परिणामस्वरूप रणनीतिक थकान, संसाधनों की बर्बादी और कुछ मामलों में विश्वसनीयता में कमी आती है। ईरान के साथ चल रहे मौजूदा युद्ध में भी संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ ठीक यही हुआ है। इसमें कोई नई बात नहीं है।बल्कि यह इराक, अफगानिस्तान और अन्य युद्धों या संघर्षों की पुनरावृत्ति है जिनमें संयुक्त राज्य अमेरिका को उलझना पड़ा।

जरा ईरान के साथ चल रहे युद्ध में ऑपरेशन सिंदूर के नमूनेके काल्पनिक इस्तेमाल पर विचार करें।आण्विक बुनियादी ढांचे,मिसाइल क्षमताओं और शासन के प्रमुख नेतृत्वकारी केन्द्रों को निशाना बनाने का लक्षित अभियान कुछ ही हफ्तों में पूरा हो चुका था और यही इसकी रणनीतिक सफलता भी थी। स्पष्ट रूप से सूचित और प्रभावी ढंग से अंजाम दिए गए निर्णायक हमले ने युद्ध को आगे बढ़ाने की ईरान की क्षमता को पहले ही कुंद कर दिया था। इसके बाद,इस मिशन की सफलता की घोषणा और अनिश्चितकालीन सैन्य उपस्थिति के बजाय राजनयिक और आर्थिक सहयोग की दिशा में आगे बढ़ने से राजनैतिक-सैन्य लक्ष्य हासिल हो जाते। यह विचार इस लेखक ने मार्च 2026 में भारतीय थिंक टैंक 'क्लॉज' में प्रकाशित अपने इश्यू ब्रीफ 496 में व्यक्त किया था।

ईरान भी शुरुआत से ही उबरने का कोई रास्ता तलाश रहा था, लेकिन अमेरिकी लक्ष्यबदलकर पूर्ण विनाश या अधीनता की दिशा में चला गया। इस विकल्प को आजमाया गया। संपूर्ण राजनीतिक परिदृश्य को बदलने के उद्देश्य वाले एक लंबे अभियान के परिणामस्वरूप द्वितीय और तृतीय स्तर के नतीजे सामने आए।आखिरकार यही नतीजे अब अमेरिकी हितों और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रहे हैं। लंबे सैन्य अभियान असंतुलित जवाबी कार्रवाई को न्योता देते हैं, घरेलू समर्थन को कम करते हैं और ऐसे भू-राजनैतिक शून्य पैदा करते हैं जिन्हें संभालना मुश्किल होता है। ईरान ने इन सभी उपायों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। पराजित, बर्बादएवं तबाह होने के बावजूद, वह सदृढ़ और विजयी बनकर उभरा है। इसके उलट, स्पष्ट उद्देश्यों पर आधारित एक संक्षिप्त एवंकारगर उपाय वांछित नतीजे हासिल करने के साथ-साथ रणनीतिक लचीलापन भी बनाए रख सकता था।

भारत का दृष्टिकोण युद्ध में तनाव को नियंत्रित रखने के महत्व को रेखांकित करता है, क्योंकि आधुनिक युद्ध केवल बल प्रयोग तक ही सीमित नहीं होते हैं।बल्कि इसमें शत्रु और अंतरराष्ट्रीय समुदाय, दोनों की धारणाओं को नियंत्रित करना भी शामिल होता है। अपनी प्रतिक्रिया को संतुलित रखकर, भारत ने कोई जल्दबाजी दिखाए बिना दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। इससे यही संकेत मिला है कि भारत निर्णायक कार्रवाई करने को जितना तैयार है, उतना ही वह अनियंत्रित संघर्षों को रोकने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

जहां कई विश्लेषक तनाव बढ़ाने की वकालत कर रहे थे, वहीं भारतीय नेतृत्व ने टकराव की मुद्रा में बने रहने के बजायअपनी व्यापक राष्ट्रीय प्राथमिकताओं, विशेष रूप से दीर्घकालिक विकास को ध्यान में रखा। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, देश ने अपनी आजादी की सौवीं वर्षगांठ यानी 2047 के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना पेश की है। आर्थिक विकास, तकनीकी उन्नति और वैश्विक एकीकरण इस मिशन के केन्द्र में हैं। ऑपरेशन सिंदूर पर विराम लगाने के बाद, देश ने पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को यह चेतावनी देते हुए दीर्घकालिक लक्ष्यों की ओर कदम बढ़ाया है कि यदि उसने कोई और गलती करने की हिम्मत की, तो उसे करारा जवाब दिया जाएगा। युद्धविराम के प्रस्ताव एवं विराम को स्वीकार करकेऔर इस प्रकार लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष से बचकर, भारत ने आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक विकास पर ध्यान केन्द्रित करने की उस क्षमता को बनाए रखा जो उसके दीर्घकालिक लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अनिवार्य है। इसके उलट, लंबे समय तक सैन्य संघर्षों में उलझे रहने वाले राष्ट्रों के घरेलू एजेंडे अक्सर हाशिए पर चले जाते हैं, उनके संसाधन दूसरी ओर मोड़ दिए जाते हैंऔर निरंतर युद्धरत रहने की छवि से उनकी वैश्विक हैसियत जटिल हो जाती है।

ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ सैन्य प्रभावशीलता का एक उदाहरण भर नहीं है, बल्कि कूटनीति का एक महत्वपूर्ण पाठ भी है। यह दर्शाता है कि सिर्फ एक निरर्थक एवं निरंकुश हथियार के बजाय नीति के एक सटीक साधन के रूप मेंबल का प्रयोग कैसे किया जा सकता है।

यह साबित करता है कि संयम को जब क्षमता के साथ प्रयोग किया जाता है, तो यह विश्वसनीयता को कम करने के बजाय बढ़ाता है। और यह इस विचार को पुष्ट करता है कि किसी सैन्य अभियान को सही समय पर समाप्त करना उतना ही महत्वपूर्ण होता है, जितना कि उसकी शुरुआत करना। अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए निष्कर्ष बिल्कुल स्पष्ट है। जटिल और अक्सर अनसुलझे संघर्षों से भरी दुनिया में, सफलता संघर्ष की अवधि से नहींबल्कि उद्देश्यों और नतीजों के बीच के सामंजस्य से निर्धारित होती है। भारत की संयमित लेकिन प्रभावी प्रतिक्रिया यह दर्शाती है कि निर्णायक प्रहार करना, प्रतिद्वंद्वी को अपने रुख में बदलाव के लिए मजबूर करना और फिर अपनी शर्तों पर पीछे हटना संभव है।

ऑपरेशन सिंदूर की पूरी संरचना न केवल एक अच्छी रणनीति थी, बल्कि चतुराई भरी शक्ति का सबसे अनुशासित रूप में इस्तेमाल भी थी।

# आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए नए उत्साह से भरा रहने वाला है। किसी कंपनी के शेयर खरीदने के लिए आप किसी एक्सपर्ट की सलाह ले सकते है। बहुत पुरानी बात आपको पता चल सकती, जिसको लेकर आप सरप्राइज होंगे।

वृष राशिः आज का दिन आपका खुशहाल रहने वाला है। आज आपका मनोबल बढ़ेगा। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज प्रॉपर्टी डीलर्स से मुलाकात करेंगे और कोई बढिया डील फाइनल करेंगे। किसी प्रोजेक्ट में उलझे विद्यार्थी टीचर्स से आज अपने डाउट क्लियर करेंगे।

मिथुन राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिलेगा,जिसको आप किसी जरूरी काम में लगायेंगे। प्राइवेट सेक्टर में काम कर रहे लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता हैं, आपका बढ़ेगा।

कर्क राशिः आज आपका दिन मंगलकारी होने वाला है। आज ऑफिस में स्टाफ के साथ अच्छा व्यवहार करेंगे जिससे कार्यों में आपको उनका सहयोग मिलेगा। आज घर में नन्हे मेहमान के आने से खुशी का माहौल रहेगा। ऑफिस में जो लोग आपके विरोधी है, वो भी आपकी कार्यशैली से प्रभावित होंगे।

सिंह राशिः आज आप अपने दिन की शुरुआत बहुत ही उत्साह से करेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र अपनी पढ़ाई जारी रखेंगे, जल्द ही सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। इस राशि के जो लोग प्लास्टिक का कारोबार कर रहे हैं उन व्यापारियों का काम अच्छा चलेगा, अधिक प्रॉफिट होगा।

कन्या राशिः आज आपका दिन बेहतर रहने वाला है। आज किसी नए व्यापार को शुरू करने से पहले उसके बारे में गंभीरता से जान लेना जरूरी है, किसी एक्सपर्ट की सलाह ले सकते है जिससे अधिक लाभ होगा। आज किसी दोस्त की हेल्प से आपको कोई अच्छी जॉब मिलने के योग बन रहे हैं।

तुला राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपका कॉन्फिडेंस लेवल अच्छा रहेगा। आपकी बेटी का सेलेक्शन आज सरकारी जॉब में होगा। जीवन में सफल होने के लिए आपको कठिन मेहनत करनी होगी। अपने बच्चों के साथ घर पर रह कर अच्छा समय गुजारेंगे।

वृश्चिक राशिः आज आपका मनोबल अच्छा रहेगा। आज सरकारी जॉब कर रहे लोगों की पदोन्नति के योग बन रहें है, सैलरी बढ़ेगी। स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानी के लिए आज किसी अच्छे डॉक्टर से मिलेंगे, जिससे कुछ राहत मिलेगी। अपनी सही बात के लिए आपके परिवार वालों का फुल सपोर्ट मिलेगा।

धनु राशिः आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। व्यापार में साझेदारी से लाभ होगा, आप चीजों को बेहतर ढंग से करने का प्रयास करेंगे। इंजीनियर्स के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है, टेक्निकल क्षेत्र में कुछ नया अनुभव मिलेगा।

मकर राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज कोई शुभ समाचार मिलेगा जिसकी खुशी आप अपने दोस्तों के साथ शेयर करेंगे। थोड़ी सी मेहनत करने से आप अपने कामों में सफलता जल्दी हासिल करेंगे। दोस्त लोग आज आपको सरप्राइज पार्टी देंगे जिससे मस्ती का माहौल बनेगा।

कुंभ राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी मांगलिक कार्यक्रम में जाने का अवसर मिलेगा। जिसमें शामिल होकर आप बेहतर फील करेंगे। पिता जी आपके बिजनेस में आपकी हेल्प करेंगे, जिससे अधिक लाभ होगा। महिलाएं आज घर के कामों में बिजी रहेंगी, नई डिशेज बनाएंगी जिनका आनन्द आपका पूरा परिवार उठाएगा।

मीन राशिःआज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपका व्यवहार विनम्र बना रहेगा, जिससे लोग आपसे प्रभावित होंगे। आज भी कारोबार शुरू करने से पहले एक्सपर्ट्स की सलाह ले जिससे आपको उसके बारे में फुल इनफॉर्मेशन पता हो जाएगी, उसी के एकार्डिंग आप अपनी योजनाओ को बनायेंगे। आज परिवार वालों के साथ मिलकर किसी मांगलिक कार्यक्रम में जायेंगे।

## सू- दोकू क्र.030

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[ख] सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.029 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -030

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**
1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीड़ा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि की परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 029 का हल



# इंद्रावती नदी से अवैध रेत खनन कर झिल्ली गांव में बड़े पैमाने पर किया है भंडारण

**राजकुमार कोण्डागुरला**

**बीजापुर, 6 मई।** अतिसंवेदनशील क्षेत्र के नाम पर कुछ लोग शासन प्रशासन के आंख में धूल झोंककर अपनी तिजोरी भरने का काम कर रहे है। भैरमगढ़ ब्लॉक मुख्यालय से महज 8 किमी दूर इंद्रावती नदी के किनारे बसे ताड़ोपोट गांव में इन दिनों अवैध रेत खनन जोरों पर है। ग्राम पंचायत के एक सचिव द्वारा अवैध रेत उत्खनन करने हेतु कच्ची सड़क बनाकर बड़े पैमाने पर इतामपार पंचायत के आश्रित ग्राम झिल्ली में लाकर संग्रहित किया जा रहा है।





उल्लेखनीय है कि, बिना किसी वैध अनुमति के ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और जेसीबी मशीन के जरिए लगातार रेत निकासी की जा रही है। इससे न सिर्फ नदी के प्राकृतिक स्वरूप को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि पर्यावरण पर भी गंभीर प्रभाव पड़ने की आशंका है। यदि समय रहते अवैध रेत खनन पर रोक नहीं लगाई गई, तो पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा पैदा होगा। यह संगठित आपराधिक समस्या है, जो नदियों के पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट कर रही है। जिससे नदी के तटों में कटाव के साथ बाढ़ की स्तिथि निर्मित होगी।स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बताया कि अवैध खनन के चलते नदी का जलस्तर प्रभावित हो रहा है और आसपास की जमीन कटाव का खतरा बढ़ गया है। कई बार प्रशासन को शिकायत देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।अवैध रेत उत्खनन पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाई जाए और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

**बिना अनुमति के रेत निकासी**

इस संबंध में ग्राम पंचायत इतामपार सचिव कोमल निषाद से तरुण छत्तीसगढ़ की टीम ने जानकारी चाही तो उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा बिना अनुमति के इंद्रावती नदी से रेत निकासी कर झिल्ली गांव में भंडारण किया गया है। मैं पंचायत का सचिव हूं, मुझे रेत उत्खनन करने के लिए किसी से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है।

बिना अनुमति रेत उत्खनन, अवैध अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भैरमगढ़, विकास सर्वे ने कहा कि पंचायत कर्मचारी हो या फिर कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के अगर नदी से रेत उत्खनन कर रहा है तो वह अवैध ही माना जाएगा। खनिज विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई किया जाएगा।

**जांच कर कार्रवाई की जाएगी**

जिला खनिज अधिकारी, छबिलेश्वर मौर्य ने उक्त संबंध में बताया कि आपके माध्यम से मामला संज्ञान में आया है। टीम भेजकर जल्द जांच करवाता हूं। बिना अनुमति के रेत उत्खनन, परिवहन और भंडारण करना दंडनीय अपराध है।

खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 के तहत अवैध उत्खनन के लिए जुर्माना ?5 लाख प्रति हेक्टेयर निर्धारित है। अवैध रूप से खनिज निकालने या भंडारण करने पर 5 साल की सजा और अवैध खनन में लिप्त वाहनों को जब्त करने का प्रावधान भी है।

कानूनी आधार-धारा 4(1)ः बिना लाइसेंस/पट्टे के खनन अवैध है। धारा 21(4)ः राज्य सरकार अवैध खनन से हुए नुकसान की भरपाई (रॉयल्टी या किराया) के रूप में वसूली कर सकती अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में कितनी तेजी से कार्रवाई करता है और क्या अवैध खनन पर रोक लग पाती है या नहीं।

## एक नजर

### प्राकृतिक आपदा में मृतक के परिजन को 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर, 6 मई।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधानों के तहत् राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 (4) के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा से मृतक के परिजन को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत तालाब के पानी में डुबने से मृत्यु में मृतक रोहित कोरसा के निकटतम वारिस उनके पिता रमेश कोरसा को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए है।

### स्कॉर्पियो वाहन की टक्कर से हिरण की मौत, वाहन जब्त

**बीजापुर, 6 मई ।** जिले के भैरमगढ़ वन परिक्षेत्र के अंतर्गत फूडरी इलाके में एक स्कॉर्पियो वाहन की टक्कर से एक हिरण की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार आज मंगलवार सुबह हिरण सड़क पार कर रही थी, तभी तेज गति से आ रही स्कॉर्पियो (सीजी 17 सीजी 5059) ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि हिरण ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। लोगो का कहना है कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में स्पीड कंट्रोल, चेतावनी संकेतक और वन्यजीव कॉरिडोर विकसित करना आवश्यक है। यह घटना एक बार फिर वन्यजीव संरक्षण और सड़क सुरक्षा के बीच संतुलन बनाए रखने की जरूरत को दर्शाता है। भैरमगढ़ वन परिक्षेत्र (सामान्य) के रेंजर जे.के. साहू ने बताया कि गीदम रोड से छोटे तुमनार की ओर जा रही स्कॉर्पियो की चपेट में आने से यह घटना हुई। वन विभाग ने वाहन को जब्त कर लिया है और आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है। उन्होंने कहा कि मृत हिरण का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

### पत्नी को जान से मारने का प्रयास करने वाला पति गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा, 6 मई ।** जिले के कुआकोंडा थाना क्षेत्र में पत्नी पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने आपसी विवाद के चलते घर के आंगन में बैठी पत्नी पर हसिया से गले पर वार कर जान से मारने की कोशिश की थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। परिजनों के मौके पर पहुंचने पर आरोपी फरार हो गया था, जबकि घायल महिला को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अजय कुमार भास्कर (26) निवासी मोलसनार मांझीपारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 2 मई की शाम करीब 5 बजे उसकी मां सुखमति भास्कर घर के आंगन में बैठकर आम छील रही थी। इसी दौरान उसका पति लक्ष्मण भास्कर घर पहुंचा और किसी बात को लेकर विवाद करने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने जान से मारने की कोशिश की और अपने पास रखे हसिया से पत्नी के गले पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हमले के बाद घायल महिला ने शोर मचाया, जिसे सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों को आता देख आरोपी वहां से फरार हो गया। गंभीर हालत में महिला को तत्काल इलाज के लिए बचेली स्थित अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले की रिपोर्ट पर कुआकोंडा पुलिस में आरोपी के खिलाफ धारा 109 (1) ब्एह्स के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की गई।

# महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों को कराना होगा ई-केवाईसी


■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 06 मई।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना के अंतर्गत समस्त पात्र हितग्राहियों के लिए ई-केवाईसी द्र-यङ्घष्ट कराना अनिवार्य कर दिया गया है। विभागीय निर्देशानुसार यह प्रक्रिया हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से उपलब्ध कराने हेतु लागू की गई है। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिन हितग्राहियों का अब तक ई-केवाईसी नहीं हुआ है, उनका शीघ्र सत्यापन कराया जाना आवश्यक है, अन्यथा उन्हें योजना के लाभ से वंचित होना पड़ सकता है। पोर्टल में नाम मिसमैच की समस्या के समाधान हेतु ऑटो करेक्शन सुविधा लागू की गई है, जिससे त्रुटियों का स्वतः सुधार किया जा सकेगा।उल्लेखनीय है कि नाम में त्रुटि सुधार के लिए हितग्राहियों को कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं होगी। पोर्टल के माध्यम से ही सुधार किया जाएगा। जिन हितग्राहियों के आधार में लिंग संबंधी त्रुटि है, उन्हें नजदीकी आधार केंद्र में जाकर सुधार कराना अनिवार्य होगा तभी ई-केवाईसी संभव होगा। ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है। किसी भी प्रकार का शुल्क लिया जाना नियम विरुद्ध है सीएससी केंद्रों में ई-केवाईसी की प्रक्रिया 01 अप्रैल 2026 से 30 जून 2026 तक संचालित की जाएगी। इस अवधि में शत-प्रतिशत ई-केवाईसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि किसी कारणवश कोई हितग्राही निर्धारित समय में ई-केवाईसी नहीं करा पाता है, तो उसे 01 जुलाई 2026 से 31 अगस्त 2026 के मध्य संबंधित परियोजना कार्यालय में ई-केवाईसी कराने का अवसर प्रदान किया जाएगा।हितग्राहियों की सूची जिला, विकासखंड, ग्राम एवं आंगनबाड़ी स्तर पर उपलब्ध कराई गई है, जिससे कार्य को सुचारू एवं पारदर्शी रूप से संपन्न किया जा सके। यदि ई-केवाईसी के दौरान आधार एवं पंजीयन क्रमांक सही होने के बावजूद समस्या आती है, तो संबंधित परियोजना कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। विभाग के द्वारा सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित समयावधि में अपने नजदीकी सीएससी केंद्र पर जाकर ई-केवाईसी अवश्य कराएं ताकि योजना का लाभ सतत एवं निर्बाध रूप से प्राप्त होता रहे।

## अबूझमाड़ के ताहकाडोंड गांव में मोबाइल टावर स्थापित

**नारायणपुर, 6 मई ।** जिले के अबूझमाड़ के सुदूर इलाकों के दुर्गम वनांचल ताहकाडोंड गांव में मोबाइल टावर की स्थापना से अब यहां के ग्रामीण सीधे मोबाइल नेटवर्क से जुड़ गए हैं, जिससे शासन-प्रशासन की पहुंच भी अंतिम छोर तक मजबूत हो रही है। विकासखंड ओरछा के ग्राम पंचायत मेटानार अंतर्गत ताहकाडोंड सहित आस-पास के गांवों में पहले एक कॉल करने के लिए पहाड़ियों पर चढ़ना या कई किलोमीटर दूर सड़क तक जाना मजबूरी थी। अब टावर लगने के बाद ग्रामीण अपने गांव में ही कॉल और इंटरनेट सेवाओं का सहज उपयोग कर पा रहे हैं। नारायणपुर कलेक्टर नम्रता जैन ने इसे अबूझमाड़ के लिए बड़ा परिवर्तन बताते हुए कहा कि दुर्गम क्षेत्रों में कनेक्टिविटी मजबूत करना शासन की प्राथमिकता है। ताहकाडोंड में टावर स्थापना इस दिशा में निर्णायक कदम है। उन्होंने संकेत दिए कि आने वाले समय में अन्य दूरस्थ इलाकों में भी नेटवर्क विस्तार किया जाएगा। नए मोबाइल टावर से ताहकाडोंड (125 जनसंख्या), कदेर (139 जनसंख्या) और ब्रेहबेड़ा (120 जनसंख्या) जैसे गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों को सीधा लाभ मिल रहा है। नेटवर्क उपलब्ध होने से अब ग्रामीण 108 एंबुलेंस सेवा को सीधे कॉल कर पा रहे हैं। स्वास्थ्य केंद्रों और अधिकारियों से त्वरित संपर्क संभव होने से आपात स्थिति में समय पर इलाज मिलना सुनिश्चित हो रहा है।

# सही दवा-शुद्ध आहार अभियान इन दिनों जोरों पर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 6 मई।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार 'सही दवा-शुद्ध आहार-यही छत्तीसगढ़ का आधार' थीम पर चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के तहत भोपालपटनम ब्लॉक में व्यापक निरीक्षण करते हुए चालानी कार्रवाई की गई।

मिली जानकारी के मुताबिक खाद्य एवं औषधि प्रशासन, राजस्व विभाग और नगर पंचायत की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में संचालित ढाबा, होटल, डेलीनीड्स, जूस सेंटर, फल दुकान, मिठाई दुकान और फास्ट फूड सेंटर सहित कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा मानकों में अनियमितता पाए जाने पर सत्यनारायण भोजनालय, मोना ढाबा, श्रीराजन ढाबा और लक्ष्मी फास्ट फूड पर चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही खाद्य कारोबारियों को स्वच्छता बनाए रखने, हाइजीन मेंटेन करने और खाद्य सुरक्षा से जुड़े आवश्यक नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। जिन दुकानदारों के पास खाद्य अनुज्ञप्ति पंजीयन नहीं था। उन्हें शीघ्र लाइसेंस बनवाने के लिए निर्देशित किया गया। अधिकारियों ने सभी व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा मानकों की विस्तृत जानकारी भी दी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सुरक्षित, शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है। साथ ही लोगों और दुकानदारों को स्वच्छता, पौष्टिक आहार और सुरक्षित दवा के उपयोग के प्रति जागरूक करना भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने कहा-कार्यकर्ता ही संगठन की नींव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 6 मई।** जिला मुख्यालय में मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय अटल सदन बीजापुर में जिला अध्यक्ष घासीराम नाग की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने कहा कार्यकर्ता ही संगठन की नींव है। उन्होंने आगामी चुनाव के मद्देनजर प्रत्येक बूथ स्तर पर भाजपा सरकार के नीतियों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को



लोगों तक पहुंचाने तथा संगठन को मजबूत करने हेतु बल दिया।जिला संगठन प्रभारी दीपेश अरोरा ने भाजपा की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा मोर्चा के अध्यक्ष उपाध्यक्ष व अन्य पदों के प्रभारी भी बनाए गए। उन्हें संगठन की गोपनीयता का शपथ भी दिलाया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, कार्यसमिति सदस्य श्रीनिवास मुदलियार, जिला महामंत्री फूलचंद गागड़ा, एसटी मोर्चा प्रदेश मंत्री जिलाराम राणा, मीडिया प्रभारी सल्ला प्रताप, एरन्ना अन्मुल, सहित प्रदेश पदाधिकारीगण, जिला पदाधिकारीगण, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा एवं सभी मंडलों के पदाधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मेकॉज में भर्ती मरीज के पति ने तीसरी मंजिल से लगाई छलांग

**जगदलपुर, 6 मई।** मेडिकल कॉलेज डिमरापाल जगदलपुर में एक मरीज के पति लक्ष्मण ने बाथरूम की खिड़की के तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। यह घटना फीमेल मेडिसिन वार्ड में हुई, जिससे अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी फैल गई। घायल को तत्काल आपातकाल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। मरीज के परिजनों ने बताया कि लक्ष्मण की दिमागी हालत ठीक नहीं है। इसी कारण उसने इतना बड़ा कदम उठाया है। फिलहाल, घायल लक्ष्मण का उपचार जारी है और उसकी स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है। अस्पताल प्रशासन इस घटना के कारणों की जांच कर रहा है।मिली जानकारी के अनुसार मारडूम निवासी 28 वर्षीय पायके माड़वी पीलिया के इलाज के लिए फीमेल मेडिसिन वार्ड के बिस्तर संख्या 18 पर भर्ती हैं। आज मंगलवार सुबह उनके पति लक्ष्मण बाथरूम में गए और वहां लगे लोहे के रॉड को मोड़कर खिड़की से नीचे छलांग लगा दी, जिसे देखकर नीचे काम कर रहे सफाई कर्मचारी ने सुरक्षाकर्मियों को इसकी सूचना दी।

# एटीएम रूम का एसी बंद, ग्राहकों को नकदी निकालने में छूट रहे पसीने



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 6 मई।** नगर के स्टेट बैंक चौक में भारतीय स्टेट बैंक की ओर से लगाई गई एटीएम रूम की एसी बीते कई महिनों से खराब पड़ी है। ठंड में तो ग्राहकों को कोई परेशानी नहीं हो रही थी मगर अभी भीषण गर्मी पड़ रही है ऐसे में एटीएम में नकदी निकालने जाने वाले ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नकदी निकालने जाने वाले ग्राहकों को चिलचिलाती गर्मी में बिना एसी वाले कमरे में पैसे निकालने के लिए पसीना बहाना पड़ रहा है। एटीएम रूम के अंदर ग्राहकों का गर्मी से हाल बेहाल हो रहा है। एटीएम की एसी बंद होने से मशीनें भी बार बार गर्म होकर खराब हो रही है। जिससे भी ग्राहकों को नकदी नहीं मिल पा रही है। गर्मी के कारण मशीन रूक रूककर काम करती है या ट्रांजेक शन फेल हो जाते हैं। भारतीय स्टेट बैंक उपभोक्ताओं को तमाम सुविधा देने की बड़ी बड़ी बातें तो करता है मगर एटीएम जैसे अति आवश्यक स्थल पर जब एसी खराब हो जाता है तो उसे बनवाना भी जरूरी नहीं समझता। ग्राहकों की समस्या या तकलीफ से बैंक वालों को कोई मतलब ही नहीं होता। एसी ठीक करवाने के लिए कहा जाता है तो बैंक के जिम्मेदार अधिकारी कहते हैं कि अपनी शिकायत लिखकर कम्प्लेन बॉक्स में डाल दो।

### जन मन पत्रिका से लोगों को मिलेगी योजनाओं की जानकारी

# ईटपाल में हुआ सुशासन तिहार का आगाज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 6 मई।** जिले में शासन की नई पहल सुशासन तिहार कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को ग्राम पंचायत ईटपाल में हुआ है। जिसमें जिले समस्त विभागों के चौपाल लगाए गए हैं। ग्रामीणों को एक साथ शासन प्रशासन की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ उठाने का मौका मिलेगा। सुशासन तिहार कार्यक्रम जिले के सभी विकासखंडों के अलग अलग क्षेत्रों में आयोजन किया जाएगा।



छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित 'जन-मन' पत्रिका का वितरण किया गया। इस पत्रिका के माध्यम से आम नागरिकों को विभिन्न विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई।कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने पत्रिका को उत्साहपूर्वक ग्रहण किया और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति अपनी रुचि दिखाई। अधिकारियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य योजनाओं की जानकारी को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें।सुशासन तिहार के तहत आयोजित इस गतिविधि ने ग्रामीणों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और शासन व जनता के बीच संवाद को मजबूत किया।

### नेताजी बाजारी वार्ड की नालियां बजबजा रहीं

**रायपुर, 6 मई।** सफाई व्यवस्था चकाचक होने के नगर निगम प्रशासन के दावे की पोल नेताजी कन्हैयालाल बाजारी वार्ड में बजबजा रही नालियां खोल रही हैं। वार्ड में न तो नियमित रूप से झाड़ू लगती है और न ही नालियों की सफाई की जाती है। ऋषि उइके ने बताया कि शिकायतों के बाद भी निगम प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सोया है। जोन कार्यालय किसी काम का नहीं रहा। स्वास्थ्य अधिकारी का अता पता नहीं है। सफाई के नाम पर प्रति माह लाखों रू. का भुगतान किया जाता है। किंतु सफाई की नदारद है।

# चलती कार में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

- आग में कार जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई
- नगर के गायत्री चौक की घटना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 6 मई।** जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में बीती रात एक चलती कार में भीषण आग लगने की घटना हुई है। कार चालक ने किसी तरह कुदकर अपनी जान बचाई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचती उससे पहले ही कार आग का गोला बन गई और देखते ही देखते कुछ पलों में ही जलकर पुरी तरह खाक हो गई। आग लगने की वजह कार के इंजिन में शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है।



चलती कार में आग लगने की घटना बीती रात करीब 9.30 बजे की है। बचेली निवासी धनसिंग नाग अपनी सफेद रंग की स्वीप्ट डिजायर कार ड्राइव करते हुए गीदम से दंतेवाड़ा की ओर आ रहे थे उसी दौरान रेलवे क्रॉसिंग पार करने के बाद जैसे ही उनकी कार परदेशी चौक को पार कर रही थी तभी किसी बाईक चालक की नजर उनकी कार के पिछले हिस्से पर पड़ी तो देखा कि पिछे चिंगारी निकल रही थी और उसमें आग लग रही थी। बाईक चालक ने कार को ओव्हर टेक करते हुए गायत्री चौक पर रोका और कार चालक को बताया कि आपके कार में आग लग गई है। कार चालक ने फौरन ब्रेक मारी और कुदकर कार से बाहर निकला तो देखा के पीछे और सामने बोनट हिस्से में आग पकड़ लिया है और आग तेजी से पुरे कार को चपेटे में लेता जा रहा है। कार में आग लगने की घटना को देखने के लिए वहां काफी भीड़ लग गई लोग विडिया बनाना शुरू कर दिए थे। पास में ही कोतवाली थी इसलिए पुलिस बल भी तुरंत ही मौके पर पहुंच गई। फौरन फायर बिग्रेड को सूचित किया गया फायर ब्रिगेड की वाहन पहुंचती इससे पहले ही कार आग का गोला बन चुका था। देखते ही देखते कुछ ही पलों में कार पुरी तरह से जलकर खाक हो चुका था। फायर ब्रिगेड ने आग को बुझा तो दिया मगर तब तक काफी देर हो चुकी थी। बता दें कि करीब एक माह पूर्व भी बास्तानार घाट में किरंदुल से जगदलपुर की तरफ जा रही एक कार में आग लग गई थी उसमें बैठे सभी लोग कुदकर अपनी जान बचाने में कामयाब तो हुए थे मगर उनके आंखों के सामने ही कार पुरी तरह जलकर खाक हो गया था।

# बस्तर के युवाओं के लिए नवाचार की अपार संभावना नवाचार से करें क्षेत्र का विकासःओ.पी. चौधरी

**जगदलपुर, 6 मई।** वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में आयोजित ÷इनोवेशन महाकुंभ 1.0÷ को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने बजट में बस्तर के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए हैं, जिससे युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे। उन्होने कहा कि देश की चार ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की दिशा में बढ़ते भारत में बस्तर के युवाओं के लिए अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बस्तर के युवाओं को वन उत्पाद, पर्यटन, कला-संस्कृति और कृषि से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में नवाचार के साथ कार्य कर क्षेत्र के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बस्तर के युवा आर्थिक रूप से सशक्त बनकर समाज निर्माण में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि बस्तर आज नई आशा और नई दिशा के साथ आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में पूना मारगेम से जुड़े साथियों की भागीदारी का स्वागत करते हुए बस्तर के विकास में सहभागी बनने की बात कही। अपने संबोधन में उन्होंने कई प्रेरणादायक उदाहरण साझा किए, जिनमें लोगों ने विपरीत परिस्थितियों से निकलकर नवाचार के माध्यम से आर्थिक प्रगति हासिल की। श्री चौधरी ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने स्वयं नौकरी छोड़कर कृषि व्यवसाय अपनाया और आत्मनिर्भरता हासिल की। उन्होंने युवाओं को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ÷माँ सरस्वती के उपासक बनेंगे तो माँ लक्ष्मी स्वयं साथ आएंगी÷, आज का युग ज्ञान आधारित है, इसलिए युवाओं को अपनी क्षमता और कौशल का निरंतर विकास करना चाहिए।उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थान केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि अनुशासन भी सिखाते हैं। अनुशासन के साथ ईमानदारी से प्रयास कर ही बेहतर भविष्य का निर्माण संभव है।

# रायगढ़ में जनसमस्या निवारण शिविरों की शुरुआत, कलेक्टर ने दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 6 मई ।** राज्य शासन की मंशानुरूप आयोजित सुशासन तिहार-2026 के तहत रायगढ़ जिले में जनसमस्या निवारण शिविरों का सिलसिला प्रारंभ हो चुका है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शिविरों में प्राप्त मांग, शिकायत और समस्याओं का अत्यंत सूक्ष्मता, गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ परीक्षण किया जाए तथा प्रत्येक आवेदन का उच्च गुणवत्ता के साथ समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर भी इन आवेदनों की बारीकी से समीक्षा की जा रही है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने बताया कि सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री स्वयं और राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारी प्रदेशभर में लगातार औचक निरीक्षण कर रहे हैं। इन निरीक्षणों के माध्यम से वे जनकल्याणकारी योजनाओं, अभियानों और हितग्राही मूलक योजनाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन कर रहे हैं तथा सीधे आमजन से फीडबैक ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया से शासन को जमीनी हकीकत की स्पष्ट जानकारी मिल रही है, जिससे योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। उन्होंने जिला एवं अनुविभाग स्तर के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस अभियान को अत्यंत गंभीरता से लें और शिविरों के आयोजन से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने शिविरों के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर देते हुए कहा कि कोटवारों, दीवार लेखन, मुनादी और अन्य स्थानीय माध्यमों से गांव-गांव तक सूचना पहुंचाई जाए, ताकि ग्रामीण, किसान, महिलाएं और युवा अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकें। जिले में 5 मई से 10 जून 2026 तक पांच चरणों में कुल 27 जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। ये शिविर क्लस्टरवार आयोजित है, जिनमें आसपास की कई ग्राम पंचायतों को जोड़ा गया है। इन शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करना, शासन की योजनाओं की जानकारी देना और पात्र हितग्राहियों को तत्काल लाभ पहुंचाना है। शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर शिकायतों का त्वरित निराकरण करेंगे तथा आवश्यकतानुसार ऑन-द-स्पॉट सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

प्रथम चरण के अंतर्गत 6 मई को लैलूंगा विकासखंड के ग्राम पंचायत झगरपुर में आयोजित शिविर में 18 ग्राम पंचायतों को जोड़ा गया है। 7 मई को पुसौर विकासखंड के औरदा स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में 22 ग्राम पंचायतों की भागीदारी होगी। इसी प्रकार 8 मई को खरसिया विकासखंड के सरवानी में आयोजित शिविर में 20 ग्राम पंचायतें शामिल होंगी। 11 मई को घरघोड़ा विकासखंड के घरघोड़ी (धांगरपारा) में 21 तथा 12 मई को तमनार के कुंजेमूरा में 20 ग्राम पंचायतों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। द्वितीय चरण के अंतर्गत 13 से 20 मई तक 6 शिविर, तृतीय चरण में 21 से 29 मई तक 6 शिविर, चतुर्थ चरण में 1 से 5 जून तक 5 शिविर तथा पंचम चरण में 8 से 10 जून तक 3 शिविरों का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक चरण में संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है, ताकि किसी भी समस्या का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।बैठक के दौरान कलेक्टर ने अन्य महत्वपूर्ण विषयों की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में हाल ही में आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन पर जोर देते हुए जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और गुणवत्ता सुधार के निर्देश दिए। साथ ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं अन्य विभागों को भी समन्वय के साथ कार्य करने के लिए कहा।कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कलेक्टर ने प्रत्येक विकासखंड में एक-एक ग्राम को जैविक खेती के लिए चयनित करने, किसानों को जैविक खाद के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने तथा जिले में सुगंधित धान की खेती को बढ़ावा देने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि, खाद, मार्कफेड और सहकारी संस्थाओं के अधिकारियों को मांग के अनुरूप जिले को प्राप्त उर्वरक खाद-बीज की मात्रा एवं सहकारी समितियों में खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा इसकी नियमित मॉनिटरिंग कर दैनिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके अलावा पंचायतों में वित्तीय अनियमितताओं की वसूली, विद्युत विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच, जल जीवन मिशन के अंतर्गत पूर्ण कार्यों के सुचारू संचालन, नए आंगनबाड़ी भवनों के लिए भूमि आबंटन तथा शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन बनाए रखने जैसेविषयों पर भी कलेक्टर ने दिशा-निर्देश दिए।

## एक नजर

### कौशल्या बसोड़ कपड़ा दुकान और गन्ना रस व्यवसाय से बनी 'लखपति दीदी'



**रायगढ़, 6 मई ।** जिले में आयोजित समाधान शिविर केवल समस्याओं के निराकरण का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की नई कहानियों का मंच भी बन रहा है। रायगढ़ विकासखंड के ग्राम लोईंग में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में स्थानीय महिला उद्यमी श्रीमती कौशल्या बसोड़ को 'लखपति दीदी' का प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जो उनके संघर्ष, मेहनत और आत्मनिर्भरता की प्रेरक यात्रा का प्रतीक है। कभी सीमित संसाधनों और घरेलू जिम्मेदारियों के बीच जीवन व्यतीत करने वाली कौशल्या ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) से जुड़कर अपने जीवन को नई दिशा देने का निर्णय लिया और 'जय जगदम्बा' स्व-सहायता समूह का गठन कर उसकी अध्यक्ष बनीं, जिससे उन्होंने स्वयं के साथ-साथ अन्य महिलाओं को भी सशक्त बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया। बिहान योजना के अंतर्गत प्राप्त वित्तीय सहयोग और मार्गदर्शन से कौशल्या ने छोटे स्तर से अपने व्यवसाय की शुरुआत की। उन्होंने सबसे पहले कपड़े की दुकान प्रारंभ की, जिससे नियमित आय का स्रोत बना। इसके बाद उन्होंने गन्ना रस निकालने की मशीन खरीदकर अपने उद्यम का विस्तार किया, जो क्षेत्र में लोकप्रिय व्यवसाय के रूप में स्थापित हुआ। आय में वृद्धि के साथ उन्होंने परिवहन क्षेत्र में भी कदम रखा और ऑटो खरीदकर उसे व्यावसायिक उपयोग में लगाया। इन विविध आय स्रोतों के माध्यम से उनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये से अधिक हो गई, जिससे वे 'लखपति दीदी' के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल रहीं। लोईंग में आयोजित समाधान शिविर में उन्हें 'लखपति दीदी' का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, जो उनके आत्मविश्वास और उपलब्धि का महत्वपूर्ण पड़ाव है। कौशल्या बसोड़ का कहना है कि शासन की योजनाओं और बिहान के सहयोग से उन्हें नई पहचान मिली है तथा आज वे न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर पाई हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को भी स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर रही हैं। समाधान शिविर में मिला यह सम्मान उनके लिए गर्व का विषय है। बता दे कि समाधान शिविर के माध्यम से प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित हो रहा है, जिससे योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। यह पहल न केवल समस्याओं के निराकरण तक सीमित है, बल्कि आत्मनिर्भर समाज के निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम भी सिद्ध हो रही है।

### ग्राम पंचायत कचना में लाखों के विकास कार्यो का किया गया भूमिपूजन



**अंवरी,6 अप्रैल।** ग्राम पंचायत कचना में विकास कार्यो का भूमि पूजन किया गया7 15 वे वित्त जिला पंचायत निधि से ग्राम पंचायत कचना में सीसी रोड 2 लाख रूपये, पक्की नाली निर्माण 1 लाख रूपये, अंबेडकर चौक में चबूतरा सिंटेक्स 1.50 लाख रूपये एवं विभिन्न कार्यों के लिए भूमि पूजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती कुलेश्वरी सुनील गायकवाड सदस्य जिला पंचायत धमतरी, धर्मेंद्र ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत कचना, पुरुषोत्तम चक्रधारी पूर्व सरपंच, गुलेश्वरी साहू उपसरपंच कचना, अलख राम साहू प्राधिकृत अधिकारी सहकारी समिति अध्यक्ष, केकचंद साहू, यशवंत साहू, शिशुपाल सेन,गणेश राम साहू,बृजमोहन राम मारकंडे, उतरा साहू पंचगण एवं समस्त नागरिक बंधु की उपस्थित रहे।

### अबूझमाड़ के किसानों ने धमतरी में सीखे आय बढ़ाने के गुर

**धमतरी, 6 मई ।** नक्सल प्रभावित बस्तर के अबूझमाड़ क्षेत्र के किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। औषधि पादप बोर्ड रायपुर द्वारा 02 मई को नारायणपुर जिले के 50 से अधिक आदिवासी किसानों के लिए धमतरी जिले में अध्ययन प्रवास सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत कोहकमेटा, कुरुषनार, कंदाड़ी, किहकाड, कोडोली और बासिंग गांव के किसानों को औषधीय एवं सुगंधित पौधों की उन्नत खेती की तकनीकों से अवगत कराया गया। किसानों ने महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा की जा रही खस, ब्राह्मी और बच की खेती का अवलोकन कर व्यावहारिक जानकारी हासिल की।नई सुबह की ओर अभियान से मिली नई दिशा यह कार्यक्रम नई सुबह की ओर अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया।

# सुशासन तिहार-संवाद से समाधान की सशक्त पहल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 6 मई।** जिले में सुशासन तिहार का शुभारंभ लोईंग में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर के साथ हुआ, जहां ÷संवाद से संपूर्ण समाधान÷ की अवधारणा को प्रभावी रूप से साकार किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं एवं विभिन्न योजनाओं के लाभ के लिए कुल 869 आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें से 300 से अधिक आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। लोईंग क्लस्टर की 21 ग्राम पंचायतों से प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों द्वारा ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज कर नियमानुसार निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के ÷संवाद से समाधान÷ के संकल्प के अनुरूप आयोजित इस शिविर में लोगों में भारी उत्साह देखा गया। शिविर में 25 से अधिक विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जैविक खेती सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 3 ग्राम पंचायतों को फील्ड टेस्ट किट वितरित किए गए तथा 3 हितग्राहियों को नलकूप खनन एवं पंप प्रतिष्ठान की सुविधा प्रदान की गई। कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत 2 हितग्राहियों चेक राशि, मछली पालन विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को आइस बॉक्स एवं सामग्री वितरित की गई। स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग द्वारा सैकड़ों लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवाई वितरण किया गया।

जनपद पंचायत द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 5 हितग्राहियों को आवास की चाबी, मनरेगा के अंतर्गत 5 हितग्राहियों को जॉब कार्ड तथा 5 हितग्राहियों को डबरी निर्माण की स्वीकृति आदेश प्रदान किए गए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) अंतर्गत 5 स्व-सहायता समूह की महिलाओं को ÷लखपति दीदी÷ प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। खाद्य विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को राशन कार्ड तथा श्रम विभाग द्वारा 6 हितग्राहियों को श्रम कार्ड वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों द्वारा भी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुजाता चौहान, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री राम श्याम डनसेना सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को शासन की योजनाओं से जोड़ते हुए उनके समग्र विकास को प्राथमिकता देना है। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं, किंतु इस शिविर के माध्यम से पूरा जिला प्रशासन उनके द्वार पर उपस्थित है। उन्होंने नागरिकों से शिविर का अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि तत्काल निराकरण योग्य आवेदनों का समाधान मौके पर ही सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे ने शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। एसडीएम श्री महेश शर्मा ने बताया कि शिविर में महतारी वंदन योजना अंतर्गत ई-केवाईसी, आधार कार्ड, ड्रायविंग लाईसेंस निर्माण सहित विभिन्न आनलाईन सुविधाएं भी एक ही स्थल पर उपलब्ध करायी गई। शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया गया। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए शिविर स्थल पर छाया, पेयजल, ओआरएस घोल, कूलर एवं भोजन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

# प्री.पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा 7 मई को

**रायगढ़, 6 मई।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा प्री.पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा (पीपीटी 26) का आयोजन 7 मई को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा हेतु जिला रायगढ़ में 5 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, जिसमें 1350 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों में आबंटित एक पुरूष एवं महिला पुलिस कर्मी से फ्रिस्किंग का कार्य किया जाएगा। महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग महिला पुलिस कर्मी से ही कराया जाएगा। परीक्षा के सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर श्री धनराज मरकाम मोबा.नं.97535-36151 को नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य श्री भुवनेश्वर पटेल मोबा.नं.70000-81311 को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

परीक्षार्थियों को निम्नांकित निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थी परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लें, ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व प्रातः 9.30 बजे परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बाह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आए। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरुन, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा। उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरना पड़ेगा तभी परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति होगी। फुटवियर के रुप में केवल चप्पल पहने। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधा घंटा में एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधा घंटा में परीक्षा कक्ष से बाहर जाना वर्जित है।

परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है।

# अवैध महुआ शराब सहित युवक गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 6 मई ।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देश एवं सहायक आयुक्त आबकारी क्रिस्टोफर खलखो के मार्गदर्शन में टीम ने 4 मई को आबकारी वृत्त घरघोड़ा क्षेत्र में छापेमारी की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, देवगांव निवासी 37 वर्षीय कार्तिक कुंवर को अवैध महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। टीम ने उसके कब्जे से लगभग 10 लीटर महुआ शराब जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत 2 हजार रुपये बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इसके अलावा, ग्राम सोहाई के जंगल क्षेत्र में अवैध शराब भट्ठी की सूचना पर भी विभाग ने छापामार कार्रवाई की। इस दौरान करीब 75 लीटर हाथ भट्ठी शराब और 225 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद कर नष्ट किया गया। पूरे मामले की जांच जारी है।

# ऐतिहासिक जीत पर भाजपा का जश्न, कारगिल चौक कुरूद में आतिशबाजी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कुरूद 6 मई।** तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय एवं बंगाल में उल्लेखनीय प्रदर्शन को लेकर भाजपा कुरूद मंडल द्वारा नगर के कारगिल चौक में जोरदार उत्सव मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर आतिशबाजी की और मिठाइयाँ बांटकर अपनी खुशी जाहिर की।

इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को जीत की बधाई दी। नगर पालिका कुरूद के अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने कहा कि यह विजय देश की जनता के विश्वास और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किए गए विकास कार्यों की जीत है।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आने वाले समय में पार्टी और अधिक मजबूती के साथ जनता की सेवा में जुटी रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को इस सफलता का श्रेय देते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर किए गए अथक परिश्रम का ही परिणाम है कि पार्टी को यह ऐतिहासिक सफलता मिली है।इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे, जिन्होंने उत्साहपूर्वक जश्न में भाग लिया। पूरे कारगिल चौक क्षेत्र में देर तक उत्सव का माहौल बना रहा।रविकांत चन्द्राकर पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, मेघा मंडल अध्यक्ष कल्याण राजपुत, नगर संयोजक भोजराज चन्द्राकर, मंडल महामंत्रीगण प्रभात बैस, थानेश्वर तारक, पार्षदगण मिथिलेश बैस, महेन्द्र गायकवाड़, वरिष्ठ नेतागण मालकराम साहू, भारत भूषण पंचायन, सुनील चन्द्राकर, भारत साहु, बल्लू चन्द्राकर, दुलार चन्द्राकर, कमलेश चन्द्राकर, कमल शर्मा, विनोद चन्द्राकर, प्रकाश चन्द्राकर, जनपद सदस्य हिमांशु साहु, बादल चन्द्राकर, युवा मोर्चा अध्यक्ष केशव चन्द्राकर, लक्ष्मीकांत साहू, ऋषभ सिन्हा, कृष्णा सेन, कमलेश ध्रुव, विकास निषाद सहित बहुत संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाजपा के जीत पर खुशियाँ मनाईं।

# सुशासन तिहार में जीवराज पटेल की समस्या का हुआ त्वरित निराकरण

## सूखे पेड़ों के खतरे से मिली राहत, प्रशासन ने दिखाई तत्परता



**रायगढ़, 6 मई।** सुशासन तिहार के अंतर्गत रायगढ़ विकासखंड के ग्राम लोइंग में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम निवासी श्री जीवराज पटेल की वर्षों पुरानी समस्या का त्वरित समाधान किया गया। श्री पटेल के घर के समीप लंबे समय से 7 सूखे पेड़ खड़े थे, जो कभी भी गिर सकते थे। इन पेड़ों के कारण उनके परिवार के लिए लगातार खतरा बना हुआ था और यह समस्या लंबे समय से चिंता का विषय बनी हुई थी।

शिविर में आवेदन प्राप्त होते ही प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं नोडल अधिकारी के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पेड़ों की कटाई हेतु तत्काल अनुमति जारी की गई, जिससे आवेदक को तत्काल राहत मिली। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं के अंतर्गत सामग्री का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। इससे शासन के प्रति जनविश्वास लगातार सुदृढ़ हो रहा है और प्रशासन एवं आमजन के बीच संवाद और सहभागिता को नई मजबूती मिल रही है।

### सुशासन से साकार हुआ सपना जयकुमारी को मिला पक्का घर

**रायगढ़, 6 मई।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित 'सुशासन तिहार' ग्रामीण अंचलों में बदलाव की नई तस्वीर प्रस्तुत कर रहे हैं। ग्राम पंचायत लोइंग में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर जयकुमारी प्रधान के जीवन में खुशियों की सौगात लेकर आया, जहां उन्हें उनके सपनों के पक्के घर की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी गई।

ग्राम भिखारीमाल की निवासी जयकुमारी प्रधान लंबे समय से एक जर्जर कच्चे मकान में अपने परिवार के साथ जीवन यापन कर रही थीं, जहां हर मौसम उनके लिए चुनौती बनकर सामने आता था। विशेषकर बारिश के दिनों में छत टपकने, दीवारों के कमजोर होने और परिवार की सुरक्षा को लेकर उन्हें निरंतर चिंता बनी रहती थी।आर्थिक तंगी के कारण पक्का घर बनाना उनके लिए संभव नहीं हो पा रहा था, लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने उनके जीवन में उम्मीद की नई किरण जगाई। योजना के तहत उन्हें समय पर किश्तों में राशि प्राप्त हुई।

# सही दवा-शुद्ध आहार अभियान के तहत औषधि दुकानों की सघन जांच



**रायगढ़, 6 मई ।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा सही दवा-शुद्ध आहारदृ यही छत्तीसगढ़ का आधार÷ अभियान के अंतर्गत जिले में औषधि दुकानों की सघन जांच की गई। इस दौरान विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण कर दवाओं के भंडारण, बिक्री एवं गुणवत्ता संबंधी मानकों की बारीकी से जांच की गई। अभियान के तहत रजा मेडिकल-2 जूटमिल, बालाजी मेडिकल स्टोर, श्री पटेल मेडिकल स्टोर, शैल मेडिकोज, गर्ग मेडिकल एवं सिद्धी विनायक मेडिकल स्टोर कुल 6 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान अधिकारियों ने औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 तथा नियमावली 1945 के प्रावधानों के तहत दुकानों के संचालन की स्थिति का परीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान संदिग्ध दवाओं के क्रय-विक्रय, भंडारण व्यवस्था एवं दस्तावेजों की जांच की गई। आवश्यकतानुसार नमूने लेकर परीक्षण हेतु भेजे गए तथा संबंधित प्रतिष्ठानों को नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। सहायक औषधि नियंत्रक ने बताया कि आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित दवाएं उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। इसके लिए नियमित रूप से जांच अभियान चलाए जा रहे हैं और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे केवल लाइसेंसधारी मेडिकल स्टोर्स से ही दवाएं खरीदें और किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तत्काल विभाग को दें।

# बैठक में लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण,औद्योगिक निवेश को गति देने पर जोर



**रायगढ़, 6 मई ।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की महत्वपूर्ण बैठक सृजन सभा कक्ष, कलेक्टर परिसर रायगढ़ में आयोजित की गई। बैठक में जिले में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने, निवेशकों को सुगम वातावरण उपलब्ध कराने तथा लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण को लेकर व्यापक चर्चा की गई।

बैठक में सिंगल विंडो सिस्टम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने विभाग को निर्देश दिए कि निवेशकों से जुड़े सभी मामलों का समयबद्ध और प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास जिले की आर्थिक प्रगति का महत्वपूर्ण आधार है, ऐसे में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा।

बैठक में ब्याज अनुदान, स्थायी पूंजी निवेश अनुदान, परियोजना प्रतिवेदन, उत्पादन प्रमाण-पत्र, मंडी शुल्क एवं स्टाम्प शुल्क में छूट, मार्जिन मनी अनुदान सहित विभिन्न योजनाओं से संबंधित लंबित प्रकरणों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि इन सभी मामलों में समन्वय स्थापित करते हुए शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि निवेशकों का विश्वास बना रहे और नए निवेश को प्रोत्साहन मिल सके। इसके साथ ही लैंड बैंक, औद्योगिक भूमि की उपलब्धता, निजी भूमि अर्जन तथा शासकीय भूमि हस्तांतरण से जुड़े प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि उद्योग स्थापना के लिए भूमि उपलब्धता एक महत्वपूर्ण कारक है, इसलिए इन प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निराकृत किया जाए।बैठक में जिला स्तर पर लंबित इंडस्ट्रियल क्लीयरेंस, एमओयू, इन्विटेशन टू इन्वेस्ट तथा अभिस्वीकृति पत्र प्राप्त इकाइयों की स्थापना में आ रही समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। कलेक्टर ने उद्योग प्रतिनिधियों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विशेष रूप से श्रमिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने उद्योग संचालकों को निर्देशित किया कि सभी इकाइयों में निर्धारित सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए, मशीनों एवं संयंत्रों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा संचालन के दौरान सुरक्षा के आदर्श मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना या जनहानि की स्थिति उत्पन्न न हो।बैठक में एडीएम श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती पूजा बंसल, विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्पंज आयरन एवं पावर प्लांट इकाइयों के प्रतिनिधि, खनन क्षेत्र से जुड़े उद्यमी, शासन के साथ एमओयू निष्पादित इकाइयों तथा आईओआई प्रमाण पत्र धारक इकाइयों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# प्रशासन की पहल से कुडुमकेला के सोनसाय को मिली 44,195 रुपए की सेटलमेंट राशि

**रायगढ़, 6 मई ।** रायगढ़ जिला प्रशासन द्वारा संवेदनशीलता एवं तत्परता से संज्ञान में लेते हुए कुडुमकेला निवासी तिहारिन बाई चौहान के बैंक खाते में जमा राशि के भुगतान से जुड़े प्रकरण का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण किया गया। खाताधारक तिहारिन बाई के निधन के पश्चात उनके खाते में जमा लगभग 44 हजार रुपए की राशि का आहरण नहीं हो पाने से परिजन को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इस संबंध में परिजन द्वारा अपनी समस्या साझा किए जाने पर कलेक्टर के निर्देश पर प्रशासन द्वारा तत्काल संज्ञान लिया गया और मामले के शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक पहल की गई। एसडीएम घरघोड़ा श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने संबंधित बैंक प्रबंधन को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई कर प्रकरण का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रशासन के मार्गदर्शन एवं विभागीय समन्वय से छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा कुडुमकेला में दावा प्रकरण की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई।

एसडीएम घरघोड़ा ने बताया कि 4 मई 2026 को प्रकरण का सफलतापूर्वक निराकरण करते हुए नामिनी श्री सोनसाय चौहान को 44,195 रुपए की सेटलमेंट राशि का चेक प्रदान किया गया।

## एक नजर

### छात्रा प्रज्ञा केशरवानी (गुप्ता) ने पाँचवी में 93 % अंक प्राप्त किए

**डोगरगढ़ 6 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकासखंड के ग्राम अछोली की



केशरवानी परिवार एवं पीएम आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल डोंगरगढ़ की होनहार छात्रा प्रज्ञा केशरवानी (गुप्ता) ने कक्षा 5 वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 93% अंक अर्जित कर अपने विद्यालय सहित परिवार का नाम रोशन किया है । उनकी इस उपलब्धि ने केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। प्रज्ञा के इस सफलता से उनके पिता राजेश गुप्ता एवं माता श्रीमती रश्मि गुप्ता गर्वित हैं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि का श्रेय पीएम श्री स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्रधान पाठक एवं क्लास टीचर के साथ-साथ गुरुजनो को दिया उन्हो शुभकामनाएं देते हुए आगे भी ऐसे ही उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की है।

### शराब कोचिया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 6 मई।** जिले में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। ÷समाधान सेल÷ के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक श्री ओम प्रकाश शर्मा के कुशल निर्देशन में 5 मई को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम ससहा में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 1 आरोपिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से 3900 कीमत मूल्य का 39 पाव देशी मसाला शराब जब्त की गई है। आरोपिया के विरुद्ध थाना पलारी में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपिया को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाला गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 6मई।** आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक श्री ओमप्रकाश शर्मा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 04.05.2026 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना गिधौरी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम बलौदा सबरिया डेरा में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से ?2200 कीमत मूल्य का 22 लीटर अवैध हांथ भट्ठी महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना गिधौरी में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# डोंगरगढ़ में बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया

**कलकसा( डोंगरगढ़)6 मई।** 04 अप्रैल को डोंगरगढ़ के डॉ.बाबा साहेब अम्बेडकर नगर, भूरवाटोला डोंगरगढ़ में वैशाख बुद्ध पूर्णिमा का उत्सव पूज्य भदंत संघरत्न मानके जी, पूज्य भदंत धम्मशिखर जी, पूज्य भदंत धम्मतप जी की उपस्थिति में धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में पूज्य भदंत जी ने तथागत सम्यक संबुद्ध एवं बाबा साहेब अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर अगरबत्ती मोमबत्ती जालाकर उपस्थित समस्त धम्म उपासक - उपासीकाओ को त्रि शरण पंचशील एवं धम्मदेशना प्रदान किया। पूज्य भदंत जी ने बुद्ध पूर्णिमा के महत्व को बताते हुए कहा की आज की इस वैशाख पूर्णिमा





के दिन ही सिद्धार्थ गौतम बुद्ध का जन्म हुआ,बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्ति और कुशीनगर मे महानिर्वाण की प्राप्ति हुई थी इसलिए इस महत्वपूर्ण तीन घटना घटित होने के कारण आज की इस पूर्णिमा को त्रिविध त्रिगुण पावन वैशाख बुद्ध पूर्णिमा कहा जाता है। धम्मदेशना देने से पूर्व पञ्ञा मेत्ता संघ द्वारा डॉ. अम्बेडकर नगर भूरवाटोला में बोरवेल के कार्य हेतु भूमिपूजन किया गया एवं त्रि रत्न से मंगल मैत्री की गई की यहां के निवासरत लोगो को किसी भी प्रकार का कष्ट ना पहुचे, उनका मंगल हो, कल्याण हो, विश्व में शांति स्थापित हो सभी का जीवन सुख पूर्वक बीते, पृथ्वी के सभी प्राणियों का कल्याण हो की कामना की गई । प्रगति महिला मण्डल एवं जय भीम युवा समिति द्वारा उपस्थित धम्म समस्त उपासक -उपासिकाओ को खीर पूड़ी का वितरण किया गया। संचालन डॉ. मनोज गजभिये जी ने किया,आभार प्रदर्शन आरक्षक पंकज श्यामकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भरत गड़पायले,विवेक मोटघरे, सपना गड़पायले, अर्चना रामटेके, समस्त प्रगति महिला मण्डल की महिलाये, समस्त जय भीम युवा समिति के सदस्य एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने वार्ड क्रमांक-61 में 419 लाख से अधिक के कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया





रायपुर6 मई। रायपुर लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल ने राजधानी में विकास की नई ऊंचाइयों को स्पर्श करते हुए 419 लाख रुपए से अधिक के विभिन्न जनहितकारी कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। यह पहल उनके दूरदर्शी नेतृत्व, विकासोन्मुख सोच और जनता के प्रति अटूट समर्पण को दर्शाती है। सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने भाठागांव जोन क्रमांक 6 के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्रमांक 61 में लगभग ?179 लाख के कार्यों का भूमिपूजन किया।

पुराने जोन कार्यालय (राजस्व विभाग) के पास सामुदायिक भवन निर्माण ङ्क ?110 लाख

ढेबर सिटी मेन रोड में आर.सी.सी. नाली निर्माण ङ्क ?12.61 लाख

अवधपुरी में श्री ब्यूटी पार्लर के पास नाली निर्माण कार्य ङ्क ?9.83 लाख

भाठागांव अवधपुरी में पाइपलाइन विस्तार कार्य ङ्क ?10.84 लाख

भंचाली ज्वेलर्स से सत्यम ठाकुर के घर तक सी.सी. रोड निर्माण ङ्क ?9 लाख

बंजारी नगर जनविकास समिति सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण ?5 लाख

सचिन जायसवाल के घर से नवीन साहू के घर तक 800 मीटर रोड निर्माण

केलाबाड़ी रोड, हनुमान वाटिका, भाठागांव में विकास कार्य ?5 लाख

मठपुरैना में आंगनबाड़ी केंद्र एवं सामुदायिक भवन निर्माण ?11 लाख

अवधपुरी में जनता गैरेज के पास सी.सी. नाली निर्माण ?5 लाख शामिल है।

इसके अतिरिक्त महामाया मंदिर वार्ड क्रमांक 65 में कुल लागतः ?240.91 लाख विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।

नए कार्यों का भूमिपूजन (?216.61 लाख) जिसमें दंतेश्वरी मंदिर से तरुण पटेल एस.टी.डी. दुकान तक नाला निर्माण 86.16 लाख रुपए,

गणपत सिंधी स्कूल के बाजू से सिन्हा किराना स्टोर्स तक आर.सी.सी. नाला निर्माण 94.88 लाख रुपए

महाराजबंध तालाब एम.आर. रोड से दरगाह तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण ?7.08 लाख

नाथ किराना से शक्ति मंदिर तक नाली निर्माण ?9.52 लाख

राधास्वामी नगर, प्रोफेसर कॉलोनी में पाइपलाइन कार्य एवं इंटरकनेक्शन ?4.99 लाख

बिजली ऑफिस के पीछे से सत्यदेव वर्मा के घर तक सी.सी. रोड निर्माण ?13.98 लाख

इसके अतिरिक्त 24.30 लाख के कार्यों का लोकार्पण किया।

महाराजबंध तालाब नया रोड, महामाई पारा में सामुदायिक भवन पर कक्ष निर्माण, शीतलालय एवं बोरवेल ?14.30 लाख

डॉ. राधाबाई नवीन कन्या महाविद्यालय के पास, शीतला मंदिर, मठपारा में सामुदायिक भवन निर्माण ?10 लाख

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वार्ड में 2 करोड़ 40 लाख रुपया के विकास कार्यों की शुरुआत और 40 लाख रुपया के कार्यों का लोकार्पण क्षेत्र की प्रगति में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होगा। प्रोफेसर कॉलोनी के नागरिकों की पुरानी मांग को पूरा करते हुए लगभग डेढ़ करोड़ रुपया की लागत से नाले का निर्माण शुरू किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र की जल-भराव की समस्या का स्थायी समाधान होगा।

विकास का यह कारवां यहीं नहीं रुकेगा; रिंग रोड को जोड़ते हुए 7 लाख रुपया के अन्य कार्य भी जल्द पूरे किए जाएंगे।

श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि विकास केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि धरातल पर किए गए कार्यों से दिखाई देता है। हमारा लक्ष्य रायपुर के प्रत्येक वार्ड को मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित कर एक आदर्श शहर के रूप में विकसित करना है। उनके नेतृत्व में हो रहे इन व्यापक कार्यों से जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ होगी, आवागमन सुगम बनेगा और नागरिकों को बेहतर सामुदायिक सुविधाएं प्राप्त होंगी।

कार्यक्रम में विधायक श्री सुनील सोनी जी, महापौर श्रीमती मिनल चौबे जी, नगर निगम सभापति श्री सूर्यकांत राठौर जी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रमेश सिंह ठाकुर जी, सुश्री मोना सेन जी, श्री मनोज वर्मा जी, जोन अध्यक्ष श्री बद्री गुप्ता जी, श्री अंबर अग्रवाल जी, श्री मुरली शर्मा जी, श्री विजय अग्रवाल जी, पार्षद श्री रवि सोनकर जी, श्री दीपक जायसवाल श्रीमती स्वप्निल मिश्रा, श्रीमती अंजलि गोलछा जी, पार्षद श्रीमती जयश्री नायक, श्रीमती सरिता वर्मा,मंडल अध्यक्ष श्री केदार धनगर समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि नगर निगम के अधिकारी और गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# जिले के विकास में महंत राजा दिग्विजय दास एवं रानी सूर्यमुखी देवी का रहा विशेष योगदान : विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 6 मई।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थित में आज स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में श्रीमती सूर्यमुखी देवी राजगामी सम्पदा न्यास राजनांदगांव की नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू एवं उपाध्यक्ष श्री मनोज निर्वाणी ने हस्ताक्षर कर पदभार ग्रहण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने श्रीमती सूर्यमुखी देवी राजगामी सम्पदा न्यास राजनांदगांव की नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू एवं उपाध्यक्ष श्री मनोज निर्वाणी को नए दायित्व के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हमारे देश में स्वतंत्रता के पहले 565 से अधिक रियासतें थी। उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश के एकीकरण का कार्य किया। राजनांदगांव के तत्कालीन महंत राजा दिग्विजय दास ने विलय पत्र पर सबसे पहले हस्ताक्षर किए। उन्होंने रेलवे लाईन एवं औद्योगिक विकास के लिए जमीन दान में दी, जिससे राजनांदगांव में विकास की गति बढ़ी। यह उनकी व्यापक सोच का परिणाम है कि उन्होंने अपनी संपत्ति एवं महल शिक्षा के लिए समर्पित कर दिया, जहां आज शासकीय दिग्विजय कालेज है। महंत राजा दिग्विजय दास एवं रानी सूर्यमुखी देवी को स्मरण किया। उन्होंने नवनियुक्त अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष से कहा कि आगे भी वे जिले में अच्छे कार्यों की श्रृंखला को आगे बढ़ाएं तथा विकास में अपना योगदान दें।

श्रीमती सूर्यमुखी देवी राजगामी सम्पदा न्यास राजनांदगांव की नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को कोटिशः धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि वे कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रभावना के साथ कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने का प्रतिसाद मिला है।


## शपथ पत्र

शांताराम पिता मोहन राम मंडावी , 45 वर्ष, जाति गोड़, ग्राम नावडबरी, तहसील नरहरपुर, जिला.उ.ब. कांकेर छ.ग. का निवासी हूं।

मैं उपरोक्त शपथकर्ता, शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ-

मेरा नाम व पता उपरोक्तनुसार है। मैं वर्तमान में आर्मी के पद पर दिल्ली में कार्यरत हूँ। मेरे सर्विस बुक में मेरी माँ का नाम 'सुखबती देवी, जन्म दिनांक 1.7.1963 एवं पुत्री का नाम दीक्षा दर्ज है जो त्रुटि पूर्ण है जिसमे आधार कार्ड के अनुसार सुधार कराना चाहता हूँ।

मेरे सर्विस बुक से मेरी माँ का त्रुटि पूर्ण नाम सुखबती देवी जन्म दिनांक 1.7.1963 को विलोपित कर वास्तविक नाम शुकबती मंडावी जन्म दिनांक 1.1.1944 दर्ज किया जावे, तथा पुत्री के त्रुटि पूर्ण नाम दीक्षा को विलोपित कर दीक्षा मंडावी दर्ज किया जावे, इसके लिये जो भी नियम शर्त होगी पालन करने के लिये तैयार हूँ जिस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता,**
**शांताराम**


# वाहनों में तोड़फोड़ कर उपद्रव करने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 6 मई।** प्रार्थी राजेश कुमार रविदास वाहन (ट्रक) चालक द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह उड़ीसा से ट्रक क्र. ष्टत्र04 क्क्ष 7216 में माल लोड कर श्री सीमेंट फैक्ट्री आ रहा था कि। दिनांक 04.05.2026 के सुबह 05:00 बजे रिसदा बाईपास के पास मेन रोड में आरोपियों द्वारा उसके ट्रक के सामने अपनी 02 मोटरसाइकिल को खड़ी कर, ट्रक को रुकवा कर, उससे अश्लील गाली गलौज कर ट्रक से बाहर खींचते हुए, उससे शराब पीने के लिए पैसे की मांग किया गया। मना करने पर आरोपियों द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए, उसके साथ मारपीट किया गया तथा ट्रक में लगे जीपीएस सिस्टम को भी उखाड़ दिया गया। इसी प्रकार आरोपियों द्वारा अन्य ट्रकों के भी सामने के शीशा को पत्थर मारकर तोड़ दिया गया तथा उनके चालकों को भी जान से मारने की धमकी दिया गया।

कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 369/2026



धारा 191 (2) ,296, 115(2),351(2),126(2),324(4),308(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी.शर्मा के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली का पुलिस बल तत्काल घटनास्थल रिसदा बाईपास पहुंचा, जिसमें उपस्थित वाहन चालकों की सतर्कता एवं जागरूकता से प्रकरण में संलिप्त विधि से संघर्षरत 02 बालक सहित कुल 05 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा शराब पीने के लिए पैसे की मांग करते हुए, सड़क मार्ग में ट्रक चालकों के वाहनों को रोक कर, उनसे गाली गलौज करना, जान से मारने की धमकी देना एवं वाहनों में तोड़फोड़ करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में सभी आरोपियों को आज दिनांक 04.05.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

**जनगणना के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापितत्न मोहला 6 मई 2026।** जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण को लेकर प्रशासन ने तैयारियाँ पूरी कर ली हैं। मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा।

## पुलिस ने सजगता,तत्परता से फुलबासन के अपहरण के प्रयास को विफल किया

**राजनांदगांव 6 मई।** आज दिनांक 05 मई 2026 को लगभग प्रातः 11:00 बजे गठुला रोड क्षेत्र में एक गंभीर आपराधिक घटना को राजनांदगांव पुलिस की मुस्तैदी एवं त्वरित कार्रवाई से विफल किया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्रीमती फूलबसन बाई को उनके एक परिचित द्वारा एक अन्य महिला के साथ मिलकर सेल्फी लेने के बहाने वाहन में बैठाया गया। इसके पश्चात, दो पुरुष एवं एक अन्य महिला सहयोगी के साथ मिलकर उन्हें जबरन वाहन में ले जाकर अपहरण करने का प्रयास किया जा रहा था।उक्त दौरान, गाठिला रोड पर ड्यूटी के दौरान ट्रैफिक निरीक्षक एवं उनकी टीम द्वारा सीट बेल्ट न पहनने के कारण वाहन को रोका गया। जांच के दौरान वाहन के पीछे बैठी महिला की संदिग्ध स्थिति को भांपते हुए निरीक्षक द्वारा पूछताछ की गई, जिस पर वाहन में सवार व्यक्तियों द्वारा भ्रामक जानकारी देते हुए महिला को मिर्गी का दौरा पड़ने की बात कही गई। किन्तु, इंस्पेक्टर नवरत्न कश्यप एवं उनकी टीम की सूझबूझ एवं सजगता के चलते स्थिति पर गहन संदेह किया गया। सभी व्यक्तियों को वाहन से उतरवाकर जांच करने पर श्रीमती फूलबसन बाई की पहचान कर उन्हें तत्काल सुरक्षित मुक्त कराया गया।घटना में संलिप्त चारों आरोपियों को हिरासत में लेकर नजदीकी थाना लाया गया है। प्रकरण के संबंध में विस्तृत जांच जारी है तथा विधिसम्मत कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज की जा रही है। राजनांदगांव पुलिस की यह कार्रवाई उनकी सतत सक्रिय, सतर्क एवं प्रभावी पुलिसिंग का उत्कृष्ट उदाहरण है। धरातल पर कार्य करते हुए पुलिस टीम की मुस्तैदी, त्वरित निर्णय क्षमता एवं सजगता का यह उत्कृष्ट उद्धरण है।


## कार्यालय नगर पंचायत गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

दूरभाष एवं फैक्स 07856-244910 Email-cmogeedam@gmail.com

क्रमांक/220/रा./ न.पं./दु.नीलामी/2026-27 गीदम, दिनांक 04/05/2026

### // दुकान आबंटन हेतु घोष नीलामी सूचना //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद् की बैठक दिनांक 24.03. 2026 संकल्प कमांक 03 में लिए गए निर्णय अनुसार नगर पंचायत गीदम क्षेत्रान्तर्गत वार्ड कं. 01 डॉ राजेन्द्र प्रसाद वार्ड में नवनिर्मित 16 व्यवसायिक परिसर के दुकानों की नीलामी कराया जाना है, जिस हेतु नीलामी दिनांक 26.05.2026 को समय अपरान्ह 12.00 बजे निर्धारित है।

अतः इच्छुक व्यक्ति/फर्म निर्धारित नीलामी दिनांक के दो दिवस पूर्व नीलामी आवेदन शुल्क 200.00 रू. नगद एवं अमानत राशि TDR के माध्यम से मुख्य नगरपालिका अधिकारी के नाम से जमा कर नियत तिथि एवं समय पर आवेदन जमा कर नीलामी में भाग ले सकते है, दुकानों की आरक्षण की स्थिति निम्नानुसार हैः-

| क्र. | दुकान कं./आरक्षित श्रेणी | दुकानों की सं. | दुकान की साईज (मी.)में | निर्धारित मूल्य | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| | भूतल | | | | |
| 01 | 01-अनारक्षित, 02- महिला वर्ग, 03 - अनारक्षित, 04- अ.ज.जा, 05 -अनारक्षित, 06- शिक्षित बेरोजगार, 07- अनारक्षित, 08- अ.पि.व | 08 | 3.95×5.60 SQM=22.12 | 735191 | 73519 |
| 02 | 09- महिला वर्ग, 10- अ.पि.व. 11-अ.ज.जा 12- अनारक्षित, 13-अनारक्षित, 14- अनु. जाति, 15-अनारक्षित, 16- अ.ज.जा | 08 | 3.95×5.60 SQM=22.12 | 635651 | 63565 |

शर्तेः- नियम एवं शर्ते अन्य जानकारी नगर पंचायत गीदम के राजस्व शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य कार्यपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत गीदम**



## POLICE HEADQUARTERS, CHHATTISGARH, SECTOR 19, ATAL NAGAR, NAVA RA1PUR

### Notice Invitinig

**[Hydraulic Cutter Spreader -04 Set ]**

**No PHQ/Sec.- 10/Prove-2, .2201/2026** **Nava Raipur, Dated 04/05/ 2026**

Sealed tenders are being invited by the Director General of Police, Chhattisgarh on behalf of Governor of Chhattisgarh from Tender are being invited from Original equipment manufactures (OEM) or Authorised by manufacturer (Only One) for the following item,

| क0 | सामग्री का नाम | संख्या | अनुमानित लागत राशि (रूपये में) | अमानत राशि (EMD) (रूपये में) | प्रि-बीड दिनांक | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | निविदा खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Hydraulic Cutter Spreader | 04 Set | 2,44,42,700/- | 2,44,427/- | 15/05/2026 Time 16-00 PM | 28/05/2026 Time 15-00 PM | 28/05/2026 Time 16-00 PM |

The cost of the tender document State Govt. Chalan of Rs_ 2000/- (Rupees Two thousand only) amount lo be deposited in the Head of A/C-0055-Police-800-other receipt or it shall be in the form of D.D..of State Bank of India/ scheduled Bank( other than cooperative Bank) payable at Raipur in favour of D.G.P. Chhattisgarh Tender Fee is nonrefundable and cannot be exempted in any condition. The tender document may be obtained from the following address:

**Addl. Director General of Police (P&P)**
**Police Headquarters, Chhattisgarh, Atal Nagar Nava Raipur**
**Pin:492002, Phone & Fax 0771-2431210, 2229622**

The tender offer in the prescribed tender form along with all the relevant documents sealed and completed in all the respect must be submitted as per the schedule below.

**SCHEDULE FOR TENDER**

| | | |
|---|---|---|
| A | Address for submission of tender document | Police headquarters, Sector 19, Atal Nagar Nava Raipur, Chhattisgarh |
| B | Pre-Bid Meeting Date and time | Date 15-05-2026 Time 16-00 Pm (PHQ Block No- I, Meeting Hall) |
| C | Last Date time for receipt of tender | Date 28/05/2026 till 03.00 pm |
| D | Place, Time and Date of opening Technical Bid | Police headquarters Sector 19, Nava Raipur, C,G, Date 28/05)2026 at 4:00 pm |
| E | Place, Time and Date of opening Financial Bid | Shall be intimated later. |
| F | Date till which the Bid to remain valid | 180 days from the scheduled date of submission of the Bid. |

Note: I In case of tender opening date being declared as holiday, tenders will be opened on next working day, 2. Tender documents can be downloaded from our website www_cgpolice.gov.in and at the time of submission of document tender fee 2000/- will be paid in the form of DD on the account of Director General of Police Police Headquarters, Chhattisgarh, Nava Raipur Modification/Amendments/corrigendum, if any shall not be Advertised in the news paper but shall be published in the aforesaid web site only.

**D.I.G of Police (F&O)**
**For-DIrectbr General of Police**
**G-262700538/5** **Police headquarters, Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)**

एक नजर

### रायपुर में 9 मई को होने वाली भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक स्थगित

**रायपुर 6 मई ।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आगामी 9 मई को प्रस्तावित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अहम प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, पड़ोसी राज्यों और अन्य क्षेत्रों में होने वाले शपथ ग्रहण समारोहों के चलते यह निर्णय लिया गया है। बैठक स्थगित होने का मुख्य कारण तीन राज्यों पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में नई सरकारों का शपथ ग्रहण समारोह बताया जा रहा है। इन कार्यक्रमों की गरिमा और सांगठनिक महत्व को देखते हुए छत्तीसगढ़ भाजपा ने अपनी बैठक की तारीख आगे बढ़ाने का फैसला लिया है। इन राज्यों में होने वाले शपथ ग्रहण समारोहों में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव विशेष रूप से शामिल होंगे। राष्ट्रीय स्तर के इन कार्यक्रमों में शिरकत करने के कारण प्रदेश नेतृत्व की रायपुर में मौजूदगी संभव नहीं थी।माना जा रहा है कि इन तीनों राज्यों में शपथ ग्रहण की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद भाजपा फिर से अपनी प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आयोजित करेगी। माना जा रहा है कि शपथ ग्रहण के तुरंत बाद प्रदेश कार्यसमिति की बैठक रखी जाऐगी जिसमें आगामी सांगठनिक विस्तार और भावी चुनावी रणनीतियों पर चर्चा होगी ,पार्टी जल्द ही बैठक की नई तारीखों की आधिकारिक घोषणा करेगी। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे आगामी सूचना तक इंतजार करें।

### महाराजा अग्रसेन कॉलेज में महिला सशक्तिकरण के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर

**रायपुर 6 मई ।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज रायपुर में IQAC एवं MAIC Solitaire के संयुक्त तत्वावधान में आज Self Defence Session का सफल आयोजन किया गया। MAIC Solitaire कॉलेज द्वारा संचालित एक सामाजिक पहल है, जिसे विशेष रूप से ग्रीष्मकालीन अवधि में महिलाओं के सशक्तिकरण और जागरूकता के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आत्मरक्षा के व्यावहारिक कौशल, जागरूकता एवं आत्मविश्वास से सशक्त बनाना था, ताकि वे किसी भी परिस्थिति में स्वयं को सुरक्षित रख सकें। सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ. राजीव चौधरी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकों का प्रशिक्षण दिया और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रायोगिक रूप से तकनीकों को सीखा। यह सत्र छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक साबित हुआ। कॉलेज प्रबंधन ने कार्यक्रम की सफलता की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### जीजा ने चलाई गोली, इलाज के दौरान दूसरी साली की भी मौत

**रायपुर 6 मई ।** रायपुर फायरिंग केस में बड़ा अपडेट सामने आया है. अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच लड़ रही दूसरी साली दुर्गेश्वरी ने बुधवार सुबह दम तोड़ दिया. अब इस मामले में दो युवतियों की मौत हो चुकी है. पूरा मामला मोवा थाना क्षेत्र का है. दरअसल, मोवा-पंडरी इलाके में आरोपी जितेंद्र वर्मा का मंगलवार रात अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था. बताया जा रहा है कि आरोपी को उसके बच्चों से मिलने नहीं दिया जा रहा था, जिससे वह नाराज था. विवाद में जितेंद्र ने आक्रोश में अपनी पास रखी पिस्टल से मौके पर मौजूद दोनों सालियों पर करीब 3 राउंड फायरिंग कर दी. आसपास के लोगों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया. मृतका की पहचान गीतांजलि के रूप में हुई. घटना के बाद आरोपी खुद थाने पहुंचा और सरेंडर कर दिया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. आरोपी के कब्जे से पिस्टल जब्त कर लिया गया है. रायपुर नॉर्थ जोन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आरोपी वारदात के वक्त नशे में था. डीसीपी नॉर्थ जोन मयंक गुर्जर ने बताया कि पारिवारिक विवाद में गोली चलने की घटना सामने आई है। आरोपी जितेंद्र वर्मा और उसकी पत्नी के बीच विवाद हुआ था।

# कांग्रेस का कुछ नहीं होना है, न नेतृत्व है, न ही नीयतः साव

**रायपुर 6 मई ।** आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अभी से हारने वाली सीटों पर कांग्रेस के फोकस करने वाले बयान पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कुछ नहीं होना है. कांग्रेस के पास न नेतृत्व है, ना नीयत है. अर्बन नक्सल की तरह देश में भ्रम और अफवाह फैलाने का काम कर रही कांग्रेस पूरी तरह से एक्पोज हो चुकी है. जनता इनसे दूर जा चुकी है. इसका लाभ उन्हें नहीं होगा.

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दौरे पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी गई है. छत्तीसगढ़ में एक अच्छा वातावरण बना है, बस्तर विकास की ओर आगे बढ़ेगा, बस्तर को देश का सबसे विकसित आदिवासी संभाग बनाने का संकल्प पूरा होगा.

वहीं कांग्रेस के गृहमंत्री शाह के उद्योगपतियों के लिए जमीन देखने आने वाले बयान पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अफवाह फैला रही है. वे इसी तरह का बयान देते हैं. जिससे लगता है कि कांग्रेस अर्बन नक्सल्स की तरह काम कर रही है. उन्हें

बस्तर में पेयजल की समस्या, अस्पताल,



सड़क निर्माण की चिंता नहीं है. 3 लाख 91 हजार आदिवासी भाइयों ने बस्तर ओलंपिक में अपना पंजीयन कराया, उन्हें इसकी चिंता नहीं है. देश की जनता ने कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति को नकारा है.

सुशासन तिहार को लेकर कांग्रेस जनता के बीच जाकर सरकार की खामियां गिनाए जाने पर उप मुख्यमंतमरी साव ने कहा कि लोगों ने कांग्रेस को अपने घर, अपने मन से निकाल दिया है, उसका कुछ होना नहीं है. वहीं पद्मश्री फूलबासन यादव के अपहरण की कोशिश पर साव ने कहा कि इस तरह की बात मैने भी सुनी है. प्रशासन संज्ञान लेगा. छत्तीसगढ़ का ये वातावरण नहीं है. वहीं कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने प्रदेश को अपराध का गढ़ बनाया. वे किस मुंह से ऐसी बातें बोलते हैं.

# महंगाई राष्ट्रीय आपदा बन चुकी है: कांग्रेस

**रायपुर 6 मई ।** बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, असमानता और आर्थिक संकट के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि आम जनता महंगाई से त्रस्त है लेकिन भाजपा सरकार जवाबदेही से भाग रही है, आवश्यक वस्तुओं में अनियंत्रित मूल्यवृद्धि से हालात दिन ब दिन बदतर हो रहे हैं, महंगाई मोदी निर्मित आपदा बन चुकी है। 2014 में जो गैस का सिलेंडर 410 रु. का था, आज वह 984 रु. के पार है, कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में सीधे 993 रुपए की बढ़ोत्तरी करके तीन हजार पार कर दिया गया। पेट्रोल के दाम 70 रु. प्रति लीटर से बढ़कर 102 रु. प्रति लीटर के पार हो गए हैं जबकि डीजल के दाम 55 रु. प्रति लीटर से बढ़कर 100 रु. प्रति लीटर के करीब पहुंच गए हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि मोदी सरकार देश को असमानता और कर्ज की आग में झोंका, दिया सिर्फ धन्ना सेठों को मौका। हाल ही में आई 'ऑक्सफैम' की रिपोर्ट में बताया गया है कि देश के 5 प्रतिशत अमीर लोगों के पास देश की 60 प्रतिशत से ज्यादा संपत्ति है और नीचे के 50 प्रतिशत लोगों के पास देश की मात्र 3 प्रतिशत संपत्ति। विडंबना यह है कि नीचे के इन 50 प्रतिशत लोगों की जीएसटी में हिस्सेदारी 64 प्रतिशत है और ऊपर के 10 प्रतिशत लोगों की जीएसटी में हिस्सेदारी केवल 3 प्रतिशत है जबकि उनके पास देश की 70-80 प्रतिशत संपत्ति है। 'ऑक्सफेम' की रिपोर्ट के मुताबिक कोरोना महामारी की विभीषिका में भी देश के 100 बड़े पूंजीपतियों ने 13 लाख करोड़ रुपए कमाए पर 12 करोड़ मेहनतकश लोगों ने अपना रोजगार खो दिया। मोदी जी के कई मित्रों की आय तो 1,000 रू. करोड़ प्रतिदिन बढ़ रही है। महामारी की विभीषिका में 84 करोड़ लोगों की आमदनी घट गई लेकिन सरकार की मेहरबानी धन्नासेठों पर रही। उनका 16.6 लाख करोड़ रु. से अधिक का बैंक कर्ज बट्टे खाते में डाल दिया गया। मोदी सरकार की सरपरस्ती में 5,35,000 करोड़ रु. के बैंक फ्रॉड हुए और नियोजित रूप से विजय माल्या, नीरव मोदी, मेहुल चोकसी, ऋषि अग्रवाल और संदेसरा बंधु जैसे कई लोगों को देश से भगा दिया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि आजादी के बाद से मई 2014 तक देश पर कुल कर्ज 55 लाख करोड़ रुपए था जो मोदी सरकार के बीते 12 साल के कार्यकाल में बढ़कर 255 लाख करोड़ रुपए हो गया है। हाल में आई 'ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट' ने बताया कि भारत में भुखमरी के हालात ये है कि हम पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश से पिछड़ गए हैं। 116 देशों की सूची में हमारा देश 102 वें पायदान पर लुढ़क गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि हाल ही में एनएसओ की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि देश में किसानों की औसत आमदनी मात्र 27 रू. प्रतिदिन रह गई है, जो मनरेगा मजदूरी से भी कम है। वादे आय दोगुनी करनी के और असलियत में किसान की आय दसियों गुना कम कर दी गई।

### नगर पालिका बनेगा धमधा, उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने की घोषणा

**रायपुर. 6 मई।** लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में दुर्ग जिले के धमधा नगर पंचायत पहुंचे उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने धमधा नगर पंचायत के नगर पालिका में उन्नयन की घोषणा की। धमधावासी लंबे समय से इसकी मांग कर रहे थे। नगर पालिका के रूप में उन्नयन के बाद शहर को विकास कार्यों के लिए और ज्यादा मिलेगी तथा विकास कार्यों में तेजी आएगी। लोगों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूर्ण करने वाली उप मुख्यमंत्री श्री साव की इस घोषणा से धमधा के सुव्यवस्थित विकास तथा जनसुविधाएं विकसित करने के कामों को और अधिक गति मिलेगी।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने अपने धमधा प्रवास के दौरान करीब 7 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इसमें 4 करोड़ 60 लाख रुपए के कार्यों का लोकार्पण और 2 करोड़ 39 लाख रुपए के कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। उन्होंने शहर के विकास के लिए 2 करोड़ रुपए देने की भी घोषणा की। श्री साव ने बताया कि विगत दो वर्षों में धमधा नगर पंचायत के विकास के लिए 13 करोड़ रुपए दिए गए हैं। प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के विकास के लिए सक्रियता और गंभीरता से काम किए जा रहे हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव, दुर्ग के सांसद श्री विजय बघेल, विधायकगण सर्वश्री डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, ईश्वर साहू और श्री ललित चन्द्राकर भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# सभी कायस्थ देश की एकता, प्रगति एवं भाईचारे के लिए कार्य करें: संजय श्रीवास्तव

**रायपुर 6 मई ।** श्री चित्रगुप्त जयंती आयोजन समिति, रायपुर के तत्वावधान में भगवान श्री चित्रगुप्त प्राकट्योत्सव के अवसर पर प्रदेश स्तरीय चित्रांशोत्सव का अटल बिहारी वाजपेयी सभागार, मेडिकल कॉलेज, जेल रोड में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के संयोजक संजय श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलन एवं भगवान श्री चित्रगुप्त की आरती के साथ किया गया। भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो आयोजन का प्रमुख आकर्षण रही।

कार्यक्रम के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों, शिक्षा, चिकित्सा, प्रशासन, कला एवं सामाजिक सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. सीमा श्रीवास्तव द्वारा रचित चित्रगुप्त चालीसा का विधिवत विमोचन किया गया तथा चित्रांशोत्सव 2026 स्मारिका का भी लोकार्पण किया गया, जो समाज की सांस्कृतिक एवं बौद्धिक उपलब्धियों का दर्पण है।

सभी चित्रांशजनों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि सभी कायस्थ देश की एकता, प्रगति एवं भाईचारे के लिए कार्य करें। उन्होने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इसी प्रकार के आयोजन निरंतर होते रहेंगे। उन्होंने अंत में भगवान श्री चित्रगुप्त से सभी के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना करते हुए



कर्मनिष्ठ एवं जागरूक जीवन जीने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में आर.पी. श्रीवास्तव, रज्जन श्रीवास्तव, राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, राजेन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, प्रमोद खरे, विनय श्रीवास्तव, डॉ. अनिल कुमार वर्मा, विट्ठल श्रीवास्तव, दिलीप वर्मा, सुभाष वर्मा, प्रदीप वर्मा, राजेश पप्पू श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, मुकुल श्रीवास्तव, वैभव श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, डॉ. रविन्द्र वर्मा, डॉ. अमित श्रीवास्तव, राजेश सक्सेना, डॉ. विवेक कुमार श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, डॉ. अविनाश वर्मा, संदीप वर्मा, अमित श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, निकेत श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, मिक्की श्रीवास्तव, आदित्य श्रीवास्तव, नितीन खरे, पलाश श्रीवास्तव, सौरभ श्रीवास्तव, सहज अस्थाना, श्वेता श्रीवास्तव, मंजुल मयंक श्रीवास्तव, श्रीमती उषा रंजन श्रीवास्तव, मंगला श्रीवास्तव, मनोरमा श्रीवास्तव, विनीता सक्सेना, डॉ. सीमा श्रीवास्तव, कनकलता वर्मा, डॉ. रितु श्रीवास्तव, सारिका वर्मा, अमृता श्रीवास्तव, ज्योति खरे, अनुषा श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### सरयूपारिण ब्राम्हण सभा मेधावी विद्यार्थियों का करेगी सम्मान

**रायपुर 6 मई ।** सरयूपारिण ब्राम्हण सभा परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करेगी। अध्यक्ष डॉ सुरेश शुक्ला के निर्देशानुसार इस वर्ष से सम्मान की इस कड़ी मे 5वीं,8वीं,10वीं,एवं 12वीं चारों बोर्ड परीक्षाओं को सम्मिलित किया गया है। इन चारों बोर्ड परीक्षाओं मे जिन बच्चों ने 70% या उससे अधिक अंक अर्जित किए हैं,उनके पालकों से आग्रह है कि वे ऐसे मेधावी बच्चों की इस वर्ष की मार्कशीट एवं आधारकार्ड की कॉपी समाज कार्यालय मे शीघ्रता शीघ्र जमा कराए। सरयूपारिण ब्राम्हण सभा के पंजीकृत सदस्यों के बच्चों में से 12 वीं की परिक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले एक बालक को परशुराम प्रोत्साहन निधि के रूप मे प्रशस्तिपत्र एवं 5100.00 (इक्यावन सौ) की राशि दी जाएगी,साथ ही एक बालिका को तुलसी प्रोत्साहन निधि के रूप मे प्रशस्तिपत्र एवं 5100.00(इक्यावन सौ) की राशि दी जाएगी। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी विद्यार्थियों को जन सहयोग से 11000.00(ग्यारह हजार रुपये) की छात्रवृत्ति दी जाएगी। इस वर्ष से समाज द्वारा परशुराम सौर्य सम्मान निधि की भी घोषणा की गई,विभिन्न क्षेत्रों मे वीरता दिखाने वाले युवाओं मे से किन्ही 2 (एक महिला,एक पुरुष) को 5100.00(इक्यावन सौ) की राशी एवं उनकी वीरता के लिए प्रशस्तिपत्र दिया जाएगा।

# भूपेश बघेल कैसे कांग्रेस की सीट लाते हैं, यह सबको मालूम है :शर्मा

**रायपुर,6 मई।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बंगाल चुनाव परिणामों पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस जीत को राष्ट्रीय सुरक्षा और देश में घुसपैठ रोकने की दिशा में एक निर्णायक मोड़ बताया है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि रायपुर सहित पूरे देश में जितने भी बांग्लादेशी घुसपैठिए पकड़े गए, वे सभी पश्चिम बंगाल के रास्ते ही दाखिल हुए थे। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने ऐसे कई घुसपैठियों को पहचान कर उन्हें डिपोर्ट भी किया है। उपमुख्यमंत्री ने दावा किया कि दशकों से पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा बांग्लादेश से सटे बॉर्डर पर बाड़ लगाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों को जमीन देने से मना किया जा रहा था। उन्होंने उम्मीद जताई कि अब स्थिति बदलेगी और बाड़ लगने से देश में घुसपैठ पर अंकुश लगेगा।

बंगाल चुनाव और घुसपैठ के मुद्दे के बीच विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर भी जोरदार हमला बोला। जब उनसे कांग्रेस की चुनावी रणनीति को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने तंज कसते हुए कहा, ÷भूपेश बघेल कैसे कांग्रेस की सीट लाते हैं, यह सबको मालूम है।÷ विजय शर्मा ने स्पष्ट किया कि बंगाल की जीत देश की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी थी। उन्होंने केंद्र सरकार के उस वादे को दोहराया जिसके तहत सत्ता में आने के पहले 45 दिनों के भीतर केंद्रीय एजेंसियों को सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि बंगाल में छत्तीसगढ़ से गए कार्यकर्ताओं ने भी जीत के लिए कड़ी मेहनत की है और यह परिणाम देश की अखंडता के लिए महत्वपूर्ण है।

# सुशासन त्यौहार से जनता ने बनाई दूरी: दीपक बैज

**रायपुर 6 मई ।** साय सरकार के द्वारा मनाये जा रहे सुशासन त्यौहार से जनता ने दूरी बना लिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार के सुशासन त्यौहार पर जनता को भरोसा नहीं है इसीलिए लोग अपनी समस्याओं को लेकर सरकार के कार्यक्रमों में आना नहीं चाह रहे है। पिछले बार सुशासन त्यौहार में लोगों ने जो आवेदन दिया था उसका निराकरण नहीं हुआ तथा जनता के आवेदनों को रद्दी की टोकरी में डाल दिया गया था, इसीलिए जनता का सरकार पर से भरोसा उठ गया है, जो सुशासन त्यौहार में साफ दिख रहा है। मुख्यमंत्री सचिवालय पहले से पटकथा लिखकर मुख्यमंत्री के औचक निरीक्षण के कार्यक्रम को प्रायोजित किया जाता है जो जिसमें जनता की कोई रुचि नहीं रहती है।


प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश में सरकारी काम ठप्प पड़े है, अकेलो तहसीलो और अनुविभागों में नामांकन बंटवारा फौती नक्शा, नक्शा खसरा बंटवारा के 8 लाख से अधिक प्रकरण पेंडिंग है। यदि सरकार में सुशासन होता तो लोगो का काम नियमित हो रहा होता, तो त्यौहार मानाने की जरूरत क्यों पड़ती? यह सुशासन त्यौहार अपनी विफलता से ध्यान भटकाने का तरीका है। पिछले बार भी सुशासन त्यौहार मनाये थे और जनता से जो लाखो आवेदन प्राप्त हुए उसको कचरे के ढेर में फेंक दिए। इस बार के सुशासन त्यौहार के पहले पिछले साल के आवेदनो के बारे में जनता को बताये उनका अभी तक निराकरण क्यों नहीं हुआ?प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि साय सरकार में युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही, आत्मानंद स्कूलों में स्टेशनरी तक नहीं, आरटीई में बच्चों को एडमिशन नहीं हो रहा, सरकारी अस्पतालों में इलाज नहीं हो रहा, राज्य की कानून व्यवस्था समाप्त हो गयी है। मासूम बच्ची के साथ दुराचार करके हत्या कर दी जाती है। राज्य में रोज हत्या, डकैती, बलात्कार हो रहा है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार में धान घोटाला हो जाता है। महिलाओं को घटिया साड़ी दी जाती है। आत्ममुग्ध सरकार सुशासन तिहार मना रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सुशासन का दंभ भरने वाली साय सरकार के राज में आम आदमी छोटे-छोटे काम के लिये सरकारी दफ्तरों का चक्कर काटने को मजबूर है। पटवारी कार्यालय से लेकर तहसील दफ्तरों में लोगों के नामांतरण, फौती, त्रुटि सुधार के लाखों आवेदन लंबित है, लोगों के काम नहीं हो रहे, आम आदमी सरकारी दफ्तर के चक्कर काटने को मजबूर है। बेहद दुर्भाग्यजनक है कि लाखों लोगों को सरकार के पास सड़क, नाली, बिजली, पानी जैसे रोजमर्रा के कामों के लिये आवेदन देने सरकार के सुशासन तिहार का इंतजार करना पड़ता है। साय सरकार लोगों के मूलभूत काम को भी नहीं कर पा रही है।

कार्यक्रम | विमतारा सभागृह में सामाजिक कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा

# अंधविश्वास एवं सामाजिक कुरीतियां विकास में बाधक: दिनेश मिश्र

**रायपुर 6 मई ।** अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा अंधविश्वास एवं सामाजिक कुरीतियां स्वस्थ समाज के विकास में बाधक हैं ,सामाजिक कुरीतियां एवं अंधविश्वास मिटाने के लिए जागरूकता ज़रूरी है. जिसके लिए हर व्यक्ति को आगे आना होगा.

समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तर्कशीलता आवश्यक है यह केवल बौद्धिक चर्चा का विषय नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज के भविष्य, उसके स्वास्थ्य, उसकी आर्थिक स्थिरता और उसकी मानवीय गरिमा से गहराई से जुड़ा हुआ है।



डॉ. मिश्र ने विमतारा सभागृह में सामाजिक कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा पिछले 30 वर्षों में छत्तीसगढ़ के विभिन्न ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में अंधविश्वास, विशेष रूप से टोनही प्रथा (डायन प्रथा) के खिलाफ काम करते हुए मैंने एक गहरी सच्चाई को बार-बार महसूस किया है अज्ञानता,गरीबी और जागरूकता की कमी से अंधविश्वास बनता और बढ़ता हैं ,और अफवाहें इनको मजबूत करते हैं। जहां संसाधनों की कमी होती है, वहां असुरक्षा बढ़ती है, और जहां असुरक्षा होती है, वहां भय पैदा होता है। यही भय अंधविश्वास का आधार बनता है।यह जानना जरूरी है कि गांवों में वैज्ञानिक सोच क्यों जरूरी है, आज भी जब किसी गांव में कोई बच्चा बीमार पड़ता है, तो कई परिवार सबसे पहले अस्पताल की ओर नहीं जाते, बल्कि बैगा-गुनिया या ओझा के पास जाते हैं। यह केवल एक परंपरा नहीं है, बल्कि यह उस विश्वास प्रणाली का हिस्सा है जो पीढ़ियों से चली आ रही है। लेकिन इसका परिणाम अक्सर दुखद होता है ,इलाज में देरी, बीमारी का बढ़ना, और कई बार जान तक चली जाना।

इसी तरह, जब कृषि या और कोई परिवारिक, निजी समस्या आती है, तो वैज्ञानिक कारणों—जैसे मिट्टी की उर्वरता, जलवायु परिवर्तन या बीज की गुणवत्ता, स्वयं की लापरवाही,की बजाय किसी व्यक्ति पर जादू टोना करने का आरोप लगाया जाता है। यह आरोप अक्सर महिलाओं पर लगता है, जिन्हें डायन घोषित कर दिया जाता है। इसके परिणामस्वरूप हिंसा, सामाजिक बहिष्कार और मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन होता है।

हमारा संविधान, विशेष रूप से अनुच्छेद 51(ख), हर नागरिक को यह कर्तव्य देता है कि वह वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानवतावाद और ज्ञानार्जन की भावना का विकास करे। लेकिन केवल कानून बना देने से सोच नहीं बदलती। सोच बदलने के लिए संवाद, विश्वास और निरंतर प्रयास की आवश्यकता होती है। इसलिए ग्रामीण अंचल में वैज्ञानिक सोच की आवश्यकता होती है.

डॉ दिनेश मिश्र ने कहा पिछले वर्षों में काम करते हुए हमने कुछ महत्वपूर्ण बातें सीखी हैं, जो इस दिशा में काम करने वाले हर व्यक्ति और संगठन के लिए उपयोगी हो सकती हैं।

पहली बात कई बार भय तथ्यों से ज्यादा शक्तिशाली साबित होता है। जब कोई व्यक्ति डरा होता है, तो वह तर्क नहीं सुनता, वह समाधान खोजता है। इसलिए अगर हम सीधे यह कह दें कि ÷आप जो मानते हैं वह गलत है÷, तो हम संवाद का रास्ता बंद कर देते हैं। इसके बजाय हमें पहले सुनना चाहिए, समझना चाहिए, और फिर धीरे-धीरे वैज्ञानिक दृष्टिकोण की ओर ले जाना चाहिए।

दूसरी बात,बताने से ज्यादा प्रभावी है करके दिखाना। जब हम चमत्कारों के पीछे के विज्ञान को सरल प्रयोगों के माध्यम से दिखाते हैं, तो लोग खुद निष्कर्ष निकालते हैं। जब एक ग्रामीण यह देखता है कि जो उसे चमत्कार लगता था, वह दरअसल एक साधारण वैज्ञानिक प्रक्रिया है, तो उसकी सोच में परिवर्तन आता है। यह परिवर्तन थोपे गए ज्ञान से नहीं, बल्कि अनुभव से आता है।

# प्रमुख मार्गों पर रैली-जुलूस बैन नियम तोड़ा तो होगी कार्रवाई

**रायपुर 6 मई ।** पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला ने शहर के व्यस्त मार्गों पर रैली, जुलूस और शोभायात्रा पर दो महीने का प्रतिबंध लगाया है। जी.ई. रोड, मालवीय रोड, सदर बाजार रोड और एम.जी. रोड पर आदेश लागू रहेगा। पुलिस प्रशासन ने यातायात और सुरक्षा बनाए रखने के लिए सख्त कार्रवाई का संकेत दिया है।रायपुर के पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला ने शहर के व्यस्त मार्गों पर रैली और जुलूस पर प्रतिबंध लगाया है। यह आदेश नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत लागू हुआ है। आदेश 04 मई 2026 से प्रभावी हुआ और दो महीने तक जारी रहेगा। पुलिस कमिश्नर का कहना है कि यह कदम यातायात सुगमता और जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है।

इस आदेश के अनुसार, शहर में प्रातः 09:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक किसी प्रकार की रैली, शोभायात्रा, जुलूस या प्रदर्शन पर रोक रहेगी। मुख्य मार्ग जिन पर प्रतिबंध लागू होगा, उनमें जी.ई. रोड, मालवीय रोड, सदर बाजार रोड और एम.जी. रोड शामिल हैं।

पुलिस कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय शहर में भीड़भाड़ और ट्रैफिक जाम को रोकने के लिए लिया गया है। उनका कहना है कि नियमों का पालन करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। अगर कोई भी व्यक्ति इस अवधि में आदेश का उल्लंघन करता है, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शहरवासियों से अनुरोध किया गया है कि वे इस अवधि में रैली या जुलूस आयोजित न करें। लोग वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करें और किसी आपातकालीन स्थिति में पुलिस से पूर्व अनुमति लें। प्रशासन ने यह भी चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

रायपुर में रैली पर बैन प्रशासन की सख्ती और सुरक्षा प्राथमिकता को दर्शाता है। यह आदेश ना केवल यातायात को सुगम बनाएगा बल्कि जनता की सुरक्षा और सुविधा भी सुनिश्चित करेगा। प्रशासन ने यह कदम इसलिए उठाया है ताकि भीड़भाड़ वाले इलाकों में व्यवस्था बनी रहे, आपातकालीन सेवाओं में कोई बाधा न आए।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26